
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार,22 सितम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -167 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



भारत एक प्रमुख अंतरिक्ष शक्ति बनने की दिशा में... 02

■ भाजपा स्कूलों में बच्चों को टेबल-कुर्सी तक नहीं दे ...
■ भूमि पूजन के साथ शुरू हुई श्री रामलीला मंच द्वारका... 03

■ पाकिस्तान में आगामी जनवरी में होंगे आम चुनाव
■ ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कोविड-19 के देश पर प्रभाव ... 07

'पशमीना - धागे मोहब्बत के' में मां का किरदार... 10

# महिला आरक्षण बिल संसद से पास

## राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल सर्वसम्मति से पास, विरोध में कोई वोट नहीं पड़ा

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। संसद के स्पेशल सेशन के चौथे दिन राज्यसभा में भी महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) सर्वसम्मति से पास हो गया है। बिल के खिलाफ किसी ने वोट नहीं दिया। हाउस में मौजूद सभी 215 सांसदों ने बिल का समर्थन किया। अब यह बिल राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। उनकी मंजूरी मिलते ही यह कानून बन जाएगा। यह बिल लोकसभा में बुधवार को पास हुआ था। प्रक्रिया पूरी होने के बाद महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण मिलेगा।

### राजनीतिक फायदा लेने का मकसद नहीं : नड्डा

भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा- ये बिल महिलाओं पर अहसान नहीं, बल्कि उनका वंदन और अभिनंदन है। अगर ये बिल आज पास होता है तो 2029 तक 33व महिलाएं सांसद बनकर आ जाएंगी। वहीं, खड़गे ने कबीर का दोहा 'काल करे सो, आज कर' सुनाया और तुरंत आरक्षण लागू करने की मांग की।

जेपी नड्डा ने जवाब दिया कि भाजपा का उद्देश्य राजनीतिक फायदा लेने का नहीं है। सरकार नियमों से काम करती है और पक्का काम करने में विश्वास रखती है। इस पर विपक्षी सांसद 'नो-नो' करने लगे तो नड्डा ने कहा कि कि 'नो-नो' करने वालों को शासन करना नहीं आया। अगर शासन करना आता तो पता होता कि नियम-कानून भी कोई चीज है। सबसे पहले गुरुवार सुबह कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बिल पेश किया। इसके बाद कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने बिल के नाम पर आपत्ति जताते हुए कहा कि महिलाओं को वंदन नहीं, समानता चाहिए।



■ राज्यसभा में बिल के पक्ष में 215 वोट पड़े
■ संसद के दोनों सदनों में पास हुआ बिल

## महिला आरक्षण बिल जुमला न बने, इसे लागू किया जाए : खड़गे

### नोटबंदी की तरह आरक्षण लागू का फैसला भी तुरंत लीजिए



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मैं और मेरी पार्टी इस बिल का समर्थन करती है। यह बिल आने वाले है हमें इसकी जानकारी पहले से नहीं थी। लेकिन उपराष्ट्रपति जी को पहले से पता था कि बिल आने वाला है। आपने 4 सितंबर को जयपुर में कहा था कि वो दिन दूर नहीं जब देश की संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को बराबरी का अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने पहले कहा था, 2 करोड़ नौकरियां देंगे, 15-15 लाख सबके खाते में देंगे। बाद में उनसे पूछा गया कब देंगे तो कहा- ये तो चुनावी जुमला था। मैं चाहता हूं कि महिला आरक्षण बिल जुमला न बने, इसे लागू किया जाए। जैसे आपने नोटबंदी का निर्णय तुरंत लिया था, वैसे ही आरक्षण लागू करने का फैसला भी तुरंत लीजिए।

### प्रधानमंत्री ने सर्वसम्मति से बिल पारित करने की अपील की थी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने बिल पर सार्थक चर्चा की है, भविष्य में इस चर्चा का एक-एक शब्द काम आने वाला है। हर शब्द का अपना मूल्य है, महत्व है। सभी सांसदों ने अपने बयान के शुरुआत में कहा कि मैं बिल का समर्थन करता हूं। इसके लिए सबका आभार। यह इससे देश के जन-जन में आत्मविश्वास पैदा करेगा। सभी सांसदों और दलों ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। सभी सांसदों से अनुरोध है कि सर्व सम्मति से इसे पास करें।



## कुलियों से मिले राहुल सिर पर सामान उठाया

### आनंद विहार रेलवे स्टेशन पहुंचे राहुल

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को यहां एक रेलवे स्टेशन का दौरा कर और कुलियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं पर बात कर एक बार फिर लोगों को चौंका दिया। यहां उन्होंने कुली की लाल यूनिफॉर्म पहनी और बैज भी लगाया। इसके बाद उन्होंने सिर पर सामान उठाया। इस दौरान उनके साथ मौजूद कुली राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाते नजर आए। गांधी ने उनसे विस्तार से बात की और उनके सामने आने वाले मुद्दों पर चर्चा की। कांग्रेस नेता का दौरा कुछ महीनों बाद हो रहा है, जब कुछ कुलियों ने उनसे उनके मुद्दों को समझने और उनके उत्थान के लिए काम करने के लिए उनसे मिलने का आग्रह किया था। अपने व्हाट्सएप चैनल पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा, 'आज दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल पर काम करने वाले कुली भाइयों से मुलाकात हुई। मेरे मन में भी ये इच्छा बहुत दिनों से थी और उन्होंने मुझे बहुत प्यार से बुलाया भी था और भारत के मेहनती भाइयों की इच्छा हर कीमत पर पूरी होनी चाहिए।'

## सार संक्षेप

### एबीवीपी हिंसा, गुंडागर्दी फैला रही है : कन्हैया कुमार



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की छात्र इकाई नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया ने कहा है कि प्रतिष्ठित संस्थान दिल्ली विश्वविद्यालय में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की छात्र इकाई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) छात्र चुनाव में हिंसा और गुंडागर्दी फैला रही है जो कि शर्मनाक है और शासन तथा प्रशासन में बैठे लोगों को इसकी चिंता नहीं है। नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।

### मोदी राजस्थान में तीसरी वंदे भारत को दिखाएंगे हरी झंडी



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 सितंबर को राजस्थान में तीसरी वंदे भारत ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाएंगे। वंदे भारत ट्रेन उदयपुर-जयपुर मार्ग पर चलेगी, अधिकारियों ने कहा कि यह राजस्थान में तीसरी वंदे भारत ट्रेन होगी जो 25 सितंबर से राज्य में नियमित रूप से चलेगी। हालांकि यह ट्रेन 26 सितंबर को नहीं चलेगी।

### ज्योति जगताप की जमानत पर सुनवाई टली




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक्टीविस्ट ज्योति जगताप की जमानत याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी। वो भीमा कोरेगांव मामले में लगाए गए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत जेल में हैं। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने जगताप की ओर से पेश वकील अपर्णा भट्ट को मामले में जवाब दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया।

### डीजीसीए ने 57 एयरपोर्ट्स पर नए नियम लागू किए



**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने गुरुवार से अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप, 57 एयरपोर्ट्स पर एयर ट्रैफिक सर्विस में लगे एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स (एटीसीओ) के लिए वाच ड्यूटी टाइम लिमिटेशन और बाकी जरूरतों के संबंध में नए नियम लागू कर दिए हैं।

### चौथा 'नदी उत्सव' आज से राजधानी में होगा शुरू



**नई दिल्ली।** भारत में नदियों के किनारों पर विकसित प्राचीन संस्कृति के प्रति नई पीढ़ी की जागरुकता बढ़ाने और नदियों के स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करने के लिए राजधानी में शुक्रवार से तीन दिन का नदी उत्सव शुरु हो रहा है, जिसमें अन्य कार्यक्रमों के अलावा विषय से संबंधित 18 चुनिंदा फिल्में भी दिखाई जाएंगी।

## भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा बंद किया

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे पर भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। कनाडा में मौजूद भारत के वीजा एप्लिकेशन सेंटर ने गुरुवार को कनाडा के लोगों के लिए वीजा सेवाएं निलंबित कर दीं। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरंदिम बागची ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कनाडा में हमारे राजनयिक ईकाई को धमकियां मिल रही हैं। वे अपना काम नहीं कर पा रहे हैं। यही वजह है कि वीजा सर्विसेज निलंबित की गई हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमें काफी समय से पता है कि पाकिस्तान आतंकवाद का मददगार है और उन्हें पैसे भी देता है। वहीं, कनाडा आतंकियों को रहने और उनके मंसूबों को अंजाम देने की जगह दे रहा है।



■ भारत के राजनयिकों को को मिल रही धमकी
■ सरकार ने सुरक्षा कारणों से यह फैसला किया

### राजनयिकों की संख्या कम करने की घोषणा की

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के भारत विरोधी बयानों के बाद दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच कनाडा ने भारत में अपने राजनयिक मिशनों में राजनयिकों की संख्या कम करने की घोषणा की है। साथ ही यह भी कहा कि भारत में उसका दूतावास और वाणिज्य महादूतावास काम करते रहेंगे। यहां कनाडा के उच्चायोग ने गुरुवार को कहा कि उसके विदेश विभाग ने 'वर्तमान वातावरण' में अपने राजनयिकों के लिए भारत में बढ़ते खतरे को देखते हुए इस देश में काम करने वाले अपने अधिकारियों की संख्या को 'समायोजित' (कम) करने का निर्णय किया है। इससे पहले, भारत ने कनाडा में रहने वाले अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की थी।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का राष्ट्रपति मुर्मू ने किया शुभारंभ'

■ देवेंद्र सिंह

**ग्रेटर नोएडा,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के इकोनॉमिक ग्रोथ की उपलब्धि सराहनीय है। प्रदेश ना सिर्फ भारत में सबसे तेजी से बढ़ती हुई राज्य अर्थव्यवस्था है बल्कि देश के 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने के संकल्प को पूरा करने में यूपी का योगदान अहम है।

इसके लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी पूरी टीम का प्रयास सराहनीय है। ये बातें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के शुभारंभ के अवसर पर कही। उन्होंने ट्रेड शो में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए यहां आयोजित प्रदर्शनी को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।



■ राष्ट्रपति' ने कहा, उत्तर प्रदेश की इकोनॉमिक ग्रोथ की उपलब्धि सराहनीय
■ निवेश, अर्थव्यवस्था व इन्फ्रास्ट्रक्चर में यूपी की विकास यात्रा को सराहा'

> भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के संकल्प को पूरा करने में यूपी का अहम योगदान : द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति'

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा' की

राष्ट्रपति ने कहा कि इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए यूपी के उत्पादों को देश-विदेश के बाजारों तक पहुंचाने का प्रयास बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस ट्रेड शो में 2000 से अधिक निर्माता अपने उत्पादों को प्रदर्शित कर रहे हैं। स्थापित औद्योगिक घरानों से लेकर नये उद्यमियों और विभिन्न दूतावासों के प्रतिनिधि यहां मौजूद हैं, जिससे यहां के उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने में सहूलियत मिलेगी। उत्तर प्रदेश ने पिछले 6 साल में देश के आर्थिक विकास में अपना विशेष योगदान दिया है। यूपी की जीडीपी 2016-17 में 13 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 22 लाख करोड़ पहुंच गई है।

### मील का पत्थर साबित होगा ट्रेड शो'

उन्होंने कहा कि जी- 20 सम्मेलन में सर्वसम्मति से अपनाए गए डिक्लेरेशन में अनलॉकिंग ट्रेड फॉर ग्रोथ के अंतर्गत लोकल वैल्यू क्रियेशन और एमएसएमई के सामने आने वाली चुनौतियों को पहचानने तथा एमएसएमई को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जोड़ने के लक्ष्यों को शामिल किया गया है। विश्व के विभिन्न देशों के 400 से अधिक बायर्स इस ट्रेड शो में भाग ले रहे हैं। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो जी-20 के लक्ष्यों के अनुरूप भारत के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो को प्रदेश की विकास यात्रा में मील का पत्थर बताया।

### चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दी जानकारी

## आधार नंबर को मतदाता सूची से जोड़ना अनिवार्य नहीं

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि मतदाता पंजीकरण (संशोधन) नियम 2022 के तहत आधार संख्या को मतदाता सूची से जोड़ना अनिवार्य नहीं है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ को हाल ही में चुनाव आयोग द्वारा सूचित किया गया था कि मतदाता सूची को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में 66 करोड़ से अधिक आधार नंबर पहले ही अपलोड किए जा चुके हैं। इसके अलावा, चुनाव आयोग ने शीर्ष अदालत के समक्ष कहा कि वह फॉर्म में स्पष्टीकरण परिवर्तन जारी करने पर विचार कर रहा है, क्योंकि 2022 के नियम 26-बी के तहत आधार संख्या जमा करना अनिवार्य नहीं है। कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी. निरंजन ने एक याचिका दायर कर चुनाव आयोग को फॉर्म-6 (नए मतदाताओं के लिए आवेदन पत्र) और फॉर्म-6बी (चुनावी उद्देश्यों के लिए आधार संख्या की जानकारी का पत्र) में संशोधन करने का निर्देश देने की मांग की थी। इसमें कहा गया है कि मौजूदा फॉर्म मतदाता को आधार प्रदान करने के लिए मजबूर करते हैं, हालांकि चुनाव आयोग का दावा है कि आधार विवरण जमा करना स्वैच्छिक है। अनुच्छेद 32 के तहत दायर रिट याचिका में आरोप लगाया गया है कि चुनाव आयोग अपने अधिकारियों पर मतदाताओं की आधार संख्या एकत्र करने के लिए जोर दे रहा है और राज्य अधिकारी गांव और बूथ स्तर के अधिकारियों पर मतदाताओं से आधार संख्या एकत्र करने के लिए दबाव डाल रहे हैं। इसमें दावा किया गया कि जमीनी स्तर के अधिकारी मतदाताओं को अपने आधार नंबर जमा करने के लिए मजबूर कर रहे हैं।





■ 66 करोड़ से अधिक आधार नंबर पहले ही किए जा चुके अपलोड

## चंद्रयान-3 को फिर जगाने की कोशिश करेगा इसरो

**बेंगलुरु,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर के एक बार फिर जागने की उम्मीद है। 14 दिनों की रात के बाद चांद के दक्षिण ध्रुवीय हिस्से पर एक बार फिर सूरज की रोशनी पहुंचने लगी है। इसरो स्लीप मोड पर डाले गए विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर से 22 सितंबर को संपर्क करने की कोशिश करेगा।

इसरो के मुताबिक, लैंडर और रोवर के सोलर पैनल पर सूरज की रोशनी पड़ते ही ये काम करना शुरू कर सकते हैं। इसरो ने 4 सितंबर को विक्रम लैंडर को स्लीप मोड में डाल दिया था। इससे पहले 2 सितंबर को प्रज्ञान रोवर को स्लीप मोड में डाला गया था। लैंडर ने स्लीप मोड में जाने से पहले पेलोड्स के जरिए चांद पर नई जगहों की जांच-पड़ताल की थी। उसके बाद ही विक्रम लैंडर को सोने का कमांड दिया गया। फिलहाल सारे पेलोड्स बंद हैं। सिर्फ रिसीवर ऑन है, ताकि वह बेंगलुरु से कमांड लेकर फिर से काम कर सके। चंद्रयान-3 मिशन 14 दिनों का ही है। ऐसा इसलिए क्योंकि चांद पर धरती के 14 दिन के बराबर एक दिन होता है।



■ दक्षिण ध्रुव पर सूरज की रोशनी पहुंचने लगी,
■ इसरो आज संपर्क करने की कोशिश करेगा

## मध्य प्रदेश में नर्मदा के पानी से हजारों परिवार बेघर

**भोपाल,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में हुई बारिश और उसके बाद नर्मदा नदी पर बने बांधों का जलस्तर बढ़ने से चार जिलों के डेढ़ सौ से ज्यादा गांव में बड़ा नुकसान हुआ है। नर्मदा बचाओ आंदोलन का आरोप है कि प्रशासन के जल स्तर के गलत निर्धारण की वजह से हजारों परिवारों की जिंदगी को मुश्किल भरा बना दिया है। बीते दिनों की बारिश से बांधों का जलस्तर बढ़ा तो वहीं बैक वाटर भी गांवों तक पहुंच गया। इसके चलते धार, बड़वानी, खरगोन व अलिराजपुर के कई गांव पर असर पड़ा।



जलस्तर बढ़ने से डेढ़ सौ से ज्यादा गांव में बड़ा नुकसान

### घोषणा — रेलवे बोर्ड ने लागू किए नए नियम

## रेलवे ने दुघर्टना मुआवजा राशि 10 गुना बढ़ाई

**नई दिल्ली, 21 सितम्बर (एजेंसियां)। रेलवे बोर्ड ने रेल दुर्घटना में मिलने वाले मुआवजा को 10 गुना बढ़ा दिया है। अब अगर ट्रेन हादसे में किसी की मौत हो जाती है तो उसके परिजन को 50 हजार रुपए की जगह 5 लाख रुपए सहायता राशि मिलेगी। गंभीर घायल व्यक्ति को 25 हजार रुपए की जगह 2.5 लाख रुपए दिए जाएंगे। साथ ही मामूली चोट लगने पर 5 हजार की जगह 50 हजार रुपए का मुआवजा मिलेगा।**

रेलवे ने कहा कि अगर किसी ट्रेन में आतंकी हमला, डकैती या फिर किसी भी तरह का हिंसक हमला होता है तो उनके पीड़ितों को भी मुआवजा दिया जाएगा। रेलवे बोर्ड ने 18 सितंबर 2023 को एक सर्कुलर जारी करके मुआवजा राशि बढ़ाने की जानकारी दी थी। अब इसे लागू कर दिया गया है। ये नियम 18 सितंबर से लागू कर दिए गए हैं। इससे पहले 2012-2013 में इस राशि में संशोधन किया गया था।





■ हादसे में जान गई तो 50 हजार की जगह 5 लाख मिलेंगे
■ चोरी-डकैती होने पर भी पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा

### दुर्घटना में घायलों का खर्चा भी सरकार उठाएगी

रेलवे ने कहा कि अगर कोई घायल अस्पताल में तीस दिन से ज्यादा भर्ती रहता है तो उसका बिल सरकार देगी। मरीज कितना गंभीर रूप से घायल हुआ है, उस आधार पर प्रतिदिन 3,000, 1,500 और 750 रुपए का खर्च मिलेगा। यह पैसा भर्ती होने के 10 दिन का समय पूरा होने पर या फिर डिस्चार्ज होने के बाद दिए जाएंगे। आतंकी हमला, डकैती या फिर किसी तरह की हिंसक घटना पर प्रतिदिन के हिसाब से 1,500 या 750 रुपए दिए जाएंगे। सर्कुलर के मुताबिक, रेलवे की गलती की वजह से अगर किसी का रेलवे गेट पर एक्सीडेंट हो जाता है तो वो भी मुआवजा पाने के लिए मान्य होगा। हालांकि, रेलवे स्टेशन पर करंट लगने से किसी की मौत होती है तो सहायता राशि नहीं दी जाएगी।

# देश

**उवाच** "जल विवाद पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) के आदेशों पर नहीं बल्कि जमीनी हकीकत पर आधारित होना चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कर्नाटक को अगले 15 दिनों के लिए प्राधिकरण के आदेशों का पालन करने का निर्देश दिया गया है:- **बसवराज बोम्मई, पूर्व मुख्यमंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.2 | 27.3 |
| मुंबई | 31.7 | 25.7 |
| कोलकाता | 29.1 | 26.1 |
| चेन्नई | 33.6 | 24.7 |

# भारत एक प्रमुख अंतरिक्ष शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है: बिरला

## लोक सभा में आज चंद्रयान-3 मिशन की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की अन्य उपलब्धियों को लेकर चर्चा की गई

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। लोक सभा में चंद्रयान-3 मिशन की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की अन्य उपलब्धियों को लेकर चर्चा हुई। इस अवसर पर सत्र की अध्यक्षता करते हुए लोक सभा अध्यक्ष, ओम बिरला ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की इस शानदार उपलब्धि पर देशवासियों को बधाई दी। श्री बिरला ने कहा कि इन उपलब्धियों से प्रत्येक भारतीय गौरवान्वित हुआ है और वैश्विक स्तर पर हमारे देश का कद बढ़ा है। 23 अगस्त, 2023 के ऐतिहासिक दिन का उल्लेख करते हुए, बिरला ने इस तथ्य की सराहना की कि उस दिन भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन की सफलता भारतीय वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की अथक प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो ब्रह्मांड के सुदूरतम क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए लगातार प्रयास करते आए हैं । इस बात का उल्लेख करते हुए कि भारत ने चंद्रयान-3 की सफलता को विश्व के वैज्ञानिक समुदाय और पूरी मानवता को समर्पित किया है, श्री बिरला ने यह भी कहा कि प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा से जो अमूल्य जानकारी भेजी है, उससे अंतरिक्ष के बारे में मानव ज्ञान में वृद्धि होगी और भावी खोजों का मार्ग प्रशस्त होगा।

23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में



**चंद्रयान-3 मिशन, अंतरिक्ष क्षेत्र की इन उपलब्धियों से प्रत्येक भारतीय गौरवान्वित हुआ है और वैश्विक स्तर पर हमारे देश का कद बढ़ा है:-ओम बिरला, अध्यक्ष लोक सभा**

मनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि यह एक ऐसा दिन होगा जो आने वाली पीढ़ियों को जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। चंद्रमा पर चंद्रयान-2 के पदचिह्न का नाम 'तिरंगा प्वाइंट' और चंद्रयान-3 के लैंडिंग स्थल का नाम 'शिव शक्ति प्वाइंट' रखने का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि ये नाम भारत की सदियों पुरानी विरासत के प्रति सम्मान के साथ ही हमारी वैज्ञानिक महत्वाकांक्षाओं और प्रयासों के प्रतीक भी हैं। बिरला ने कहा कि चंद्रयान-3 और आदित्य-एल1, सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम होने के साथ ही, भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी शक्ति और लोगों की प्रतिभा और क्षमता के उदय के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि दोनों मिशनों में बड़ी संख्या में महिला वैज्ञानिकों ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया, जो नए भारत के निर्माण में महिलाओं के योगदान को दर्शाता है। सभा को यह सूचित करते हुए कि दोनों मिशन पूरी तरह से भारत में डिजाइन और निर्मित किए गए हैं, श्री बिरला ने इस बात का उल्लेख भी किया कि जो बात भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को दूसरों से अलग करती है, वह सभी परियोजनाओं की कम लागत है जिससे अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं के साथ-साथ भारतीय वैज्ञानिकों की प्रतिभा का परिचय भी मिलता है।

### प्रधान मंत्री बनने से बहुत पहले से ही प्रधान मंत्री जी की अंतरिक्ष में गहरी रुचि रही: ओम बिरला

ओम बिरला ने कहा कि प्रधान मंत्री बनने से बहुत पहले से ही प्रधान मंत्री जी की अंतरिक्ष में गहरी रुचि रही है और चंद्रयान मिशन से उनका गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। श्री बिरला ने कहा कि कोविड-19 के समय, जब पूरी दुनिया संकट से जूझ रही थी, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष सहित देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सुधार लाने के लिए इस संकट का उपयोग एक अवसर के रूप में किया। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि पिछले कुछ वर्षों में अंतरिक्ष स्टार्ट-अप की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये उपलब्धियाँ भावी पीढ़ियों को बड़े सपने देखने और उन सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि सभी भारतीय 2047 तक एक विकसित भारत के लिए मिलकर काम करने के लिए स्वयं को पुन: समर्पित करेंगे ।

### शांति, सहिष्णुता, करुणा और सहयोग पर आधारित विश्व व्यवस्था के लिए कार्य करें: ओम बिरला

सभा की अध्यक्षता करते हुए श्री बिरला ने कहा कि 21 सितम्बर को अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस का विषय 'शांति के लिए कार्रवाई, वैश्विक लक्ष्यों के लिए हमारी आकांक्षा, है जिसका उद्देश्य सभी देशों में और सभी लोगों के बीच शांति के आदर्शों का स्मरण करना और उन्हें सुदृढ़ बनाना है। बिरला ने सभा से संवाद, संवेदनशीलता, सहिष्णुता और सहयोग की भावना से कार्य करने का आह्वान किया ताकि हम एक शांतिपूर्ण विश्व के सपने को साकार कर सकें।

## संसद से

### बीजेपी ने नरेंद्र मोदी के रूप में दिया पहला ओबीसी प्रधानमंत्री -जेपी नड्डा

**नई दिल्ली**, 21 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने महिला आरक्षण बिल में ओबीसी महिलाओं को आरक्षण दिए जाने की मांग की है। कांग्रेस को जवाब देते हुए जेपी नड्डा ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए ने नरेंद्र मोदी के रूप में देश को पहला ओबीसी प्रधानमंत्री दिया है। इस पर विपक्ष के कई सांसद और एचडी देवेगौड़ा के समर्थक सदन में नाराज होकर शोर मचाने लगे। इन सांसदों का कहना था कि पहले ओबीसी प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा हैं। नड्डा ने इन सांसदों को शांत कराते हुए कहा कि देवेगौड़ा हमारे अपने हैं और वह कांग्रेस के लिए बोल रहे हैं। महिला आरक्षण विधेयक पर राज्यसभा में बोलते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हमने नारी को शक्ति के रूप में देखा, देवी के रूप में देखा और समाज को दृष्टि देने वाली के रूप में देखा। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जी20 में दुनिया को बताया कि यह केवल नारी सशक्तीकरण नहीं, बल्कि नारियों के नेतृत्व में हो रहा विकास है।

### पीएम मोदी ने लोक सभा से महिला आरक्षण बिल पास करने के लिए सभी दलों के सांसदों का जताया आभार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोक सभा में सभी सांसदों, सभी राजनीतिक दलों और सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा है कि कल (बुधवार) भारत की संसदीय यात्रा का स्वर्णिम पल था। इस सदन के सभी सदस्य उस स्वर्णिम पल के हकदार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को ऐतिहासिक समर्थन के साथ महिला आरक्षण से जुड़े विधेयक को पारित करने के लिए सभी सांसदों और सभी दलों के नेताओं के प्रति आभार जताते हुए और धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी उस स्वर्णिम पल के हकदार हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि कल सबने जो योगदान दिया, समर्थन दिया और सार्थक चर्चा की, उसके लिए सदन के नेता के तौर पर सच्चे और पूरे दिल से आदरपूर्वक से वे धन्यवाद करते हैं, आभार जताते हैं और अभिनंदन करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आज राज्य सभा से भी इस बिल के पारित होने की उम्मीद जताते हुए कहा कि आज राज्य सभा के बाद जब हम अंतिम पड़ाव भी पूरा कर लेंगे, देश की मातृशक्ति का जो मिजाज बदलेगा, जो विश्वास पैदा होगा वो देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली एक अकल्पनीय, अप्रतीम शक्ति के रूप उभरेगा, ऐसा वह अनुभव करते हैं।

### राज्यसभा में पेश हुआ महिला आरक्षण बिल, आयोग तय करेगा महिला सीटें

नई दिल्ली। गुरुवार को राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक पेश कर दिया गया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल (128 संविधान संशोधन विधेयक) पेश किया। यह बिल लोकसभा में पहले ही पास हो चुका है। सरकार का कहना है कि बिल पास होने के बाद जनगणना होगी, सीटों का डीलिमिटेशन होगा। यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है। कौन सी सीट महिलाओं को दी जाएगी यह तय करने का कार्य डीलिमिटेशन आयोग करेगा। मेघवाल ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ता हुआ कदम है, साथ ही दुनिया को दिशा दिखाने वाला एक महत्व महत्वपूर्ण कदम है। राज्यसभा में बिल पेश करते समय मेघवाल ने कहा कि इस बिल के माध्यम से लोकसभा और देश की सभी विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें नारी शक्ति के लिए आरक्षित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से एससी एसटी वर्ग की महिलाओं को भी आरक्षण दिया जाएगा, इसलिए जनगणना और डीलिमिटेशन आवश्यक है।

### चीन पर लोक सभा में राजनाथ सिंह और अधीर रंजन के बीच तीखी बहस

नई दिल्ली। चीन पर चर्चा को लेकर लोक सभा में गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के बीच तीखी बहस हुई। चौधरी के चीन पर बहस करने की चुनौती का जवाब देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि चीन पर चर्चा के लिए पूरी हिम्मत है और वे सीना चौड़ा कर चर्चा के लिए (चीन पर) तैयार हैं। दरअसल, राजनाथ सिंह गुरुवार को लोक सभा में चंद्रयान-3 की सफलता और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की अन्य उपलब्धियों पर सरकार की तरफ से बोल रहे थे। उनके भाषण के बीच में ही अधीर रंजन चौधरी ने उनसे पूछा कि, क्या चीन पर चर्चा करने की हिम्मत है? राजनाथ सिंह ने अधीर रंजन चौधरी को जवाब देते हुए कहा, 'पूरी हिम्मत है, पूरी हिम्मत है।' इस बीच अधीर रंजन चौधरी सहित कई विपक्षी सांसदों ने पूछना शुरू कर दिया कि चीन ने हमारे देश की कितनी भूमि पर कब्जा किया है। इस पर राजनाथ सिंह ने अधीर रंजन चौधरी को संबोधित करते हुए फिर कहा कि, 'पूरी हिम्मत है, अधीर जी इतिहास में मत ले जाओ, चर्चा के लिए तैयार हूं।

## सार संक्षेप

### झारखंड के गिरिडीह में 5 करोड़ की लूट का मास्टरमाइंड कन्याकुमारी से गिरफ्तार, 77 लाख बरामद

**रांची।** झारखंड के गिरिडीह जिले के जमुआ में गुजरात के कारोबारी से 21 जून को हुई 5 करोड़ रुपए की लूट के मास्टरमाइंड खिरोधर साव उर्फ गुलाब साह को पुलिस ने कन्याकुमारी से गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 77 लाख रुपए भी बरामद किए गए हैं। इस मामले के छह आरोपियों को दो महीने पहले ही गिरफ्तार किया गया था और उनके पास से 3 करोड़ 24 लाख रुपए बरामद किए गए थे। गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार ने एक प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। लूट की घटना जमुआ-गिरिडीह मुख्य मार्ग के बाटी मोड़ के पास 21 जून की रात हुई थी। गुजरात निवासी जगत सिंह जडेजा और उनके सहयोगी मयूर सिंह क्रेटा एसयूवी कार में 5 करोड़ रुपए लेकर पटना से कोलकाता जा रहे थे। गिरिडीह के जमुआ थाना अंतर्गत बाटी मोड़ के पास अपराधियों ने ओवरटेक कर गाड़ी रुकवाई और रकम लूट ली थी।

### आज पीएम मोदी का भाजपा कार्यालय में महिला सांसद और कार्यकर्ता करेंगी स्वागत

**नई दिल्ली।** लोकसभा और देश की विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले विधेयक 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' (128 वां संविधान संशोधन) को लेकर भाजपा ने शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत करने की योजना बनाई है। भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में पार्टी की दोनों सदनों-लोकसभा एवं राज्यसभा की सभी महिला सांसदों के साथ-साथ महिला पदाधिकारी एवं दिल्ली-एनसीआर से जुड़े आसपास की हजारों महिला कार्यकर्ता शुक्रवार को सुबह 9 बजे महिलाओं के हित से जुड़े ऐतिहासिक कानून को सदन से पारित करवाने के लिए दिल्ली स्थित पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करेंगी। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचकर स्वयं पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर शुक्रवार को किए जाने वाले प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत समारोह की तैयारियों का जायजा लिया।

### कलकत्ता हाई कोर्ट ने सहकारी समिति घोटाले में सीबीआई जांच पर पिछला आदेश बरकरार रखा

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को एकल-न्यायाधीश पीठ के पहले के आदेश को बरकरार रखा जिसमें पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में एक सहकारी समिति द्वारा कथित मनी लॉन्ड्रिंग की सीबीआई जांच का निर्देश दिया गया था। 25 अगस्त को, कलकत्ता उच्च न्यायालय की जलपाईगुड़ी सर्किट बेंच ने 25 अगस्त को अलीपुरद्वार में नकद ऋण देने वाली सहकारी समिति के खिलाफ आरोपों पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच का आदेश दिया। यह आदेश सर्किट बेंच में कल्पना दास सरकार द्वारा दायर एक याचिका पर आधारित था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि सहकारी समिति ने पहले निवेशकों से भारी मात्रा में जमा राशि एकत्र की और फिर उससे जुड़े लोगों को ऋण के रूप में पैसा वितरित किया।


# महिला आरक्षण बिल: महिला उपाध्यक्षों के पैनल ने कराई चर्चा

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्यसभा ने महिला आरक्षण बिल पर चर्चा के दौरान एक नया रिकॉर्ड बनाया है। राज्यसभा में महिला उपाध्यक्षों के एक बड़े पैनल के नेतृत्व में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा की गई। पीटी उषा से लेकर जया बच्चन और कनिमोझी से लेकर डोला सेन तक एक दिन के लिए कुल 13 महिला उपाध्यक्ष बनाई गईं। उपाध्यक्षों के पैनल में नामांकित महिला राज्यसभा सदस्यों में पीटी. उषा, एस. फांगनोन कोन्याक, जया बच्चन, सरोज पांडे, रजनी अशोकराव पाटिल, डॉ. फौजिया खान, डोला सेन, इंदु बाला गोस्वामी, कनिमोझी एनवीएन सोमू, कविता पाटीदार, महुआ माजी, डॉ. कल्पना सैनी, सुलता देव शामिल रहीं। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए राज्यसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक, 2023 पर चर्चा के लिए 13 महिला राज्यसभा सदस्यों के उपाध्यक्ष पैनल का पुनर्गठन किया था।

उपराष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि इस पद पर उनकी उपस्थिति से विश्वभर में एक शक्तिशाली संदेश जाएगा और यह इस बात का प्रतीक होगा कि परिवर्तन के इस युगांतकारी क्षण के दौरान वे (महिलाएं) एक 'प्रभावशाली पद' पर थीं। गुरुवार को राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक प्रस्तुत किया गया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल (128 संविधान संशोधन विधेयक) पेश किया। यह बिल लोकसभा में पहले ही पास हो चुका है। सरकार का कहना है कि बिल पास होने के उपरांत जनगणना होगी, सीटों का डीलिमिटेशन होगा। यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है। कौन सी सीट महिलाओं को दी जाएगी यह तय करने का कार्य डीलिमिटेशन आयोग करेगा। केंद्रीय कानून व न्याय मंत्री मेघवाल ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि यह महिला सशक्तीकरण की दिशा में बढ़ता हुआ कदम है, साथ ही दुनिया को दिशा दिखाने वाला एक महत्व महत्वपूर्ण कदम है। राज्यसभा में बिल पेश करते समय मेघवाल ने कहा कि बिल के माध्यम से लोकसभा और देश की सभी विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें नारी शक्ति के लिए आरक्षित की जाएगी।



- **पीटी उषा से लेकर जया बच्चन और कनिमोझी से लेकर डोला सेन तक एक दिन के लिए कुल 13 महिला उपाध्यक्ष बनाई गईं**
- **राज्यसभा ने महिला आरक्षण बिल पर चर्चा के दौरान एक नया रिकॉर्ड बनाया**



## विधानसभा में बहस के दौरान गायब रहने वाले विधायकों पर तृणमूल कांग्रेस करेगी कार्रवाई

**कोलकाता,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस ने उन विधायकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का फैसला किया है, जो पश्चिम बंगाल विधानसभा के पिछले दो महत्वपूर्ण सत्रों के दौरान बिना उचित आधार के और पार्टी के मुख्य सचेतक को सूचित किए बिना गायब थे। पार्टी सुप्रीमो और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भविष्य में ऐसे दोषी विधायकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करेंगी। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में पार्टी की अंतर-अनुशासन समिति ने बुधवार देर शाम एक बैठक में निर्णय लिया, इसकी अध्यक्षता राज्य के संसदीय कार्य और कृषि मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने की। बैठक में राज्य के वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, राज्य के बिजली मंत्री अरूप विश्वास और कोलकाता के मेयर और राज्य नगरपालिका मामलों और शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम सहित अन्य उपस्थित थे। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि बंगाली नव वर्ष दिवस को पश्चिम बंगाल के लिए राज्य दिवस घोषित करने के महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर बहस के दौरान कई पार्टी विधायकों की अनुपस्थिति से मुख्यमंत्री विशेष रूप से नाराज हो गईं।



## महिला आरक्षण को जल्द लागू करना चाहिए, जनगणना नहीं होने से होगी देरी : नीतीश कुमार

**पटना,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को कहा कि महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पारित हो गया। इसे जल्द लागू करना चाहिए। जनगणना नहीं होने के कारण इसमें देरी होगी। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग तो शुरू से चाहते हैं कि महिला आरक्षण बिल पास हो, अब यह लोकसभा से पास हो गया है। महिला आरक्षण को जल्दी से लागू करना चाहिए। ये लोग जनगणना नहीं करवाये हैं, इसलिए इसमें देरी होगी। उन्होंने कहा कि इस काम को और तेजी से करना चाहिए जिस तरह से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को आरक्षण दिया गया है, उसी तरह से इसमें पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को भी आरक्षण मिलना चाहिए। जाति आधारित जनगणना की मांग से संबंधित पत्रकारों के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग 'यंगर एज' से इसकी मांग करते रहे हैं। जनगणना का काम वर्ष 2021 में होना चाहिए था, जो नहीं हुआ, ये सब काम करा दिए जायेंगे तो लोगों को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि हमलोगों का यही उद्देश्य है कि महिला आरक्षण बिल जल्द लागू हो जाए, इससे महिलाओं का काफी उत्थान होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 1931 से जनगणना का काम किया जा रहा है। प्रत्येक दस वर्ष पर जनगणना का काम किया जाता है, यह पिछली बार नहीं किया गया, ये अच्छी बात नहीं है, जल्दी से इस काम को शुरू करना चाहिए। महिला आरक्षण को लागू करने में इन्हें देरी होगी, जब महिला आरक्षण लागू हो जाएगा तो मुझे बहुत खुशी होगी। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सीताराम येचुरी से मुलाकात के प्रश्न का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के नेताओं से हमारी मुलाकात होती रहती है, आपस में बातचीत होती रहती है।

# ओंकारेश्वर में आचार्य शंकर की 108 फीट ऊंची मूर्ति का अनावरण

- **मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया आचार्य शंकर की प्रतिमा का अनावरण**
- **मूर्ति अनावरण से पहले हुआ 21 कुंडीय महायज्ञ**

**ओंकारेश्वर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। मंधाता पर्वत पर अष्टधातु से निर्मित 108 फीट ऊंची आचार्य शंकर की प्रतिमा का अनावरण मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। इससे पहले सैकड़ों संतों ने 21 कुंडीय महायज्ञ में भाग लिया और पूरे विधि विधान से यह कार्य संपन्न हुआ। एकात्मता की मूर्ति का अनावरण और अद्वैत लोक का भूमि एवं शिला पूजन दक्षिणाम्नाय श्रृंगेरी शारदापीठ के मार्गदर्शन में हुआ। सनातन के ध्वजवाहक आचार्य शंकर के व्यक्तित्व और उनके सिद्धांतों को लेकर नया विमर्श ओंकारेश्वर की भूमि से एक बार फिर शुरु हो रहा है।

### 21 कुंडीय यज्ञ में सैकड़ों संतों की रही भागीदारी

नर्मदा नदी के तट पर मंधाता पर्वत पर आचार्य शंकर की 108 फीट ऊंची मूर्ति के अनावरण से पहले उत्तरकाशी के स्वामी ब्रहोन्द्रानन्द तथा 32 संन्यासियों द्वारा प्रस्थानत्रय भाष्य पारायण और दक्षिणाम्नाय श्रृंगेरी शारदापीठ के मार्गदर्शन में देश के लगभग 300 विख्यात वैदिक आर्चकों द्वारा वैदिक रीति पूजन तथा 21 कुंडीय हवन किया गया।

### अद्वैतमय हुआ ओम्कारेश्वर

मुख्यमंत्री ने आदि शंकराचार्य जी की ज्ञान भूमि ओम्कारेश्वर में 108 फीट ऊंची भव्य और दिव्य प्रतिमा 'एकात्मता की मूर्ति' का अनावरण एवं 'अद्वैत लोक' का शिलान्यास किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आध्यात्मिक ऊर्जा से अनुप्राणित आचार्य शंकर के श्रीचरणों में ही शुभता और शुभत्व है। संपूर्ण जगत के कल्याण का सूर्य अद्वैत के मंगलकारी विचारों में ही निहित है।

### संपूर्ण विश्व को 'एकात्मता' का संदेश दे रहा मध्यप्रदेश

एकात्मकता का प्रतीक इस प्रतिमा को स्टैच्यू ऑफ वननेस का नाम दिया गया है। आदि शंकराचार्य जी की प्रतिमा में 12 साल के आचार्य शंकर की झलक नजर आ रही है। दरअसल, ओंकारेश्वर आचार्य शंकर की ज्ञान भूमि और गुरु भूमि है। यहीं उनको गुरु गोविंद भगवत्पाद मिले। आचार्य शंकर ने यहां पर चार वर्ष रहकर विद्या अध्ययन किया।



■ संसद भवन में मीडिया संस्थानों के संवाददाताओं के लिए गुरुवार को डिजिटल संसद वेबसाइट के प्रभावी प्रयोग के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लोकसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने इसके बारे में उन्हें जानकारी दी।

## राजनीति | लोकसभा चुनाव से पहले सपा ने कांग्रेस पर बनाया दबाव

# पार्टी छत्तीसगढ और मध्यप्रदेश में कर रही चुनाव लड़ने की तैयारी

**नई दिल्ली, 21 सितम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को मात द्रेने के लिए बना इंडिया गठबंधन फिलहाल आपस में ही उलझता दिखाई पड रहा है। संर्वाधिक 80 सांसदों वाले सूबे उत्तरप्रदेश की प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के सामने चुनौती पेश कर दी है।**

माना जा रहा है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के इस फैसले से साल के आखिर में होने जा रहे छत्तीसगढ और मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की राह मुश्किल हो सकती है।

दिल्ली में सपा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सपा छत्तीसगढ की 90 विधानसभा सीटों में पार्टी कम से कम 40 सीटों पर चुनाव लडने पर विचार कर रही है।

पिछले चुनाव में पार्टी ने यहां से 10 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था और सभी पराजि हो गए थे। इसको अलावा मध्यप्रदेश जहां कांग्रेस पार्टी शिवराज सिंह की अगुवाई वाली भाजपा सरकार को उखाड़ फेकने का दावा कर रही है,वहां भी सपा ने अपने उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया है। अभी तक एक दर्जन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा भी की जा चुकी है। माना जा रहा है कि यह सपा कि दबाव की रणनीति है। इसके तहत वह कांग्रेस पार्टी को बातचीत के लिए मजबूर करना चाहती है।

सपा की रणनीति हैकि या तो दोनों राज्यों में कांग्रेस उसके साथ समझौता कर ले और अगर समझौता नहीं भी हुआ तो लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बटवारे के समय उत्तरप्रदेश में वह कांग्रेस पार्टी को कोई रियायत नहीं देगी और दर्जन भर सीटों पर ही उसे सिमटा देगी।

फिलहाल अखिलेश यादव 25 सितम्बर को छत्तीसगढ जा रहे हैं। वहां वे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के साथ ही एक जनसभा को संबोधित करेंगे, इसके अलावा सूत्र बता रहे हैं कि इस यात्रा के दौरान वे सूबे के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भी मुलाकात करेंगें।



- **अभी तक एक दर्जन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा भी की जा चुकी**
- **अखिलेश यादव 25 सितम्बर को छत्तीसगढ जा रहे, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भी मुलाकात करेंगे**

उल्टा पुल्टा

भूत का बेटा अपने पापा से बोला
हम कितने डरावने हैं
भूत : बेटा ज्यादा घमंड नहीं करते
अभी तूने लड़कियों का बिना मेकअप नहीं देखा।

# भाजपा स्कूलों में बच्चों को टेबल-कुर्सी तक नहीं दे पाई : डॉ शैली

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। एमसीडी के स्कूलों में अब बच्चों को जमीन पर नहीं बैठना पड़ेगा। सीएम अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर एमसीडी स्कूलों में बदलाव शुरूआत हो चुकी है। एमसीडी के सभी स्कूलों में केजरीवाल सरकार के स्कूलों की तरह डेस्क और चेयर लगाई जाएंगी। 800 स्कूलों में डेस्क लगाने के साथ इस पहल की शुरुआत हो चुकी है। स्कूलों में डेस्क-कुर्सी लगाने का काम अक्टूबर के पहले सप्ताह में पूर्ण हो जाएगा।

मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने केशवपुरम जोन के निगम प्रतिभा विद्यालय सरस्वती विहार में लगाई गई डेस्क का आज निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में डेस्क और कुर्सी की सुविधा मिलेगी। ऐसा पहली बार है जब नर्सरी के बच्चों के लिए भी डेस्क और कुर्सी होंगी। एमसीडी के 800 स्कूलों के लिए 37484 कुर्सी और 6246 डेस्क मंगाई गई हैं। इसके अलावा 287 अलमारी और 287 रैक के आदेश जारी किए गए हैं। इन्हें चरणबद्ध तरीके से स्कूलों में लगाया जाएगा। 03 अक्टूबर 2023 तक यह काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद एमसीडी के स्कूलों में बच्चों को जमीन पर नहीं बैठना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर एमसीडी स्कूलों में बदलाव की शुरूआत हो चुकी है। सीएम अरविंद केजरीवाल निगम विद्यालयों के आधारभूत ढांचे में सुधार के लिए अत्यंत गंभीर हैं।



उनकी तरफ से स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी छात्र जमीन पर नहीं बैठना चाहिए। एमसीडी में 15 साल सरकार चलाने के बाद भी भाजपा स्कूलों में बच्चों को टेबल-कुर्सी तक नहीं दे पायी। लेकिन अब एमसीडी के स्कूलों में बच्चों को जमीन पर नहीं बैठना पड़ेगा।

केजरीवाल सरकार के शिक्षा मॉडल को निगम में भी लागू किया जा रहा

मेयर डॉ शैली ओबरॉय विद्यालय के विभिन्न क्लासरूम में गई और छात्रों से बात कर उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के विश्वस्तरीय शिक्षा मॉडल को दिल्ली नगर निगम में भी लागू किया जा रहा है। दिल्ली नगर निगम द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से काम हो रहा है। अगले दो महीने में 5 नये विद्यालयों का शिलान्यास होने जा रहा है। नरेला, बवाना, प्रेम नगर, जनता विहार और विष्णु गार्डन में नये विद्यालयों का निर्माण किया जा रहा है।

## एमसीडी में जल्द होगी सुरक्षा गार्ड और डाटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती : डॉ शैली ओबरॉय

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में जल्द सुरक्षा गार्ड और डाटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती की जाएगी। इससे शिक्षकों को डाटा एंट्री ऑपरेटर का काम नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा स्कूलों में छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। एमसीडी के अधिकांश स्कूलों में सुरक्षा कर्मी और डाटा एंट्री ऑपरेटर नहीं हैं। इसकी वजह से अभी शिक्षकों को डाटा एंट्री ऑपरेटर और सुरक्षा कर्मी का कार्य करना पड़ता है। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि केजरीवाल सरकार से एमसीडी को पर्याप्त फंड मिल रहा है। अब जल्द एमसीडी की ओर से खाली पड़े पदों पर भर्तियां की जाएंगी। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने आज दक्षिणी क्षेत्र के पुष्प विहार सेक्टर-1 निगम विद्यालय में आयोजित विज्ञान मेले में शिरकत की। यहां पर मेयर ने शिक्षकों को सम्मानित किया। तीन दिवसीय विज्ञान मेले के आयोजन पर प्रसन्नता जताते हुए मेयर ने वैज्ञानिक ज्ञान और रचनात्मकता के लिए सभी शिक्षकों एवं छात्रों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा एक सफल विद्यार्थी के लिए एक जरूरी बुनियाद है। निगम के शिक्षक छात्रों को अपनी कड़ी मेहनत के द्वारा हमारी संस्कृति एवं सामाजिक मूल्यों की शिक्षा दे रहे हैं। वह स्वयं भी एक शिक्षक रही हैं तथा उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ाया है। शिक्षा सबसे नॉबेल व्यवसाय है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार शिक्षा पर बहुत जोर दे रही है क्योंकि उनका मानना है कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे दुनिया को बदला जा सकता है। देश को प्रगति के पथ पर आगे ले जाया जा सकता है। इसी क्रम में कार्य करते हुए निगम विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को प्रशिक्षण के लिए आईआईएम जैसे उत्कृष्ट संस्थान में भेजा गया है। मेयर ने कहा कि उन्होंने स्कूलों का निरीक्षण किया तो यह पाया कि कई स्कूलों में की कमियां हैं। स्कूलों में सुरक्षा गार्ड नहीं हैं। इसके अलावा डाटा एंट्री ऑपरेटर का अभाव है। इस संबंध में इन सभी कार्यों के लिए दिल्ली नगर निगम को दिल्ली सरकार द्वारा उपयुक्त फंड उपलब्ध कराया जा रहा है। ऐसे में निगम विद्यालयों में जल्द ही सुरक्षा गार्ड,डाटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती की जायेगी और सुनिश्चित किया जायेगा कि बच्चों को साफ एवं सुरक्षित वातावरण मिले।

## मेयर किसी पार्टी विशेष की प्रतिनिधि के जैसे व्यवहार कर रहीं हैं : नेता विपक्ष

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष राजा इक़बाल सिंह ने आज दिल्ली नगर निगम में काबिज़ आम आदमी पार्टी की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी शिक्षा को लेकर ओछी राजनीति कर रहे है। उन्होंने आज दिल्ली की मेयर ने सरस्वती विहार के प्रतिभा विद्यालय के निरीक्षण करने पहुंची लेकिन स्थानीय पार्षद को इसकी सूचना तक नहीं दी गई स्थानीय पार्षद शिखा भारद्वाज, योगेश वर्मा, ज्योति अग्रवाल, रवि हंस, अमित नागपाल, विनीत वोहरा आदि ने महापौर का विरोध किया और यह बताया कि जो स्कूलों में पहले से सुविधा है उन्हीं का झूठा, प्रचार करने महापौर महोदय, बिना बताए स्कूल में पहुंच गई है। स्थानीय पार्षदों के विरोध के उपरांत महापौर को वहां से वापसी भागना पड़ा। नेता विपक्ष ने बताया कि मेयर किसी पार्टी विशेष की प्रतिनिधि के जैसे व्यवहार कर रहीं हैं जिन्हे क्षेत्र के विकास से कोई सरोकार नहीं है वो केवल भ्रामक बाते करके लोगों को गुमराह कर रहीं है। नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने कहा कि मेयर ने केशवपुरम क्षेत्र में स्थित सरस्वती विहार प्रतिभा विद्यालय का निरीक्षण किया वो क्षेत्र का बेहतरीन विद्यालय है जिसे पूर्व में नगर निगम में भाजपा की सरकार ने सभी सुविधाओं से लैस बनाया। ऐसे में भाजपा की सारी उपलब्धियों को सिरे से नकार कर वो राजनीतिक रोटियां सेक रहीं है।



आम आदमी पार्टी शिक्षा को लेकर ओछी राजनीति कर रही है:-राजा इक़बाल सिंह

### सार संक्षेप

## सैमको सिक्योरिटीज ने ट्रेडर्स की परफॉर्मेंस को बेहतर बनाने के लिए शुरू किया 'अनदेखा सच'

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख इन्वेस्टमेंट-टेक कंपनी सैमको सिक्योरिटीज दिल्ली में खराब प्रदर्शन करने वाले 58 प्रतिशत स्टॉक मार्केट ट्रेडर्स के लिए एक सौल्यूशन लेकर आई है। सैमको के एक हालिया सर्वेक्षण से पता चला है कि दिल्ली के 58 प्रतिशत ट्रेडर्स पिछले वर्ष के दौरान स्टॉक मार्केट में खराब परफॉर्मेंस से जूझ रहे हैं। यह चिंताजनक आंकड़े ऐसी पहल की जरूरत पर जोर देते हैं जो ट्रेडर्स और इन्वेस्टर को पेश आने वाली परेशानियों को दूर करती हो। इस उद्देश्य से सैमको सिक्योरिटीज ने अनदेखा सच अभियान शुरू किया है। सैमको सिक्योरिटीज के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर और प्रेसिडेंट नीलेश शर्मा ने कहा, हम शेयर बाजार में ट्रेडर्स और निवेशकों के सामने आने वाली चुनौतियों को समझते हैं। हमारा मिशन प्रत्येक भागीदार को बाजार सूचकांकों से लगातार बेहतर प्रदर्शन करने और अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना है। अनदेखा सच अभियान के तहत हम ट्रेडर्स के बाजार में आने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रहे हैं। इस प्रयास में, हमने सैमको ट्रेडिंग ऐप में 'माई ट्रेड स्टोरी फीचर' जोड़ा है।

## उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन बडौदा हाऊस द्वारा निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन

**नई दिल्ली।** श्रीमती सन्नीति चौधुरी, अध्यक्षा NRWWO की उपस्थिति में को रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय अध्यक्षा ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया तथा सभी बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए रिफ्रेशमेन्ट एवं उपहार भी प्रदान किए। उक्त अवसर पर NRWWO की उपाध्यक्षा श्रीमती रश्मि सिंघल, सचिव श्रीमती सरिता सॉगर, कोषाध्यक्ष श्रीमती वंदना गोयल, सह सचिव श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव, एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्याओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।



# भूमि पूजन के साथ शुरू हुई श्री रामलीला मंच द्वारका की तैयारी

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। द्वारका के सेक्टर 13, नियर सेक्टर 13 मेट्रो स्टेशन स्थित डीडीए रामलीला ग्राउंड में श्री रामलीला मंच द्वारका द्वारा भूमि पूजन कर रामलीला की तैयारी शुरु कर दी। श्री रामलीला मंच द्वारका के अध्यक्ष राजेश राठी ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी रामलीला का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार रामलीला 15 अक्टूबर से शुरू होगी जो 25 अक्टूबर 2023 तक चलेगी, 10 दिन तक उत्सव का माहौल रहेगा।



इस अवसर पर श्री रामलीला मंच द्वारका के संरक्षक स्वपन गुप्ता, जनरल सेक्रेटरी प्रदीप गहलोत, कोषाध्यक्ष रिंकी शर्मा, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट प्रीत घुमन्हेरा, वाइस प्रेसिडेंट कौशल शर्मा, वाइस प्रेसिडेंट एडवोकेट रवि वशिष्ठ, वाइस प्रेसिडेंट विप्लव सक्सेना, वाइस प्रेसिडेंट सुरेन्द्र चोधरी, सेक्रेटरी डॉ. रुचि ओरी, रुकमणी रानीवाल, प्रेम देशवाल, विभा सिंह बघेल, एमवीएस राव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। उन्होंने बताया की रामलीला मैदान में सैकड़ों गाडियों के पार्किग की व्यवस्था की जाएगी। 30 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था भी रहेगी, वहीं मेले का भी आयोजन जाएगा। रामलीला मैदान में जगह जगह एलईडी स्क्रील लगाई जाएगी, जिससे लोग रामलीला देख सकें। श्री रामलीला मंच द्वारका के भूमि पूजन के बाद रामलीला की झांकियां दिखाई गई व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कलाकारों की प्रस्तुति की सभी ने सराहना की। श्री रामलीला मंच द्वारका द्वारा डांडिया नाईट, मेला सहित कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें सैकड़ों स्टॉल लगाए जाएंगें। मेले में हर प्रकार के झूले होंगे जो कि बच्चों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेगें।

# 27वें विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन का समापन

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित 27वें विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन का समापन संत दर्शन सिंह जी धाम, बुराड़ी में संपन्न हुआ। इस आयोजन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि प्रेम, शांति और ध्यान-अभ्यास हमें एक-दूसरे को मानव एकता के रूप में जोड़ते हैं।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने आगे कहा कि, विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन आध्यात्मिकता और ध्यान-अभ्यास का सम्मेलन है। हरेक धर्म उन महान संतों की शिक्षाओं पर आधारित है, जिन्होंने आध्यात्मिक रूप में पिता-परमेश्वर का अनुभव किया। पिता-परमेश्वर एक हैं और वे हम सबके भीतर निवास करते हैं। हम सभी ने उन्हें भले ही अलग-अलग नाम दिये हों और चाहे हमारे बाहरी रीति-रिवाज़ भी अलग-अलग हों लेकिन हम सबकी मंज़िल एक ही है। यह वास्तव में स्वयं को आत्मा के रूप में जानना और पिता-परमेश्वर को अपने अंदर अनुभव करना है। संयोगवश इस सम्मेलन के दौरान 20 सितंबर को संत राजिन्दर सिंह जी महाराज का जन्मदिवस होता है, जिसे दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय ध्यान-अभ्यास दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

विश्व-विख्यात आध्यात्मिक गुरु संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि ध्यान-अभ्यास और आध्यात्मिकता हरेक धर्म का आधार है। जब हम अंतरराष्ट्रीय ध्यान-अभ्यास दिवस मनाते हैं तो इस मौके पर हमें यह समझना चाहिए कि ध्यान-अभ्यास पिता-परमेश्वर को पाने की कुंजी है। जब हम ध्यान-अभ्यास करते हैं तो हम बाहरी अशांति और अंधकार से दूर हो जाते हैं। हमें चाहिये कि हम जागृत जीवन, प्रकाश और चेतनता की ओर बढ़ें। जब हम अपने भीतर पिता-परमेश्वर के प्रेम और ज्योति से जुड़ते हैं तो हम सदा-सदा की शांति और आनंद प्राप्त करते हैं। पिता-परमेश्वर चाहते हैं कि हम उन्हें जाने, पहचानें और अपने भीतर अनुभव करें। इसके अलावा अपने जीवन के मुख्य उद्देश्य की ओर कदम बढ़ाने के लिए हम रोज़ाना ध्यान टिकाएं।




## जैन संत सुदर्शन लाल जी के जीवन पर आधारित फिल्म का होगा देशभर में प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। द राइज ऑफ़ सुदर्शन चक्र श्री सुदर्शन लाल जी महाराज के जीवन की सच्ची कहानी पर आधारित एक सत्य कथा है। फिल्म एक ऐसे सच्चे ईश्वर को दर्शाती है जो साधारण अग्रवाल परिवार में हरियाणा के एक छोटे से शहर रोहतक में 1923 में जन्मे, जिसकी मां 4 वर्ष की उम्र में चल बसी, लालन पालन की प्रमुख जिम्मेदारी बाबा ने निभाई और एक दिन बाबा भी घर छोड़कर संयासी बन गए, जवानी में बचपन का जिगरी दोस्त भी एक दुर्घटना में गुजर गया। जिन घटनाओं से लाए जीवन बिखर जाता है वहां बालक ईश्वर का जीवन निखर कर रहा था। इस सब वियोगो के बीच अपने मजबूत संकल्प और और निश्चय से ईश्वर भी सुदर्शन मुनि बन गया kअनिल कुलचेनिया के निर्देशन में एक फिल्म 'द राइज आफ सुदर्शन चक्र' 22 सितंबर 2023 को भारतवर्ष के प्रमुख शहरों में रिलीज हो रही है। यह फिल्म हर उम्र के लोगों के लिए एक पारिवारिक फिल्म है इस फिल्म में सुधाकर शर्मा द्वारा लिखित गानों को अपनी मधुर आवाज दी गई है। उदित नारायण ,अनुराधा पोडवाल, सुदेश भोसले और सुरेश वाडेकर ने और सतीश देहरा ने इस संगीत को सुसज्जित किया है। फिल्म का कुशल निर्देशन और पटकथा लेखन का कार्य अनिल कुलचेनिया ने किया है। फिल्म शत प्रतिशत दर्शकों की अपेक्षाओं को पूर्ण करेगी। इस फिल्म से बच्चों के चरित्र निर्माण, राष्ट्रवाद, सनातन व श्रमण संस्कृति को पुरजोर बल मिलेगा । यह फिल्म सुदर्शन चक्र के वास्तविक स्वरूप को भी पेश करने में कामयाब साबित होगी।

# आईएएस अधिकारी सोनल गोयल की पुस्तक 'नेशन कॉलिंग का विमोचन

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। नई दिल्ली के कॉस्टिट्यूशन क्लब में आयोजित एक समारोह में त्रिपुरा के रेज़िडेंट कमिशनर के रूप में तैनात 2008 बैच की आईएएस अधिकारी सोनल गोयल की पहली पुस्तक 'नेशन कॉलिंग होलिस्टिक अप्रोच टू यूपीएससी सिविल सर्विसेज़ एक्ज़ामिनेशन' का केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरन रिजिजू के हाथों विमोचन हुआ। लेखिका की माने तो यह पुस्तक सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं को प्रेरित, प्रोत्साहित करने के साथ ही परीक्षा के तीनों चरणों को सफलतापूर्वक पार करने में उनका मार्गदर्शन करेगी। इस अवसर पर अतिथि के तौर पर जमिया मिल्लिया इस्लामिया की कुलपति प्रोफेसर नजमा अख्तर, भारी उद्योग मंत्रालय में संयुक्त सचिव, डॉ. हनीफ़ कुरैशी कस्टम्स, सेंट्रल एक्साइज़ एंड सर्विस टैक्स सेटलमेंट कमीशन के चेयरमैन संदीप कुमार एवंद स्मगलर्स एंड फ़ॉरेन एक्सचेंज मैनिपुलेटर्स एक्ट के अंतर्गत ऐपेलेट ट्रिब्यूनल के सदस्य बालेश कुमार शामिल रहे।

■ केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने किया पुस्तक का विमोचन




कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि, नेशन कॉलिंग पुस्तक केवल यूपीएससी एस्पिरेंट्स के लिए ही नहीं, बल्कि हर उस युवा के लिए उपयोगी है जो अपने जीवन आगे बढ़ते हुए नई ऊंचाइयों को छूना चाहता है। पुस्तक में साझा की गई इंसाइट्स महत्वाकांक्षी लक्ष्यों वाले सभी व्यक्तियों के लिए मूल्यवान हैं। प्रत्येक महत्वाकांक्षी युवा को इस पुस्तक को अवश्य पढ़ना चाहिए। उन्होंने अनगिनत युवाओं को उत्कृष्टता की दिशा में प्रेरित और प्रोत्साहित करने की क्षमता रखने वाली इस पुस्तक की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम की सम्मानित अतिथि, जमिया मिल्लिया इस्लामिया की कुलपति प्रोशनजमा अख्तर ने अपने सम्बोधन में कहा कि सोनल लाखों युवाओं के लिए एक प्रेरणा हैं। उनकी किताब 'नेशन कॉलिंग' एक बेहतरीन और कॉमप्रिहेंसिव गाइड है,जो पाठकों को सक्षम एवं सशक्त बनाने और उन्हें यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में सफ़ल होने के लिए आवश्यक जानकारी, रणनीतियों और मानसिकता से लैस करने में मददगार साबित होगी। अपने लेखकीय संबोधन में सोनल गोयल, आईएएस ने एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में अपनी 15 साल लम्बी यात्रा के कुछ किस्से साझा किए।



## ब्रजमोहन श्रीवास्तव राकांपा के राष्ट्रीय महासचिव बने

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रवक्ता ब्रजमोहन श्रीवास्तव को पार्टी को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राकांपा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने की है।

# महिला आरक्षण को तुरंत प्रभाव से किया जाए लागू : अरविन्दर सिंह लवली



**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि महिला आरक्षण स्व. राजीव गांधी का सपना था और आज अंतत: कांग्रेस के दबाव के बाद यह बिल लोकसभा में पास हुआ। उन्होंने कहा कि इस बिल में ओबीसी, एससी व एसटी को प्रतिनिधित्व देने पर कोई निर्णय न करना सरकार की मंशा पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। उन्होंने मांग की कि महिला आरक्षण को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए। इस बिल के तुरंत न लागू होने से महिलाओं में निराशा है। उन्होंने कहा कि जनगणना न कराना सरकार का मनमाना रवैया है। श्री लवली ने मांग की कि दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 2025 विधानसभा चुनाव में 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित होना चाहिए।

आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित एक बैठक में सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी के लिए एक धन्यवाद प्रस्ताव भी पारित किया गया। प्रस्ताव में कहा गया है कि राहुल गांधी ने जिस मजबूती के साथ ओबीसी, एससी व एसटी वर्ग के लिए आंकड़ों के साथ आवाज उठाई है, उसकी आज चौतरफा प्रशंसा हो रही है। प्रस्ताव में यह मांग की गई कि महिला आरक्षण को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाए। आज पार्टी कार्यालय में मौजूद महिला कार्यकर्ताओं में इस बात को लेकर गुस्सा था कि आरक्षण तुरंत लागू नही होगा। श्री लवली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं के प्रति शुरू से प्रतिबद्ध है।

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4 ग्रेटर नोएडा सिटी
जि0-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि BHS07 आवासीय भवनों की योजना के अन्तर्गत भवन संख्या 161FF, Block-D, Area-32 Sqmt., Sector- Omicron-01, Allotment No.-BHS0775043, Greater Noida के आवंटी Smt. Kunti Devi W/o Sh. Raj Singh के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत/हस्तांतरित है। आवंटी Smt. Kunti Devi की मृत्यु दिनांक 17.06.2019 को हो गयी है। मृतक आवंटी के पुत्र Sh. Pratik Verma S/o Sh. Raj Singh द्वारा उपरोक्त वर्णित भवन को प्रस्तुत प्रपत्रों/शपथ पत्रों/मृत्यु प्रमाण पत्र/वारिसान प्रमाण पत्र के आधार पर पूर्ण रूप से अपने पक्ष म्यूटेशन/नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय Smt. Kunti Devi W/o Sh. Raj Singh के स्थान पर उनके पुत्र Sh. Pratik Verma R/o H.No.-K-A, Patti Harnam Singh, Siyana, Distt.- Bulandshahr-245412 (U.P.) के नाम पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (सम्पत्ति )
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

G20 **उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव
शुद्धिपत्र
"निविदा क्रमांक 1W&DYCETMCL-IOH-16-23-24 दिनांक 19.09.2023 का शुद्धिपत्र क्रमांक 01
विषय: डिप्टी सीई/टीएमसी/लाइन, नई दिल्ली के अधिकार क्षेत्र के तहत टीएमएमडी/लखनऊ- मुरादाबाद पर ट्रैक मशीनों की आईओएच और प्रमुख मरम्मत के लिए खुली ई-निविदा संख्या 1W-DyCETMCL-IOH-16-23-24 दिनांक 19.09.2023
विषय निविदा खोलने की तिथि 09.10.2023 के स्थान पर 11.10.2023 पढ़ी जाए। संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट- https://ireps.gov.in पर जाएं।
पत्र क्रमांक 1-डब्ल्यू टीएमसी/उपाध्यक्ष/एल/आईओएच-एल के ओ/16/2023-24 दिनांक: 21.09.2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2938/23

G20 **उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव
आवेदन आमंत्रित करने हेतु सूचना
No. 631-CP-231-Halt Tender-2023 Date : 20.09.2023
दिल्ली मंडल के 48 हॉल्ट स्टेशनों पर हॉल्ट ठेकेदार की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करने की सूचना।
1. आवेदन क्रमांक आमंत्रण सूचना : 631-CP-231-Halt Tender-2023
2. कार्य का नाम एवं स्थान : दिल्ली मंडल में पांच साल (05) की अवधि के लिए कमीशन के आधार पर अनारक्षित टिकटो की बिक्री के लिए 48 हॉल्ट स्टेशनों पर "48" हॉल्ट ठेकेदारों की नियुक्ति हेतु।
3. निविदा प्रकार : खुली आवेदन
4. निविदा जमा करने और निविदा खोलने की तिथि और समय : आवेदन, सीलबंद लिफाफे में वाणिज्यिक शाखा, डी आर एम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 में दिनांक 22.09.2023 से 17.10.2023 (प्रात: 10.00 बजे से शाम 17.00 बजे तक) तथा दिनांक 18.10.2023 को 14.00 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे और दिनांक 18.10.2023 को ही 15.00 बजे खोली जाएंगे।
5. सम्पूर्ण निविदा सूचना कहां देखी जा सकती है : निविदा निमंत्रण की सूचना तथा निविदा प्रपत्र उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in से प्राप्त किये जा सकते है।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2940/23

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

गाजियाबाद नगर निगम का हर कर्मचारी निगम परिवार का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिनका ध्यान रखना सभी की जिम्मेदारी है। निगम का सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना, कर्मचारियों तथा उनके परिवार जनों का ध्यान रखना पहली जिम्मेदारी है जिस पर समस्त विभागीय अधिकारी गण भी प्राथमिकता पर कार्य करेंगे।

**विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त**

## प्रतिबंध के बावजूद नोएडा ग्रेनो व यमुना एक्सप्रेस वे पर व्यवसायिक वाहन

**नोएडा,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। यातायात पुलिस के प्रतिबंध के बावजूद गुरुवार को नोएडा-ग्रेनो और यमुना एक्सप्रेस वे पर व्यवसायिक वाहन और यात्री बसें चलती रहीं। ये वाहन पुलिस के सामने चल रहे थे, फिर भी कार्रवाई नहीं की गई।

ट्रेड शो और बाइक रेस को देखते हुए लोगों को जाम से बचाने के लिए यातायात पुलिस ने योजना तैयार की है। इसके तहत निर्णय लिया गया कि गुरुवार सुबह 6 से 25 सितम्बर तक की रात 12 बजे तक नोएडा-ग्रेनो और यमुना एक्सप्रेस वे पर व्यवसायिक वाहन और यात्री बसें नहीं चलेंगी। ये बसें दिल्ली और यमुना एक्सप्रेस वे की तरफ से नोएडा क्षेत्र में नहीं घुसने प्रतिबंध के बावजूद एक्सप्रेस पेपर दौड़ते रहे व्यवसायिक वाहन दी जाएंगी। गुरुवार को ग्रेनो के एक्सपो मार्ट में आयोजित ट्रेड शो में दोपहर के समय मुख्यमंत्री और शाम को राष्ट्रपति पहुंचीं। इसको देखते हुए नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे पर सुबह से अधिक संख्या में पुलिसकर्मी तैनात थे। इन सबके बीच एक्सप्रेस वे पर व्यवसायिक और बसें बिना रोक-टोक के चलती नजर आईं। बस चालक सवारियों को भरकर आगरा-लखनऊ की तरफ जा रहे थे। ट्रक भी चल रहे थे। टैक्टर भी एक्सप्रेस वे पर चलते हुए मिले। इस बारे में यातायात पुलिस अधिकारियों का कहना है कि व्यवसायिक वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित है। मौका पाकर एक-दो वाहन निकल गए होंगे।

# कवि नगर जोन में भी जल्द शुरू होगा स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन

**■ तैयारियों का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण**

**गाजियाबाद,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा पांचो जोन में स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन बनाए जा रहे हैं। जिसके क्रम में विजयनगर, मोहन नगर तथा वसुंधरा जोन में स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कवि नगर जोन के अंतर्गत निर्माणाधीन स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन का जायजा लिया।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश ने बताया कि पांचो जोन में स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है कवि नगर स्थित गोविंदपुरम मधुबन बापूधाम में आधुनिक तकनीकी से युक्त मशीनों का इस्तेमाल कर कवि नगर जोन के कचरे को कैप्सूल के अंदर डालकर डंपिंग ग्राउंड तक भेजा जाएगा। जिससे शहर के निवासियों को राहत मिलेगी कूड़ा ढक कर कैप्सूल्स के



माध्यम से प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचेग। वायु प्रदूषण में भी राहत मिले इसके लिए गाजियाबाद नगर निगम प्रयास कर रहा है।

150 से 200 टीपीडी का ट्रांसफर स्टेशन जिसकी शुरुआत 2 अक्टूबर को की जाएगी जिस कवि नगर के आसपास के निवासियों को काफी राहत मिलेगी खुले में ट्रक या अन्य माध्यम से कचरा सड़कों पर नहीं जाएगा, ट्रिपल पी मॉडल पर ट्रांसफर स्टेशन द्वारा कार्य किया जाएगा, जमीन जीडीए द्वारा उपलब्ध कराई गई है तथा सेकेंडरी कलेक्शन ठेकेदार द्वारा ट्रांसफर स्टेशन का संचालन किया जाएगा, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर हित में लगातार कार्य किया जा रहा है कवि नगर जोन के बाद सिटी जोन के अंतर्गत स्थान का चयन कर स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन इसी तर्ज पर लगाया जाएगा जिससे सिटी जोन के निवासियों को भी राहत मिलेगी।

## नगर आयुक्त पहुंचे कचरा प्रोसेसिंग यूनिट कार्य की रफ्तार बढ़ाने के दिए निर्देश

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक गुरुवार को पाइपलाइन रोड पर स्थित कचरा प्रोसेसिंग यूनिट पर पहुंचे, कार्य की रफ्तार बढ़ाने के लिए कड़े निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि सेकेंडरी कलेक्शन गाड़ियां ट्रक को आवागमन में सुविधा रहे, शहर से कचरा जल्द से जल्द प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचे, कचरा प्रोसेसिंग करने के लिए मशीनों की संख्या बढ़े। इस प्रकार की कार्य योजना बनाने के लिए नगर आयुक्त द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश को निर्देश दिए कम समय में अधिक से अधिक कचरा प्रोसेसिंग करने के लिए भी टीम को कहा गया, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी को डालव घर की रोड की मरम्मत करने के लिए भी आदेशित किया गया।

पाइपलाइन स्थित कचरा प्रोसेसिंग यूनिट पर पहुंचे तो मशीनों द्वारा कार्य किया जा रहा था नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि 1500 मेट्रिक टन कचरा प्रतिदिन प्रोसेसिंग किया जाता है कभी-कभी बारिश के दौरान



कचरा प्रोसेसिंग के कार्य में बाधा आती है जिस पर नगर आयुक्त ने मशीनों की संख्या बढ़ाने की आदेश दिए गए, साथ ही संबंधित अधिकारियों को शहर के कचरे का निस्तारण का कार्य प्राथमिकता पर करने के लिए मोटिवेट भी किया, दूसरा कचरा प्रोसेसिंग यूनिट तैयार करने के लिए योजना बनाने हेतु अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव को कहा।

## हर कर्मचारी निगम परिवार का महत्वपूर्ण अंग : नगर आयुक्त



**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त से जनसुनवाई के दौरान नगर निगम कर्मचारी संघ के पदाधिकारी गण मिले और निगम कर्मचारियों की मांग से नगर आयुक्त को अवगत कराया गया। नगर आयुक्त ने प्राप्त मांग पर नियम अनुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। साथ ही नगर निगम कर्मचारी संघ के पद अधिकारियों को एकजुट हो शहर हित तथा निगम हित में कार्य करने के लिए भी मोटिवेट किया।

नगर आयुक्त ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम का हर कर्मचारी निगम परिवार का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिनका ध्यान रखना सभी की जिम्मेदारी है। निगम का सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना, कर्मचारियों तथा उनके परिवार जनों का ध्यान रखना पहली जिम्मेदारी है जिस पर समस्त विभागीय अधिकारी गण भी प्राथमिकता पर कार्य करेंगे।

## सार संक्षेप

### मुरादगढ़ी में कबड्डी टूर्नामेंट आज

**रबूपुरा।** गत वर्ष की भांति गांव मुरादगढ़ी गांव में इस वर्ष भी डे-नाईट कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन 22 सितम्बर शुक्रवार से किया जा रहा है। विजेता टीमों को उचित ईनाम देकर सम्मानित किया जाएगा। टूर्नामेंट के संयोजक एड0 राहुल भाटी ने बताया कि टूर्नामेंट में विभिन्न टीमों को आमंत्रित किया गया है। प्रथम विजेता टीम को 31 हजार, दूसरा स्थान पाने वाली टीम को 21 हजार व तृतीय टीम को 11 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ठा0 वीरेन्द्र सिंह एवं चन्द्रसेन प्रधान, संजय सिंह ठेकेदार व राकेश भाटी विशेष सहयोगी रहेंगे।

### पंडित रवि शर्मा बने समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव

**नोएडा।** सेक्टर-22 आरडब्ल्यूए संरक्षक व ब्राह्मण रक्षा दल के मुख्य संरक्षक पंडित रवि शर्मा को समाजवादी पार्टी का प्रदेश सचिव बनाया गया है। इस खबर के बाद से ही लगातार उनके समर्थकों व पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई देने का सिलसिला जारी है। पंडित रवि शर्मा ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने पार्टी को उत्तर प्रदेश में और मजबूत करने हेतु 16 सचिव नियुक्त किए हैं जिनमें से दो गौतम बुद्ध नगर से हैं जिनमें से एक नाम उनका है और दूसरा नाम है राकेश यादव का। नई जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने आलाकमान का आभार जताया और कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वे उसका निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करेंगें। समाजवादी पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें ब्राह्मणों का पूरा सम्मान किया जाता है। आने वाले लोकसभा चुनाव में सभी एक साथ मिलकर समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे।



### अज्ञात ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**बुलंदशहर।** दिल्ली-हावड़ा ट्रैक पर कोतवाली क्षेत्र के गांव अर्रोड़ा के पास अज्ञात ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के प्रयास किए। परंतु शिनाख्त नहीं हो पाई। प्रभारी यज्ञदत्त शर्मा ने बताया कि शव का पंचनामा भर के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### पार्ट टाइम नौकरी का झांसा देकर 6.80 लाख ठगे

**नोएडा।** पार्ट टाइम नौकरी कर घर बैठे लाखों रुपये कमाने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर के साथ छह लाख 80 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की है। अज्ञात जालसाज के खिलाफ आइटी एक्ट और धोखाधड़ी की धारा में केस दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा के निराला स्टेट के अजीत सिंह राघव ने थाने में दी शिकायत में बताया कि कुछ समय पहले उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया जिसमें पार्ट टाइम नौकरी कर प्रतिमाह लाखों रुपए कमाने की बात कही गई थी। मैसेज के माध्यम से वार्ता करने पर जालसाज ने इंजीनियर को बताया कि उसे इंस्टाग्राम पर प्रोफाइल्स को फॉलो करना होगा। प्रति फॉलो पर शिकायतकर्ता को 50 रुपए बतौर मुनाफा देने की बात तय हुई।




**ग्रेटर नोएडा में यूपी इण्टरनेशनल ट्रेड शो के उद्घाटन अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

## पालतू कुत्ते के हमले से बच्चा हुआ लहूलुहान

**नोएडा,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-110 स्थित लोटस पनाश सोसाइटी में पालतू कुत्ते ने 6 वर्षीय मासूम बच्चे को काटकर लहूलुहान कर दिया। बच्चों के पिता ने सोसाइटी में ही रहने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ फेज दो थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि घटना के बाद कुत्ते का मालिक बच्चे को समझाने के बजाय हंसते हुए घटनास्थल से चला गया। थाने में दी शिकायत में सोसाइटी निवासी मुदस्सिर खान ने बताया कि बुधवार रात उनका 6 वर्षीय बेटा दानियाल खान सोसायटी परिसर में टहल रहा था।

# चाइना के बाजार को ध्वस्त करेगा इंडियन भांग से बना फेब्रिक

**■ कॉमन कॉटर से दो गुना होता मजबूत होता भांग के फेब्रिक से बना कपड़ा**

**■ ये कपड़ा होता है एंटी बैक्टिरियल से लेकर एंटी फंगल**

**नोएडा,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। बनारस हो या कोई प्रदेश का कोई शहर भांग को भगवान भोले का प्रसाद ही समझा जाता है। लेकिन इसका तना कितना काम है इसका अंदाजा लगा पाना भी मुश्किल है। जी हां इसके तने से एक ऐसा फेब्रिक तैयार किया जाता है जो आम काटन से तैयार कपड़े से कई गुना ज्यादा मजबूत है। इससे बने कपड़े आपको गर्मी में शीतलता और ठंडक में गर्मी का अहसास भी दिलाते है। अच्छी बात ये है कि ये कपड़ा एंटी बैक्टिरियल, एंटी फंगल और नैचुरली है।

दो साल पहले आयुष ने इस काम को एक स्टार्टअप के रूप में शुरू किया। अब वो एक कंपनी को रिप्रजेंट कर रहे है जिसका नाम भारत हिम प्रोडेक्ट प्राइवेट लिमिटेड है। इसकी मैन्युफैक्चरिंग गजरौला में है। उन्होंने बताया कि इससे पहले चइना फेब्रिकेशन का सबसे बड़ा बाजार रखता है।

वो दुनिया का करीब 70 प्रतिशत भांग के फेब्रिक का काम करता है। भारत में लोगों को इसकी जानकारी नहीं है। यहां अब इस काम को शुरू



किया गया है। शुरुआत में थोड़ी दिक्कत जरुर आई। लेकिन अब इसे लोग भी पसंद कर रहे है और इसकी बाजार भी बढ़ रहा है। उन्होंने बताया भांग का तना या रॉ मटेरियर सोर्स से मिलता है। चुकी ये एक्साइज डिपार्टमेंट के अंदर आता है। इसलिए इसका लाइसेंस लेना जरूरी है। करीब 150 रुपए किग्रा का कच्चा फेब्रिक मिलता है। जिससे कपड़े को तैयार किया जाता है। इसकी बाजार में एक शर्ट की कीमत करीब 800 से 1000 रुपए तक की है। जिसका मार्केट अब तेजी से बढ़ रहा है। यहीं नहीं एक एकड़ में इसकी खेती की बात की जाए तो ये कॉटन के मुकाबले दो गुना ज्यादा फेब्रिक देता है। ये पलूशल फ्री होता है कार्बन मुक्त होता है। इससे प्रदूषण नहीं होता।

### आयुर्वेदिक मेडिसिन में होता है प्रयोग

उन्होंने बताया कि भांग का प्रयोग आयुर्वेदिक मेडिसिन में होता है। इससे एंटी डिप्रेशन, स्लिप डिस्क के अलावा तमाम तरीके की अन्य मेडिसन में इसका प्रयोग किया जाता है। हालांकि बिना प्रिस्क्रिप्शन इसका प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए।

## 15000 करोड़ के जीएसटी मामले में 25000 का इनामी गिरफ्तार

**नोएडा,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। जीएसटी का आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) लेकर 15 हजार करोड़ रुपए का फर्जीवाड़ा करने वाले एक 25 हजार रुपए के इनामी आरोपी को थाना सेक्टर-20 पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में फरार 9 आरोपियों पर इनाम घोषित किया गया। जीएसटी फर्जीवाड़े में 25-25 हजार के इनामी 8 आरोपी अभी फरार है। घटना के खुलासे के बाद पुलिस अब तक 23 लोगों को गिरफ्तार कर कार्रवाई कर चुकी है।

फर्जी कंपनियां बनाकर सरकार को करोड़ों रुपए का राजस्व का नुकसान पहुंचाने वाले गिरोह का थाना सेक्टर-20 पुलिस ने 1 जून को खुलासा किया। खुलासे के वक्त पुलिस ने दो सीए समेत कुल 8 लोगों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी पिछले पांच वर्षों से फर्जी फर्म जीएसटी नंबर सहित तैयार कराकर फर्जी बिल का उपयोग कर जीएसटी रिफंड आईटीसी (इंपुट टैक्स क्रेडिट) लेकर सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने मामले में जांच करते हुए कई और लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। फरार 9 आरोपियों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया। जिसमें से एक इनामी आरोपी आशीष एलावादी निवासी हरियाणा के रूप में हुई। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने बताया कि आरोपी को गोपनीय सूचना के आधार पर रजनीगंधा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है। मामले में फरार 8 और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

## सेवानिवृत कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत महापौर ने सिटी जोन का किया निरीक्षण

**■ जीआईएस सर्वे के 700 प्रोपर्टी के गलत आंकड़े**

**■ निगम अधिकारी भी परेशान, महापौर शासन को लिखेंगी पत्र**

**गाजियाबाद,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। पिछले दिनों महापौर सुनीता दयाल को एक शिकायत प्राप्त हुई जिसमें सिटी जोन के अंतर्गत कुछ रिटायर कर्मचारियों के कार्य लिया जा रहा है और अवैध वसूली का भी आरोप लगाया गया है जिससे बाद महापौर ने संज्ञान लेकर आज सिटी जोन का औचक निरीक्षण किया और देखा कि जोनल ऑफिस में सच में रिटायर कर्मचारी घूम रहे है जिसको लेकर महापौर ने जोनल अधिकारी से पूछा कि इस प्रकार रिटायर कर्मचारियों से कार्य क्यों लिया जा रहा है अगर कर्मचारियों की कमी है तो बताया क्यों नहीं गया, इनके द्वारा कोई भी गलत कार्य किया जाता है तो किसकी जिम्मेदारी है महापौर ने जोनल प्रभारी को अंतिम चेतावनी के साथ ज़ोन की सभी व्यवस्था ठीक करने के निर्देश दिए, जिसमें जोनल प्रभारी द्वारा भी रिटायर कर्मचारी को बताया गया कि यहां ज़ोन में रहने की कोई आवश्यकता नहीं है आपको, भविष्य में इस प्रकार का कोई प्रकरण मिला तो कार्रवाई की जाएगी, जिसके बाद रिटायर कर्मचारी द्वारा ज़ोन में उपस्थित न होने का आश्वासन दिया गया।



कुछ रोज पहले महापौर के पास एक शिकायत नासिरपुर की प्राप्त हुई थी जिसमें 2022-23 का गृहकर जमा कर दिया गया लेकिन जमा करने के बाद भी गृहकर काम नहीं किया गया और ब्याज अलग से लगा जिसमें महापौर ने जोनल प्रभारी से पूछा तो बताया गया कि GIS सर्वे किया गया था जिसमे सिटी ज़ोन के अंतर्गत 700 प्रोपर्टी पर गृहकर गलत हो गया है अब उन्हीं स्थानों से शिकायत आ रही है जिससे बहुत परेशानी भी हो रही है लेकिन सर्वे कंपनी किस प्रकार कार्य किया जा रहा है जिसमें महापौर द्वारा सर्वे कंपनी के खिलाफ शासन में पत्र भेजने की बात कही गई। जोनल कार्यालय में महापौर के पहुंचने के उपरांत एक बुजुर्ग ने बताया कि मेरी बेटी ने एक राजनगर एक्सटेंशन में फ्लैट लिया है जिसका म्यूटेशन कराने की प्रक्रिया बहुत समय से की जा चुकी है लेकिन अभी तक विभाग ने कार्रवाई नहीं की जिसको लेकर महापौर ने बहुत निर्देशित किया जीलल्ल म्यूटेशन में 30 से 45 की प्रक्रिया है (जिसको एक पेपर पर हर सभी जोनल कार्यालयों में भी चिपकाया जाए) इस निर्धारित समय मे सभी के कार्य किया जाए किसी को भी बेवजह परेशान न किया जाए एवं मौके पर उन बुजुर्ग व्यक्ति का कार्य भी करवाया।

# मोटोजीपी सवारों ने बीआईसी सर्किट पर खेला क्रिकेट

**■ रेसरों ने भारतीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का उठाया लुफ्त, की खूब मस्ती**

**ग्रेटर नोएडा,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। स्टार मोटोजीपी राइडर्स ने गुरुवार को क्रिकेट खेलने की अपनी क्षमता का परीक्षण किया, 22 से 24 सितम्बर तक होने वाले पहले इंडियनऑयल ग्रैंड प्रिक्स ऑफ इंडिया से पहले भारत के दिल में मोटरस्पोर्ट की भावना का जश्न मनाया। इस दौरान मौजूदा चैंपियन फ्रांसेस्को बगानिया, फैबियो क्वार्टारो, लुका मारिनी और पोल एस्परगारो सहित सभी ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट ट्रैक पर गली क्रिकेट के रोमांचक खेल में शामिल होने के रोमांचक अवसर का लाभ उठाया। उनका उत्साह और ऊर्जा देखने लायक थी, क्योंकि उन्होंने कुछ शानदार शॉट खेले और क्रिकेट गेंद को स्टैंड में दूर तक भेजा। स्टार भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना भी ट्रैक पर रेसरों में शामिल हुए और रेड बुल के टीए रेसर मोटोजीपी बाइक ब्रैड बाइंडर पर तेज तर्रार व्यक्ति के साथ क्रिकेट खेला। ट्रैक पर क्रिकेट के रोमांच का अनुभव करने से पहले राइडर्स फ्लैश मॉब मोटोजीपी में भी शामिल थे। मार्को बेजेची, जैक मिलर, एलेक्स एस्पारगारो, जॉर्ज मार्टिन और एलेक्स मार्केज के साथ 30 स्थानीय और प्रतिभाशाली नर्तक शामिल हुए,






जिन्होंने भारत के लोकाचार और संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए दिल खोलकर प्रदर्शन किया और मोटोजीपी की धूम मचा दी। मार्को बेजेची ने कहा कि आज भारत में होना बहुत अच्छा है और मैं इंडियन ऑयल ग्रैंड प्रिक्स ऑफइंडिया में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में दौड़ के लिए तैयार हूं। ट्रैक वास्तव में अच्छा लग रहा है और मैं बाद में करीब से देखूंगा, लेकिन अभी यह वास्तव में सुंदर लग रहा है। हमने एक फ्लैश मॉब में हिस्सा लिया और इन कलाकारों को विशिष्ट भारतीय नृत्य करते देखा जो एक शानदार अनुभव रहा। ग्रेसिनी रेसिंग मोटोजीपी (डुकाटी) के एलेक्स मार्केज ने कहा कि भारत आना मोटोजीपी के लिए वास्तव में बहुत अच्छा है और प्रशंसक वास्तव में उत्साहित हैं। मैं पहली बार यहां आकर खुशी महसूस कर रहा हूं। मुझे ट्रैक बहुत पसंद आया, लेआउट वास्तव में अच्छा है और हम प्रशंसकों को शानदार प्रदर्शन देने की पूरी कोशिश करेंगे। डोर्ना स्पोर्ट्स के सहयोग से फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित, इंडियन ऑयल ग्रैंड प्रिक्स ऑफ इंडिया दर्शकों को रेस का रोमांच देखने को मिलेगा। इस रेस में 41 टीमें और 82 राइडर्स मोटोजीपी, मोटो2 और मोटो3 श्रेणियों में भाग लेंगे, जिसमें फ्रांसिस्को बैगनिया, मार्क मार्केज जैसे प्रसिद्ध नाम शामिल होंगे। मार्को बेजेची, ब्रैड बाइंडर, जैक मिलर और जॉर्ज मार्टिन।

# बुद्ध इंटरनेशल सर्किट पर आज से दिखेगा बाइक रेस का रोमांच

**■ एक हजार सीसी की बाइक 360 किमी प्रति घंटा के भरेंगे रोमांच**

**ग्रेटर नोएडा,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। देश में पहली बार होने मोटो जीपी भारत बाइक रेस इवेंट की शुरुआत शुक्रवार से हो रहा है। 22 से 24 सितम्बर तक यमुना एक्सप्रेस वे स्थित बीआईसी में होने वाले इस कार्यक्रम से बीआईसी के ट्रैक पर बाइक की रेस का रोमांच देखने को मिलेगा। जिसे देखने के लिए देश विदेश के दिग्गज व तमाम बड़ी हस्तियां शामिल हो रही हैं। फॉर्मूला-1 रेस के आयोजन के 10 सालों के बाद अब एक बार फिर रफ्तार के रोमांच का इंटरनेशनल इवेंट बीआईसी में आयोजित होने का मौका मिला है। मोटो जीपी (बाइक रेसिंग) से ग्रेटर नोएडा विश्व पटल पर छा जाने को तैयार है। विश्व भर से चैंपियन 1000 सीसी की सुपर बाइक जब 360 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से इस ट्रैक पर दौड़ेंगे तो रफ्तार के दीवानों के रोंगटे खड़े हो जाएंगे। रेस देखने के लिए हजारों विदेश मेहमान भी पहुंच गए हैं। मुख्य रेस में 11 टीमों के 22 चैंपियन रफ्तार का जौहर दिखाएंगे। इनमें मोटो जीपी के विश्व चैंपियन फ्रांसेस्को बगानिया की बादशाहत को दुनिया के नंबर दो रेसर जे. मार्टिन और तीसरे नंबर पर एम. बेज्जेच्ची समेत अन्य रेसर चुनौती देंगे। 1000 सीसी की सुपर बाइक जब बुद्ध -अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर दौड़ेंगी तो



कई किमी तक उनकी गर्जना सुनाई देगी। दर्शकों को इन विश्व चैंपियन को अपने सामने ट्रैक पर देखना भी रोमांच से भरपूर होगा। पहले दिन तीनों फार्मेट के रेसर सर्किट पर प्रैक्टिस रेस करेंगे। दूसरे दिन पोल पोजीशन (सबसे आगे) पाने के लिए लोग रेस में विश्व भर के चैंपियनों के बीच रफ्तार की जंग होगी। 24 सितम्बर को भारत मोटो जीपी की खिताबी दौड़ जीत कर रेसर इतिहास में अपना नाम अंकित करवाएंगे। रेस में शामिल चालकों ने गुरुवार को बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर ट्रेनिंग सत्र में भी हिस्सा लिया। इस इवेंट में रेडबुल, शेल, बी-विन, बीएमडब्ल्यू, ओकले, मॉन्सटर, मोटुल, टिसॉट, रेपसॉल, पोलिनी, गो प्रो, हॉन्डा, मिशेलिन, एमेजॉन, डीएचएल व पेट्रोनॉस जैसी 275 दिग्गज कंपनियां किसी न किसी रूप में भाग ले रही हैं।

उवाच “

उत्तर प्रदेश सरकार अपने परंपरागत कारीगरों, हस्तशिल्पियों और उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों के पास अपना यूनिक उत्पाद है। इन उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए हमारी सरकार प्रदेश के 'एक जिला एक उत्पाद' योजना का संचालन कर रही है। इसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश के 54 उत्पादों की जीआई टैगिंग हो चुकी है।

**योगी, मुख्यमंत्री**

# कैपिटल ज़ोन

# बीमारू राज्य से निकलकर समृद्ध राज्य की ओर कदम बढ़ा चुका है उत्तर प्रदेश : योगी

**ग्रेटर नोएडा,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश अपने पोटेंशियल को पहचान चुका है। नए एक्सप्रेस वे, वाटर वे और एयरपोर्ट के माध्यम से उत्तर प्रदेश की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। विगत छह वर्षों में उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य से निकलकर समृद्ध राज्य की ओर कदम बढ़ा चुका है। साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण

- **अपने पोटेंशियल को पहचान चुका है उत्तर प्रदेश : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**
- **मुख्यमंत्री योगी ने 'यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो' के उद्‌घाटन समारोह को किया संबोधित**
- **नया उत्तर प्रदेश अपने स्केल को स्किल में बदलकर आज खुद को प्रस्तुत कर रहा है : योगी मुख्यमंत्री**

योगदान दे रहा है। अब अपने स्केल को स्किल में बदलकर नए भारत का नया उत्तर प्रदेश अपने आप को प्रस्तुत कर रहा है। यह इंटरनेशनल ट्रेड शो उत्तर प्रदेश के उन भावनाओं का प्रतिनिधित्व कर रहा है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले 6 वर्षों के अंदर यूपी ने प्राप्त की है। सीएम योगी ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट में आयोजित 'यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो' के उद्‌घाटन समारोह को संबोधित किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि अगले 5 दिन तक इस ट्रेड शो में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। सीएम योगी ने कहा कि इस ट्रेड शो में 70 देशों के 70,000 से अधिक बिजनेस टू बिजनेस बायर्स रजिस्ट्रेशन हुए हैं। साथ ही दो हजार से अधिक एग्जिबिटर्स इसमें प्रतिभाग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में ट्रेडर्स और बायर्स के इस ट्रेड शो में आने से उत्तर प्रदेश के 96 लाख से अधिक एमएसएमई उद्यमियों को एक नई प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह ट्रेड शो उत्तर प्रदेश को भारत की









अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन और प्रस्तुत करने में सफल रहेगा। सीएम योगी ने ट्रेड शो में आए ट्रेडर्स और बायर्स का स्वागत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार अपने परंपरागत कारीगरों, हस्तशिल्पियों और उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों के पास अपना यूनिक उत्पाद है। इन उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए हमारी सरकार प्रदेश के 'एक जिला एक उत्पाद' योजना का संचालन कर रही है। इसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश के 54 उत्पादों की जीआई टैगिंग हो चुकी है। सीएम योगी ने कहा पिछले 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री मोदी ने देश के कारीगरों और हस्तशिल्पियों को सम्मान देने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की थी। उन्हीं की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश पहले ही इस कार्यक्रम को आगे बढ़ा चुका था।

कार्यक्रम में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के मंत्री राकेश सचान, लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री बृजेश सिंह, मत्सय विभाग के मंत्री डॉ. संजय निषाद, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जल शक्ति मंत्री दिनेश खटीक, प्रदेश के मुख्य सचिव डीएस मिश्रा, औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# जल जीवन मिशन के स्टाल के अंदर पहुंचे सीएम राष्ट्रपति ने भी हर घर जल स्टाल को निहारा

**ग्रेटर नोएडा,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में जल जीवन मिशन के स्टाल पर प्रदर्शित 'हर घर जल गांव' मॉडल राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन गया। सीएम योगी जहां जल जीवन मिशन के स्टाल के अंदर पहुंचे वहीं राष्ट्रपति ने भी हर घर जल गांव के मॉडल वाले स्टाल को निहारा। इससे पहले गुरूवार को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट परिसर में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के उद्‌घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि महत्वकांक्षी जल जीवन मिशन की 'हर घर जल योजना' के स्टाल पर पहुंचे। स्टाल पर दिखाई दे रही नल की टोंटी और उसमें से हो रही स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति को देख वो वहीं पर रुक गए। उन्होंने वहां पर प्रदर्शित 'हर घर जल गांव' का व्यापक निरीक्षण किया। सीएम ने 'हर घर जल गांव' मॉडल में प्रदर्शित हर घर नल, गौशाला, प्राथमिक विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र में हर घर जल योजना से बदलते यूपी को देखा। इस अवसर पर नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव श्री अनुराग श्रीवास्तव और जल निगम (ग्रामीण) डॉ. बलकार सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने दोनों अधिकारियों से नल कनेक्शन की संख्या और बुंदेलखंड की प्रगति भी पूछी।

पहली बार यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना बड़े निवेशकों, उद्योगपतियों, देशी-विदेशी मेहमानों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। बदलते यूपी की नई



- **ग्रेटर नोएडा में यूपी के पहले इंटरनेशनल ट्रेड शो का आकर्षण बना 'हर घर जल' गांव**
- **इंडिया एक्सपो मार्ट में पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के स्टाल पर सबसे पहले पहुंचे सीएम योगी**
- **नई ऊंचाइयों को छूती नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की हर घर जल योजना से यूपी में आए बदलाव का गवाह बना इंटरनेशनल ट्रेड शो**

तस्वीर पेश करता नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग का स्टाल आकर्षण का केंद्र बना रहा। इससे पहले स्टाल पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, सूचना विभाग के निदेशक शिशिर समेत शासन व सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी भी स्टाल पर हर घर जल गांव मॉडल देखने पहुंचे।


### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी देखा हर घर जल गांव मॉडल

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जैसे है कार्यक्रम स्थल पहुंची तो उन्होंने अपनी कार्ट को हर घर जल गांव मॉडल के सामने पहुंचने पर धीमी करने को कहा। उन्होंने स्टाल पर लगे हर घर जल गावं मॉडल को कुछ देर निहारा भी। उनके साथ बैठे सीएम योगी आदित्यनाथ ने जल जीवन मिशन योजना से यूपी के ग्रामीणों को मिले लाभ की उनको जानकारी दी।

### मेहमान बोले 'जरा सेल्फी हो जाए

नोएडा के 'यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो' में जल जीवन मिशन की स्टॉल वहां आये लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बन गया। यूपी के 'हर घर जल गांव' की झलक देख मेहमान हैरान रह गए। मिशन के स्टॉल पर पहुंचे निवेशक, उद्यमी के साथ महिलाओं व युवाओं ने बदलते यूपी की झलक के साथ सेल्फी लेकर अपने पलों को यादगार बनाया।

# सात समुंदर पार से भारत खींच लाई ब्रांड यूपी की धमक







- **रोमानिया समेत कई अन्य देशों के उद्यमी पहुंचे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो**
- **कारोबारियों ने कहा, योगी राज में हुआ यूपी का कायाकल्प**
- **योगी के नेतृत्व में यूपी का हो रहा चौतरफा विकास**
- **एक जिला, एक उत्पाद योजना से छोटे कारीगरों को हुआ फायदा**

**ग्रेटर नोएडा,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी का चौतरफा विकास हो रहा है। कभी बदतर कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार के लिए बदनाम यूपी आज सुशासन का पर्याय बन गया है। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर हो चुकी है। हाइवे, सड़कों का जाल बिछ चुका है। यही, कारण है कि जहां पहले निवेशक राज्य से बाहर जा रहे थे, वहीं योगी राज में सात समुंदर पार से निवेशक निवेश के लिए आ रहे हैं। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट में शुरू हुए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के पहले ही दिन रोमानिया समेत कई अन्य देशों के कारोबारी पहुंचे। कारोबारियों ने ट्रेड शो के आयोजन की सराहना की।

ट्रेड शो पहुंचे रोमानिया के कारोबारी टिओडोर क्यूरिया यूपी के उद्यमियों से मिलकर बहुत खुश दिखे। उन्होंने कहा कि वो पहली बार भारत में इस तरह के ट्रेड शो में शामिल हो रहे हैं। कंस्ट्रक्शन का कारोबार करने वाले टिओडोर ट्रेड शो में कारोबार की संभावना तलाशने आए थे। वहीं रोमानिया के ही एक अन्य कारोबारी रसवन पॉप ने कहा कि योगी सरकार कारोबार को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक कदम उठा रही है।

### इंदौर से एक साथ 15 कारोबारी पहुंचे ट्रेड शो

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में इंदौर के 15 कारोबारियों का समूह एक साथ पहुंचा। कारोबारी मेहूल दूबे ने कहा कि योगी के नेतृत्व में यूपी का चौतरफा विकास हो रहा है। यूपी के विकास की चर्चा अब हर तरफ होती है। यूपी अब एक ब्रांड बन चुका है। यूपी के कारीगरों को इस तरह के आयोजनों से बहुत लाभ मिलेगा।

### योगी की तारीफ करते नहीं थके कारोबारी

ट्वॉय बैग खिलौना कंपनी चलाने वाले अंकित लाल यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के भव्य आयोजन से काफी खुश नजर आए। अंकित ने कहा कि पूर्व की सरकारों की तुलना में योगी सरकार बहुत काम कर रही है। सरकार कलाकारों को प्रमोट करने के लिए लगातार आयोजन कर रही है। इस तरह के आयोजनों से यूपी के कारोबारियों के लिए विदेश में व्यापार के दरवाजे खुलेंगे। विदेशी कंपनियों के साथ कारोबार के मौके और बढ़ेंगे।

# मोटो जीपी भारत के जरिए यूपी की सशक्त छवि को करेगी प्रस्तुत

■ देवेंद्र सिंह

**ग्रेटर नोएडा,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। शुक्रवार से उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर होने जा रही पहली 'मोटो जीपी भारत' को लेकर योगी सरकार ने बड़ी तैयारी की है। इस इंटरनेशनल इवेंट को भव्य और सफल बनाने के लिए सरकार ने पूरी ताकत झोंक दी है। इवेंट के आयोजन

- **सीएम योगी शनिवार को मोटो जीपी से जुड़ी कंपनियों और ब्रांड्स के सीईओ के साथ करेंगे बैठक**
- **सीईओ कॉन्क्लेव में यूपी की विशेषताओं और संभावनाओं पर दी जाएगी जानकारी**
- **उत्तर प्रदेश की मजबूत आर्थिक स्थिति का स्नैपशॉट प्रस्तुत करेगा मोटो जीपी भारत**

के साथ-साथ योगी सरकार इसके माध्यम से प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश की संभावनाएं तलाशने का भी प्रयास कर रही है। इन्हीं प्रयासों के दृष्टिगत सीएम योगी शनिवार 23 सितम्बर को 'मोटो जीपी भारत' के लिए आ रहे टॉप कंपनियों के सीईओज के साथ एक राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस (सीईओ कॉन्क्लेव) करेंगे। इसमें मुख्यमंत्री इन सीईओज को उत्तर प्रदेश की समृद्धि, उभरते बाजार, इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी समेत अन्य विशेषताओं और संभावनाओं से रूबरू कराएंगे। सीएम ही नहीं, यह आयोजन स्वयं भी उत्तर प्रदेश की ब्रांडिंग का माध्यम बनेगा और प्रदेश की मजबूत आर्थिक स्थिति का स्नैपशॉट प्रस्तुत करेगा।

### टू व्हीलर इंडस्ट्री को रिप्रजेंट कर रहा मोटो जीपी

भारत में पहली बार होने जा रही मोटो जीपी के लिए मेहमानों का आना शुरू हो गया है। इस इवेंट में हिस्सा ले रहे चालकों ने गुरुवार को बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर ट्रेनिंग सेशन में भी हिस्सा लिया। इस इवेंट में रेडबुल, शेल, बी-विन, बीएमडब्ल्यू, ओकले, मॉन्सटर, मोटुल, टिसॉट, रेपसॉल, पोलिनी, गो प्रो, हॉन्डा, मिशेलिन, एमेजॉन, डीएचएल व पेट्रोनॉस जैसी 275 दिग्गज कंपनियां किसी न किसी रूप में भाग ले रही हैं। इन कंपनियों के सीईओ भी इवेंट में शिरकत करने आ रहे हैं। मोटो जीपी की छवि एक ऐसे समृद्ध खेल की है, जिसे न सिर्फ बड़ी संख्या में फैंस का सपोर्ट है बल्कि दुनिया भर के बड़े ब्रांड्स भी इसे तवज्जो देते हैं। कुछ वर्षों में इस खेल ने होस्ट कंट्रीज की अर्थव्यवस्था में भी बड़ा योगदान दिया है। यह खेल टू व्हीलर्स इंडस्ट्री को रिप्रजेंट करता है और भारत व एशिया के अधिकांश हिस्सों में इसकी मजबूत स्थिति है। साथ ही मोटो जीपी ने खेल के माध्यम से रोड सेफ्टी और रोड टू मोटोजीपी कार्यक्रमों जैसे सोशल इनीशिएटिव्स से मोटरसाइकिल सेक्टर और उससे आगे के लिए सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी डेवलप करने की दिशा में जो काम किया है वह सकारात्मक बदलाव लाया है।

### ये स्टार कर रहे पार्टिसिपेट

मोटो जीपी भारत में हिस्सा लेने के लिए दो बार के चैंपियन और वर्ल्ड नंबर वन फ्रांसिस्को बागनाइया (डुकाटी), एनिया बास्तियानीनी (डुकाटी), ब्रैड बाइंडर (रेड बुल), जैक मिलर (रेड बुल), एलेक्स एसपरगारो (एप्रिला), मावेरिक्स विनालेस (एप्रिला), जोहान जारको (प्राइमा) और जॉर्ज मार्टिन (प्राइमा) समेत अन्य दिग्गज हिस्सा ले रहे हैं।

### बड़े पैमाने पर लोगों का होगा इंगेजमेंट

इस ग्लोबल रेसिंग इवेंट में कुल मिलाकर प्रति दिन करीब 1.5 लाख लोग इंगेज होंगे। वहीं, विदेशों से 10,000 लोग इस इवेंट का हिस्सा बनने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट आएंगे। इसके अतिरिक्त, 200 देशों में इस इवेंट को टेलीकास्ट किया जाएगा और 800 से लेकर 1.80 लाख रुपए तक की प्राइस रेंज में इवेंट से जुड़े टिकट्स बिक रहे हैं। कुल 20 अलग-अलग रेसिंग इवेंट्स का आयोजन इन तीन दिनों में होगा जिसमें मेन स्पोर्टिंग इवेंट के तहत फाइनल रेस 24 सितम्बर को होगी। इसमें मुख्यत: 11 टीमें हिस्सा ले रही हैं और दुनिया के सभी देशों से रेसिंग इवेंट के शौकीन दर्शक नोएडा का रुख कर रहे हैं। एक आंकलन के अनुसार, इस इवेंट की टेलीकास्टिंग को पूरी दुनिया में 45 करोड़ से अधिक व्यूअरशिप मिलेगी।

### ये होगा टाइम टेबल

मोटो जीपी भारत में शुक्रवार को प्रैक्टिस सेशन का आयोजन किया जाएगा जो सुबर 9.30 बजे से दोपहर 4 बजे तक अलग-अलग कैटेगरी में चलेगा। शनिवार को प्रैक्टिस सेशन के साथ ही क्वॉलीफाइंग और 12 लैप्स की मोटो जीपी टिसॉट स्प्रिंट होगी। रविवार को वॉर्म-अप के बाद तीनों कैटेगरीज (मोटो-3, मोटो-2 और मोटो जीपी) की मुख्य रेस का आयोजन होगा।

# यूपी ट्रेड शो में आए एग्जिबिटर्स बोले, योगी जैसा कोई नहीं

**ग्रेटर नोएडा,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट में गुरुवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आगाज हो

- **एग्जिबिटर्स ने कहा, योगीजी के शासन कौशल की जितनी तारीफ की जाए कम है**
- **पारंपरिक कला से जुड़े लोगों के कल्याण के लिए जितना काम किया, अब तक की सरकारें नहीं कर पाई थीं**

गया। प्रदेश भर से आए 2000 से ज्यादा एग्जिबिटर्स ने देश और दुनिया के उद्यमियों के सामने अपने उत्पाद प्रस्तुत किए। आयोजन में ओडीओपी उत्पाद और पारंपरिक कला से जुड़े उत्पादों की खास धमक दिख रही है। मुरादाबाद की पीतल के बर्तनों पर की गई नक्काशी हो या बनारस के पारंपरिक लकड़ी के खिलौने, मेरठ की क्रिकेट गेंद हो या आजमगढ़ के मिट्टी के बर्तन, देश और दुनिया से आए कारोबारियों को लुभा रहे हैं। आयोजन में भाग ले रहे एग्जिबिटर्स का कहना है कि योगीजी के शासन कौशल की जितनी तारीफ की जाए कम है। उन्होंने गरीब और हम जैसे पारंपरिक कला से जुड़े लोगों के कल्याण के लिए जितना काम किया, प्रदेश की अब तक की सरकारें नहीं कर पाई थीं। इस तरह के अंतरराष्ट्रीय शो के माध्यम से स्थानीय कलाओं को प्रोत्साहन मिलेगा और कला से जुड़े लोगों के लिए नए मौके खुलेंगे।

पीतल के बर्तन पर नक्काशी के लिए प्रसिद्ध मुरादाबाद के खूब सिंह यादव का कहना है कि इस तरह के आयोजन से पारंपरिक कला का विकास होगा। उन्होंने बताया कि उनके पूरे परिवार का जीविकोपार्जन इसी कला के माध्यम से होता है। विधि से स्नातक करने के बाद भी पारंपरिक कला को ही आय का साधन बनाने वाले यादव ने कहा कि योगीजी के मुख्यमंत्री बनने के बाद से पारंपरिक कलाओं और कलाकारों को काफी प्रोत्साहन मिला है।







सही मायने में कहें तो उनके जैसा न पहले कोई मुख्यमंत्री हुआ और न भविष्य में होगा। सरकार की तरफसे आज कई स्किल डेवलपमेंट के प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं, जिससे हमें अपने उत्पादों की बेहतर पैकेजिंग और मार्केटिंग में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय शो के माध्यम से विदेशों में अपने उत्पादों को पहुंचाने में मदद मिलेगी।

बनारसी लकड़ी के खिलौने का स्टॉल लगाने वाले रामेश्वर सिंह भी प्रदेश के पहले अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो के आयोजन से काफी प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि केंद्र में नरेंद्र मोदी जी की सरकार और प्रदेश में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में हम जैसे पारंपरिक कला से जुड़े कारिगरों को काफी प्रोत्साहन मिला है। 2014 में लकड़ी के खिलौनों को जीआई टैग मिलने के बाद से इसकी मांग देश ही नहीं दुनिया में भी काफी बढ़ गई है। इस कला से जुड़े लोगों के आय में भी करीब 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। केंद्र और प्रदेश सरकार की आसान ऋण योजना के माध्यम से हम जैसे छोटे कारीगरों को भी एक बड़े कारोबारी के रूप में पहचान पाने का हक इसी सरकार ने दिया है।

काली मिट्टी के बर्तन बनाने की प्राचीन कला को सहेज रही आजमगढ़ की रीता प्रजापति ने बताया कि योगी सरकार पारंपरिक कलाओं को जीवित रखने और कलाकारों को आगे बढ़ाने के लिए कई बेहतर कदम उठा रही है। कोरोना जैसी भयंकर महामारी के मुश्किल दौर में भी सरकार ने उनके परिवार को इलक्ट्रॉनिक चाक और मिट्टी घोलने की मशीन दी थी। इस तरह के आयोजन से उन्हें अपनी कला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का मौका मिल रहा है। बिजनौर के कारोबारी मोहम्मद मतलूब कहते हैं कि पूर्व की सरकार की तुलना में योगी सरकार पारंपरिक कलाओं को आगे बढ़ाने पर अधिक ध्यान दे रही है। प्रदेश में पहली बार ऐसी सरकार आई है जो हम जैसे छोटे कारीगरों की मदद के लिए भी कई सारे कदम उठा रही है।



# यीडा के सुपरवाइजर पर लगा सफाई कर्मी को पीटने का आरोप

**दनकौर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र स्थित बुद्धा अंतरराष्ट्रीय सर्किट के आसपास सफाई कर रहे एक सफाईकर्मी को गुरुवार को कथित रूप से यमुना प्राधिकरण के सुपरवाइजर द्वारा पीटने का आरोप लगा है। बताया जाता है कि बगैर जानकारी दिए पानी पीने गए सफाईकर्मी को कई थप्पड़ मारे गए। इसके विरोध में अन्य सफाई कर्मी आक्रोशित हो गए करीब दो घंटे तक कार्य का बहिष्कार किया गया। बाद में अधिकारियों द्वारा आरोपित के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन मिलने पर कार्य दोबारा शुरू किया गया। दरअसल मोटो जीपी रेस के आयोजन से पहले बुद्धा अंतरराष्ट्रीय सर्किट के आसपास कई दिन से सफाई अभियान चला हुआ है। यहीं पर भट्टा गांव के रहने वाले सफाईकर्मी मोनू भी कई दिन से सफाई कर रहा है। बताया जाता है कि गुरुवार की दोपहर मोनू पानी पीने के लिए कुछ मीटर की दूरी पर ही गया था। आरोप है कि इसी दौरान कथित रूप से यमुना प्राधिकरण के सुपरवाइजर द्वारा कार्य नहीं करने की बात कहते हुए पिटाई कर दी गई। इसके विरोध में अन्य सफाईकर्मियों ने कार्य का बहिष्कार कर दिया। सभी लोग बुद्धा अंतरराष्ट्रीय सर्किट के अंडरपास के नीचे एकत्र हो गए।

- **दो घंटे तक सफाईकर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार**

जब अधिकारियों को इसकी जानकारी हुई तो तुरंत मौके पर पहुंचे। इस दौरान आरोपित को धमकाकर वहां से भगा दिया गया।

साथ ही सभी लोगों को समझाने बुझाने लगे। करीब दो घंटे तक सफाईकर्मियों को मनाने में अधिकारियों के पसीने छूट गए। अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया कि मोटो जीपी के समापन के बाद आरोपी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। आश्वासन मिलने के बाद कार्य दोबारा शुरू किया गया।

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 22 सितम्बर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## भारत-कनाडा सम्बन्ध सुधरें

कनाडा में एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या और उसे लेकर दिये गये वहां के प्रधानमंत्री के बयान को लेकर भारत-कनाडा के बीच कटुता बढ़ चली है जिसका कई तरह से असर पड़ सकता है। इससे जहां एक ओर दोनों देशों के बीच परस्पर व्यापार पर प्रभाव पड़ेगा वहीं इसके चलते दोनों देशों में रहने वाले सिखों और हिंदुओं के बीच भी रिश्ते खराब हो सकते हैं। इसके लिये बहुत ज़रूरी है कि भारत और कनाडाई सरकारें आपस में बात कर मुद्दों को सुलझाए। दरअसल ब्रिटिश कोलंबिया में एक कनाडाई सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के राजनयिक सम्बन्ध खराब हो चले हैं। सोमवार को अपनी संसद को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हत्या को भारत सरकार से जोड़ा। इतना ही नहीं, कनाडा ने भारत के राजनयिक को निष्कासित कर दिया। जवाबी कार्रवाई करते हुए भारत ने भी उनके समकक्ष कनाडाई अधिकारी को देश छोड़ने को कह दिया। इसके कारण दोनों देशों के राजनयिक रिश्ते कटु हो गये हैं जिसे सुधारे जाने की आवश्यकता है क्योंकि वहां रहने वाले हिन्दुओं को कनाडा छोड़ने की धमकियां भी मिलने लग गई हैं। हिन्दुओं को यह भी लगता है कि कनाडाई सरकार का झुकाव सिखों की तरफ़ ज्यादा है।

भारत और कनाडा के बीच 8.16 अरब डॉलर का व्यापार होता है। बड़ी संख्या में भारतीय मूल के परिवार वहां बसे हुए हैं। वर्ष 1900 के आसपास से बड़ी संख्या में लोगों का भारत से वहां जाकर बसना प्रारम्भ हुआ था। ज्यादातर लोग पंजाब प्रांत से गये थे और ब्रिटिश सैनिकों के तौर पर उनका जाना हुआ था। बाद के वर्षों में जब कनाडा शिक्षा का एक बेहतरीन हब बना तथा वहां रहन-सहन का स्तर बेहतरीन होने पर लोगों ने पहले तो वहां शिक्षा पाई और बाद में वे वहीं बस गये। 2021 की जनसंख्या के मुताबिक कनाडा में 7.70 लाख सिख और 8.28 लाख हिन्दू हैं जो कुल आबादी का क्रमश: 2.0 एवं 2.3 फीसदी है। सिख बड़े व्यवसायी एवं खेतों के मालिक हैं तो वहीं हिन्दू ज्यादातर नौकरीपेशा हैं। आज भी पंजाब से जाने वालों का वह उच्च वरीयता वाला देश है, चाहे वे हिंदू हों या सिख। कनाडा में दोनों समुदायों के सम्बन्ध बनते-बिगड़ते रहे हैं। भारतीयों की यहां की राजनीति में अच्छी भागीदारी है और भारतीय मूल के कई लोग सरकार में मंत्री रहे हैं, जिनमें सिख काफी हैं।

1980 के दशक में भारत के खालिस्तानी आंदोलन को कनाडा के सिखों द्वारा मदद करने की बात सामने आती रहती थी। वहां के कई अलगाववादी सिख नेता इस आंदोलन को निर्देशित भी करते थे। कहा तो यहां तक जाता है कि भारत में अब यह आंदोलन चाहे समाप्त हो गया हो परन्तु कनाडा से इसकी सुगबुगाहटें अक्सर सुनाई दे जाती हैं। पिछले दिनों ब्रिटिश कोलम्बिया राज्य में एक गुरुद्वारे के बाहर कुछ नकाबपोशों ने अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी जिस पर बयान देते हुए कनाडाई पीएम ने इसमें भारत सरकार की संलिप्तता बतलाकर मामले को गरमा दिया। एक दूसरे के राजनयिकों के निष्कासन ने स्थिति को और भी बिगाड़ दिया है। बात यहीं तक नहीं रुकी। एक अन्य खालिस्तानी चरमपंथी गुरुपतवंत सिंह पन्नू का ऐसा वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वे हिन्दुओं को कनाडा छोड़ देने की चेतावनी देते हुए देखा गया है। पन्नू ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि निज्जर के मारे जाने पर हिन्दुओं ने जश्न मनाया था। पन्नू का हिन्दुओं पर आरोप था कि वे न केवल भारत सरकार का समर्थन करते हैं बल्कि कनाडा में रहने वाले खालिस्तानियों की अभिव्यक्ति के अधिकार को कुचलने का पक्ष भी लेते हैं।

इस वीडियो से वहां के हिन्दुओं में दहशत का माहौल है। हिन्दुओं का मानना है कि जस्टिन ट्रूडो के बयान से खालिस्तानी समर्थकों का हौसला बढ़ा है। एक हिन्दू संगठन के विजय जैन के अनुसार 'इस माहौल में हिन्दुओं के जीवन को खतरा है। वे कहते हैं कि ट्रूडो के रुख से खालिस्तानियों के हौसले बढ़ गये हैं। साफ है कि कनाडा में जो कुछ हो रहा है उससे अगर दोनों समुदायों के बीच तनाव और बढ़ता है तो इसका असर भारत पर भी पड़ेगा।' यह सच है कि भारत ने बड़ा नुकसान उठाकर और पीड़ा सहकर खालिस्तान आंदोलन से निजात पाई है। इसके कारण देश को अपनी एक प्रधानमंत्री को तक गंवाना पड़ा है। देश इस आंदोलन के नये आघात सह नहीं पायेगा। बहुत से छात्र-छात्राएं हैं जो कनाडा के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत हैं। अगर वहां का सामाजिक सौहार्द्र बिगड़ता है तो इसका बड़ा खामियाजा दोनों पक्षों को भुगतना पड़ सकता है। भारत सरकार को इस दिशा में तत्काल पहल करनी चाहिये क्योंकि हिन्दू हों या सिख, दोनों ही समुदायों में भारत के अपने लोग हैं।

माना जा रहा है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई बड़े पैमाने पर कनाडा में खालिस्तानियों को आर्थिक मदद दे रही है और वह इस बात की कोशिश कर रही है कि खालिस्तान आंदोलन फिर से उभरे। उसके द्वारा की जा रही फंडिंग का उपयोग खालिस्तान के समर्थन में जुलूस निकालने, प्रदर्शन करने, पोस्टर, बैनर आदि के लिये किया जा सकता है जिससे वहां युवा सिख इससे प्रभावित हों। ऐसा होने पर खालिस्तानियों की हरकतें भारत में भी बढ़ सकती हैं। भारत सरकार को इस बात की जांच करनी चाहिये। इसके अलावा भारत और कनाडा के बीच सम्बन्धों को तत्काल सुधारने की ज़रूरत है। अगर यह आंदोलन कनाडाई सिखों के बीच उभरा तो उन देशों में भी फैल सकता है जहां खालिस्तान समर्थक सिख रहते हैं।

# इस बार के इवेंट में आधी आबादी केंद्र में

मूमल की मां रसोई में रोटी बेल रही थी कि मूमल के पिता ने तेज़ आवाज़ में कहा- 'अरे सुनो, महिला आरक्षण बिल पास होने वाला है। अब 33 फ़ीसदी महिलाएं लोकसभा और विधानसभा में आ जाएंगी। ये असली मास्टर स्ट्रोक है भई। अब कुछ नहीं हो सकता इस विपक्ष का।

सुनकर मूमल की मां के चेहरे पर मुस्कान खिल गई थी। 'यह तो कमाल हो गया... जो कोई न कर पाया वह इन्होंने कर दिखाया। इतने वर्षों में हम तो इसे भूल ही गए थे।' कहते-कहते मूमल की मां बेलन और मुस्कुराहट दोनों को लिए बैठक में आ गई थी।

'ज़्यादा खुश मत हो। यह इस बार नहीं होने वाला। अभी जनगणना होगी, फिर नई सिरे से संसदीय क्षेत्र बनेंगे, 2029 में होगा यह सब।' मूमल के पिता जिन्हें वे शर्माजी कहती थीं, उन्होंने अपनी गर्दन टेढ़ी करते हुए कुछ कहा। इतना सुनना था कि मूमल की मां की खिली मुस्कान एकदम से सिकुड़ गई। 'हे भगवान, फिर किसलिए इतना तामझाम! क्यों नहीं की अब तक जनगणना, क्यों नहीं इतने सालों में इस पर विचार किया? 2029 तो बहुत दूर है और कल को किसने देखा है।' वह निराश स्वर में बोली थी।

मूमल की मां जैसा हाल कई महिलाओं का है। उनकी खुशी जैसे वक्त का ब्रेक साथ लेकर आई है। कुछ ने नाचने-गाने में भी देर नहीं की। यूं यह लोकप्रिय प्रधानमंत्री की लोकप्रिय शैली में शामिल है। कभी थाली बजवाना तो कभी सबको कतार में लगवा देना। उनकी छवि ऐसी भी है कि वे बस कर डालते हैं- तुरंत प्रभाव से। नोटबंदी, कोरोना में देशबन्दी, कश्मीर से धारा 370 की विदाई...। वे अधिक वक्त नहीं लेते। इस मामले में उन्होंने लम्बा वक्त लिया है। शायद चुनाव नज़दीक हैं इसलिए और 2024 में महिला वोट की अहमियत को समझते हुए भी। महिलाओं को लग रहा है कि इस बार कसौटी पर आधी आबादी की भावनाएं हैं और कहीं अब वे इवेंट की सियासत में इस्तेमाल न हो जाएं। सांसद वृंदा करात उस वक्त बेहद सक्रिय भूमिका में थीं जब यह बिल 2010 में राज्यसभा में पास हुआ था। वे लिखती हैं-'मुझे अफ़सोस है कि जिस बिल को लाने में तीन दशकों तक संघर्ष किया वह एक नाकाम सरकार का कवच बनकर सामने आया है। सरकार अब संसदीय कार्यवाही को भी 'धमाके' की तरह प्रस्तुत कर रही है। मुझे याद है कि तमाम विरोध के बावजूद उस रात बिल के पास होने के बाद सुषमा स्वराज जी और हम सबने गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी थी। बहरहाल आज भी यह एक बेहतरीन निर्णय ही है। इस मौके पर जहां उन सबको याद किया जाना चाहिए जिन्होंने इसके लिए लम्बी लड़ाई लड़ी और उन नेताओं को कभी माफ़ नहीं किया जाना चाहिए जिन्होंने अतीत में अड़ंगा डाला। विधेयक की प्रति छीनकर फाड़ दी गई और सक्रिय महिला सदस्यों को 'परकटी' कहा। प्रमिला दण्डवते को शरद यादव ने यही सम्बोधन दिया था।

बिल से देश की जनता वाकिफ़ है, इसकी ज़रूरत से भी और अगर सरकार गंभीर है तो यह जल्द मिलना चाहिए। बिल टालने की वैचारिकता और लाने की सियासत को सूट करने की हालत में बिलकुल नहीं फंसना चाहिए। नहीं होगा, क्योंकि इस बार आधी आबादी केंद्र में है और लंबा इंतज़ार भी उन्हीं के हिस्से में आया है।



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

> लगभग तीन दशकों से देश पंचायत और शहरी निकायों में ऐतिहासिक 33 फ़ीसदी महिला आरक्षण का भी साक्षी रहा है। इन बातों में कोई दम नहीं है कि सरपंच पति या मुखिया पति बनकर महिलाओं के पति ही कामकाज चलाते हैं। जैसा पुरुष प्रधान हमारा समाज है वहां इस दौर से भी गुज़रना होगा। महिला किस तरह बेड़ियों को तोड़कर अपनी संवैधानिक ताकत को पहचानती है।

नई संसद में दाखिल होने के ऐतिहासिक दिन राष्ट्रपति महोदया की अनुपस्थिति भी समझ से परे है। वे यहां सेंगोल की स्थापना के समय भी अनुपस्थित थीं। ऐसा क्यों है कि सत्तापक्ष सदैव श्रेय की होड़ में नज़र आता है? प्रधानमंत्री कहते हैं-'महिला आरक्षण बिल पर काफी चर्चा हुई, लेकिन यह सपना अधूरा था। ईश्वर ने ऐसे कामों के लिए मुझे चुना है।' फिर पहलवानों के यौन शोषण, मणिपुर में महिलाओं के ख़िलाफ़ यौन हिंसा, बिलकिस बानो के अपराधियों की समय से पहले रिहाई को किसने चुना है? यहां ईश्वर के चुने हुए प्रिय पात्र मौन क्यों रखते हैं? कठुआ, हाथरस में जब स्त्री की अस्मिता और वजूद तार-तार होते हैं तब भी मौन क्यों रहा जाना चाहिए। बहुत मायने रखता है कि आपका अपना ट्रैक रेकॉर्ड महिला को न्याय देने में बेहतर हो। बेशक़ महिला आरक्षण बिल का लाना अच्छी सोच है लेकिन महिला की सामाजिक हैसियत का भी मज़बूत होना ज़रूरी है कि वह खुद अपने लिए लड़ सके और गरिमा के साथ जी सके।

अब जब लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पास हो गया है और लगभग सारे सांसद इसके समर्थन में हैं तो अगली की अगली (2029) लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 182 तो न्यूनतम होगी ही। परिसीमन के बाद यह बढ़ भी सकती है। हमारी संसद और विधानसभाओं में यह 15 प्रतिशत से ज़्यादा कभी नहीं रही। यहां तक कि पाकिस्तान (20 प्रतिशत), नेपाल (21) और बांग्लादेश (33) में भी महिला सांसदों की संख्या हमसे ज़्यादा है। दुनिया का औसत भी 26 फ़ीसदी है। भारत दुनिया में 141वें क्रम में है। यानी 140 देश महिलाओं को चुनने में हमसे आगे हैं। वर्तमान लोकसभा में सर्वाधिक महिला सांसद (82) हैं। सभी दलों ने बिल का स्वागत तो कर दिया है लेकिन ये खुद कभी अपने दलों में 33 फ़ीसदी टिकट महिलाओं को नहीं देते। केवल तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस ही थोड़े बेहतर हैं।

परिसीमन बड़ी चुनौती इसलिए साबित हो सकता है क्योंकि जनसंख्या के आधार पर सीटें पाने में उत्तर भारत हावी रहा है। दक्षिण में शिक्षा और परिवार नियोजन अपनाने के बाद आबादी पर नियंत्रण हुआ है, उत्तर भारत की आबादी बढ़ती जा रही है। 1971 की जनगणना के बाद आखिरी बार यह संख्या 543 हुई। ज़्यादा आबादी ज़्यादा सीटों के फ़ॉर्मूले पर दक्षिण को एतराज़ है। जनगणना की प्रक्रिया अगले दो सालों में पूरी हो पाती है और उसके बाद परिसीमन की, तब ही 2029 की लोकसभा बढ़ी हुई महिला सदस्यों को देख पाएगी। भारतीय जनता पार्टी का यह मास्टर स्ट्रोक इसीलिए भी कहा जाना चाहिए क्योंकि उसने महिला मतदाता को खुद से न केवल 24 बल्कि 29 के आम चुनावों तक से जोड़ लिया है। यह सच है कि 19 वीं लोकसभा के लिए पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने ज़्यादा मतदान किया और भाजपा अपनी सफलता में इसे भी एक बड़ा कारण मानती है। लगभग तीन दशक से अधर में झूल रहे इस बिल को आधार देने के प्रयास पर जनता की पैनी नज़र होगी। स्त्री शक्ति ने ऐसा सकारात्मक माहौल तो बनाया है कि अंदर से विरोध करती रही पार्टियों को भी आज समर्थन की मुद्रा में आना पड़ा है।

लगभग तीन दशकों से देश पंचायत और शहरी निकायों में ऐतिहासिक 33 फ़ीसदी महिला आरक्षण का भी साक्षी रहा है। इन बातों में कोई दम नहीं है कि सरपंच पति या मुखिया पति बनकर महिलाओं के पति ही कामकाज चलाते हैं। जैसा पुरुष प्रधान हमारा समाज है वहां इस दौर से भी गुज़रना होगा। महिला किस तरह बेड़ियों को तोड़कर अपनी संवैधानिक ताकत को पहचानती है, उसके लिए नीना गुप्ता और रघुवीर यादव की वेब सीरीज पंचायत देखी जानी चाहिए। हल्ला 'कोटे में कोटा' का भी है। महिलाओं में भी पिछड़ी महिलाओं के आरक्षण की बात दलों के मुखिया कर रहे हैं। ओबीसी कोटा को शामिल करने का आग्रह है जबकि पुराने बिल में ऐसा नहीं था। देखना होगा कि ये दल किस तरह सहमति बनाते हैं। यूं जिस शक्ति के साथ भारतीय जनता पार्टी अभी संसद में मौजूद है, इस बार सब कुछ कर सकती थी। महिला मतदाता अब बड़ी भूमिका में होंगी। मूमल की मां भी और नए दौर में उसे यह एहसास भी है कि लोकतंत्र की जननी कहे जाने वाले भारत की संसद में उसकी बेटियां अब ज़्यादा से ज़्यादा शिरकत करेंगी। दोहराना ज़रूरी है कि उन्हें चौकन्ना रहना होगा कि नीयत और इवेंट मैनेजमेंट के बारीक फर्क को भी समझ सकें। चुनावी वैतरणी पार करने के लिए उनकी भावनाओं का इस्तेमाल न हो सके। चुनकर वे ही महिलाएं आएं जो स्त्रियों की आवाज़ को लोकतंत्र के सर्वोच्च शिखर पर बुलंद कर सकें, दल की परछाई बनकर नहीं। नई संसद में सोनिया गांधी ने बहुत ठीक ही आग्रह किया- 'स्त्री के त्याग, स्त्री की गरिमा और स्त्री के धैर्य को पहचान कर ही हम लोग मनुष्यता की परीक्षा में पास हो सकते हैं।' नारी शक्ति वंदन अधिनियम नेताओं की असल परीक्षा होगी और रिपोर्ट कार्ड में स्त्रियां अंक भरेंगी।

**( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# खालिस्तान मुद्दे का विदेश नीति पर प्रभाव

■ **गिरीश लिंगन्ना**

1947 में भारत को ब्रिटेन से आज़ादी मिलने के बाद, कुछ लोगों ने नहीं सोचा था कि इतने सारे अलग-अलग क्षेत्रों वाला देश एक साथ रह सकता है। भारत एकजुट रहने में कामयाब रहा है, लेकिन इसकी एकता के लिए चुनौतियां भी बनी रही हैं। एक महत्वपूर्ण चुनौती खालिस्तान आंदोलन है, जो सिखों के लिए एक अलग देश बनाना चाहता है। 18 सितंबर को केनेडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया कि खालिस्तान की आजादी का समर्थन करने वाले कनाडाई सिख नेता की गत जून में की गई हत्या के लिए भारत सरकार के एजेंट जिम्मेदार थे। भारत सरकार किसी भी संलिप्तता से इनकार करता है और केनेडा पर 'आतंकवादियों और अलगाववादियों' को पनाह देने का आरोप लगाता है। कितना गंभीर है खालिस्तान आंदोलन?

खालिस्तान आंदोलन की जड़ें सिख धर्म में हैं, भारत में जिसके मानने अनुयायियों की संख्या लगभग 230 लाख और दुनिया भर में 30 लाख अतिरिक्त है। सिख धर्म की शुरुआत 15वीं शताब्दी में पंजाब में हुई, जो उत्तरी भारत का एक क्षेत्र था जिस पर उस समय मुगलों का नियंत्रण था। 1699 में, सिख धर्म के नेता, गुरु गोविंद सिंह ने धर्म में महत्वपूर्ण परिवर्तन किये। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वह मुस्लिम शासन के अधीन रहने से नाखुश थे और उन्होंने सिख पुजारियों के बीच भ्रष्टाचार देखा था। उनके सुधार, जिन्हें 'खालसा' परंपरा के रूप में जाना जाता है, ने सिख धर्म के तौर-तरीकों को बदला तथा उन्हें अनुयायियों को नये ढंग से संगठित किया। इसका एक राजनीतिक उद्देश्य भी था: पंजाब में सिख शासन स्थापित करना।

> खालिस्तान आंदोलन की जड़ें सिख धर्म में हैं, भारत में जिसके मानने अनुयायियों की संख्या लगभग 230 लाख और दुनिया भर में 30 लाख अतिरिक्त है। सिख धर्म की शुरुआत 15वीं शताब्दी में पंजाब में हुई, जो उत्तरी भारत का एक क्षेत्र था जिस पर उस समय मुगलों का नियंत्रण था। 1699 में, सिख धर्म के नेता, गुरु गोविंद सिंह ने धर्म में महत्वपूर्ण परिवर्तन किये। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वह मुस्लिम शासन के अधीन रहने से नाखुश थे और उन्होंने सिख पुजारियों के बीच भ्रष्टाचार देखा था।

जब भारत को आज़ादी मिली, तो कुछ सिख अपना अलग देश बनाना चाहते थे, लेकिन उनकी संख्या ज़्यादा नहीं थी। 1941 की जनगणना के अनुसार ब्रिटिश काल के भारतीय पंजाब प्रांत में सिक्खों की संख्या लगभग 15 प्रतिशत थी। अंग्रेज़ों ने पंजाब को दो भागों में बांट दिया, कुछ हिस्सा भारत को और कुछ पाकिस्तान को दे दिया। पाकिस्तान की ओर रहने वाले अधिकांश सिखों ने भारत आने का फैसला किया।

इसके खालिस्तान बनाने का विचार दूर नहीं हुआ। यह 1970 के दशक के अंत और 1980 के दशक की शुरुआत में ब्रिटेन और केनेडा जैसे देशों में सिख समुदायों द्वारा संचालित होकर वापस आया। 1980 में, लंदन में जगजीत सिंह चौहान नाम के एक डॉक्टर ने 'खालिस्तान गणराज्य' का अध्यक्ष होने का दावा किया।

भारत सरकार पहले खालिस्तान को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं थी क्योंकि वे भारत के एक राज्य पंजाब की राजनीति को लेकर ज्यादा चिंतित थे। 1970 के दशक में, पंजाब में लोग अधिक स्व-शासन और सिखों के पक्ष में नीतियों की मांग कर रहे थे। उस समय भारत में सत्तारूढ़ दल, कांग्रेस ने सोचा कि ये अनुरोध भारत से अलग होने की दिशा में एक कदम था। 1980 के दशक में पंजाब में स्वशासन की यह मांग हिंसात्मक आंदोलन में बदल गई।

कुछ हिंसा इसलिए हुई क्योंकि अधिक से अधिक लोग जरनैल सिंह भिंडरावाले का अनुसरण कर रहे थे, जो एक चरमपंथी विचार वाले उपदेशक थे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में सिख 'गुलाम' की तरह थे और वे चाहते थे कि वे अपने धर्म की मूल मान्यताओं पर वापस लौटें। भिंडरावाले ने खुले तौर पर खालिस्तान की आजादी की मांग नहीं की, लेकिन उन्होंने कहा कि अगर इसकी पेशकश की गई तो वह इनकार नहीं करेंगे। उनके शब्दों ने लोगों के विभिन्न समूहों के बीच हिंसा को और भी बदतर बना दिया।

सबसे महत्वपूर्ण क्षण 1984 में हुआ। उस समय, भिंडरावाले और उसके अनुयायियों ने पंजाब के अमृतसर शहर में स्थित सिख धर्म के सबसे पवित्र स्थान स्वर्ण मंदिर पर कब्जा कर लिया था। वे वहां से अपने विद्रोह का नेतृत्व करने की कोशिश कर रहे थे। जैसे ही राज्य में हिंसा फैली, भारत सरकार ने आतंकवादियों को हटाने के लिए मंदिर में जाने का निर्णय किया।

ऑपरेशन ब्लू स्टार का खालिस्तान आंदोलन पर काफी प्रभाव पड़ा। अनुमान है कि इस ऑपरेशन के दौरान 3,500 से अधिक लोगों की जानें चली गईं, जिनमें कई सरकारी सैनिक, तीर्थयात्री और यहां तक कि खुद भिंडरावाले भी शामिल थे। इस हिंसा ने सिख समुदाय पर गहरा असर डाला और एक स्थायी भावनात्मक घाव पैदा कर दिया। कुछ ही समय बाद, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, जिन्होंने ऑपरेशन का आदेश दिया था, की उनके सिख अंगरक्षक द्वारा हत्या कर दी गई। इस घटना के कारण और भी अधिक हिंसा हुई, पूरे भारत में सिखों पर हमले हुए, जिसके परिणामस्वरूप हजारों लोग मारे गये।

परिणामस्वरूप, खालिस्तान आंदोलन को बल मिला। भारत और अन्य देशों में सिख इस मुद्दे में शामिल हो गये और खालिस्तानी आतंकवादियों द्वारा हिंसा बढ़ गई। 1985 में खालिस्तानी आतंकियों ने मॉन्ट्रियल से लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान में बम रख दिया था। इस भयावह कृत्य के परिणामस्वरूप 329 लोगों की जानें चली गई, जिनमें मुख्य रूप से कनाडाई थे।

समय के साथ भारत में खालिस्तान आंदोलन कमजोर पड़ गया। यह कुछ हद तक सरकारी कार्रवाइयों और अर्थव्यवस्था में सुधार के कारण था। जबकि कुछ सिख अभी भी भिंडरावाले को एक शहीद के रूप में देखते हैं, बहुत कम लोग उसके रास्ते पर चलने का प्रयास करते हैं, और जो ऐसा करते हैं उन्हें तुरंत रोक दिया जाता है। खालिस्तानी स्वतंत्रता का समर्थन करने वाली एकमात्र राजनीतिक पार्टी को हालिया राज्य चुनाव में 3 प्रतिशत से कम वोट मिले।

भारत के बाहर खालिस्तान आंदोलन सक्रिय रहता है। संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और केनेडा में ऐसे समूह हैं जो अभी भी अलगाववाद की वकालत करते हैं। निज्जर की हत्या और ट्रूडो के भारत पर आरोप लगने से पहले से ही केनेडा के साथ भारत के संबंध तनावपूर्ण थे। इसी तरह का तनाव दूसरे देशों के साथ भी पैदा हो सकता है। खालिस्तान का मुद्दा भारत की आंतरिक एकता के लिए फिलहाल खतरा नहीं हो सकता है, परन्तु इसका उसकी विदेश नीति पर प्रभाव पड़ना जारी है।

## पावन प्रसंग

### समूचे विश्व में पूजा होती है गणेश की

किसी भी शुभ कार्य से पूर्व गणपति का पूजन भारतीय परम्परा की विशिष्टता है। गणपति को विघ्नेश, एकदन्त, गणपति, गजानन, गणनायक गणाधिपति गणाध्यक्ष तथा लम्बोदर इत्यादि अनेकानेक नामों से पूजा जाता है। गणेश जी का स्वरूप गणपति का आदर्श माना जाता है. यही वजह है कि लोक चेतना में उनका यह स्वरूप इतना समाया हुआ है कि प्रत्येक मांगलिक कार्य तथा विधि विधान उन्हीं के पावन स्मरण, आह्वान तथा पूजा-अर्चना से शुरू होता है। ऋद्धि-सिद्धि के देव गणेशजी न केवल भारत में, अपितु तिब्बत, चीन, बर्मा, जापान जावा तथा बाली इत्यादि तमाम देशों में भी विभिन्न रूपों में पूजे जाते हैं। यही नहीं, इन देशों में गणेशजी की प्रतिमाएं भी चप्पे-चप्पे पर देखने को मिल जायेगी।

सफलता समृद्धि की सहचरी है. इसलिए बिना किसी व्यवधान के कार्य संपन्न कराने हेतु स्वयमेव सफलता प्राप्ति की दृष्टि से ही गणेश लाभ व लक्ष्य के स्वामी होकर सर्व पूजनीय हो गए। भारतीय पुराणों में गणेश जी की अनेकों कथाएं समाहित है बल्कि 'गणेश पुराण' की महिमा सीमाओं की संकीर्णता से परे है, इसलिए पश्चिमी देशों की प्राचीन संस्कृतियों में भी गणेश की अवधारणा विद्यमान है।

पश्चिम में रोमन देवता 'जेनस' को गणपति के समकक्ष माना गया है। ऐसा माना जाता है कि जब भी इतालवी व रोमन पूजा अर्चना करते थे तो वे अपने इष्ट जेनस का नाम लेते थे। 18 वीं शताब्दी के संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान विलियम जोन्स ने जेनस व गणपति की पारस्परिक तुलना करते हुए माना है कि गणेश में जो विशेषताएं पाई गयी हैं वे सभी जेनस में भी है। यहां की रोगन व संस्कृत शब्दों के उच्चारण में भी इतनी समानता है कि दोनों देवों में अन्तर नहीं किया जा सकता।

भारत से बाहर विदेशों में बसने वाले भारतीयों ने भारतीय संस्कृति की जड़ों को काफी गहराई तक फैलाने का प्रयास किया और इन पर भारतीय देवताओं की पूजा उपासना का स्पष्ट प्रभाव था जो आज भी है। विदेशों में प्रकाशित पुस्तक गणेश-ए-मोनोग्राफ आफ द एलीफेन्ट फेल्ड गॉड में जो तथ्य उजागर किये गये हैं, उससे इस बात का स्पष्ट प्रमाण मिलता है कि विश्व के कई देशों में गणेश प्रतिमाएं बहुत पहले से पहुंच चुकी है और विदेशियों में भी गणेश के प्रति श्रद्धा और अटूट विश्वास रहा है। विदेशों में पाई जाने वाली गणेशजी की प्रतिमाओं में इनके विभिन्न स्वरूप अलग-अलग देखे गये हैं। जावा में गणेश की मूर्तियों में वे पालथी मार कर बैठे दिखाये गये हैं, उनके दोनों पैर जमीन पर टिके हुए हैं व उनके तलुए आपस में मिले हुए हैं। हमारे देश में गणेश जी की मूर्तियों में उनकी सूंड प्राय: बीच में दाहिनी या बांई और और मुड़ी हुई है किन्तु विदेशों में वह पूर्णतया सीधी, सिरे से मुड़ी हुई है।

जापान में गणेश को 'कातिगेन' नाम से पुकारा जाता है। यहां पर बनी गणेशजी की मूर्तियों में दो या चार हाथ दिखाये गये हैं। सन् 804 में जब जापान का कोबोदाइशि धर्म की खोज करने हेतु चीन गया तो उसे वहां बजबोधि और अमोधवज नामक भारतीय आचार्य विद्वानों द्वारा मूल ग्रन्थों का चीनी अनुवाद करने का मौका मिला तो चीन की मंत्र विद्या प्रणाली में गणेश जी की महिमा को भी वर्णित किया गया। सन् 720 में चीन की राजधानी लो याग अमोध्वज पहुंचा, जो भारतीय मूल का ब्राह्मण था, जिसे चीन के कुआग-फूं मंदिर में पुजारी के रूप में नियुक्त किया गया था। बाद में अमोध्वज से एक चीनी धर्म परायण व्यक्ति हुई कुओ ने पहले दीक्षा ली, फिर उसने कोषोदाइशि को दीक्षा दी, जिसने वहां के विभिन्न मठों से संस्कृत की पांडुलिपियां एकत्र कीं व सन् 806 में जब व जापान लौटा तो बज धातु के महत्वपूर्ण सूत्रों के साथ गणेश जी के चित्र भी साथ ले गया, जिसे सुख-समृद्धि पर परब्रह्म की जानमयी शक्ति के रूप में माना गया। जापान के कोयसान सन्तसुजी विहार में गणेश की चार चित्रावलियां रखी गयी है जिनमें युग्म गणेश, षड्भुज गणेश चतुर्भुज गणेश तथा सुवर्ण गणेश हैं।

**चेतन चौहान ( सुमन सागर से )**

## आपके पत्र

### महिला आरक्षण -दूर के ढोल सुहावने

ये तो मानना ही पड़ेगा कि साहिब जी ने लुकाछिपी के बीच एक बड़ा खेला किया है। देश की सबसे कमज़ोर नस जिसका बड़ा हिस्सा धार्मिक पाखंड में, आज़ादी के 75 साल पूरे होने के बाद भी डूबा हुआ उसे एक ऐसा दिवास्वप्न दिखा दिया है। जिससे लगता है वे भोली-भाली महिलाएं चपेट में आ जाएंगी। ये एक ऐसा हथियार है जो नगर निकायों से लेकर पंचायतों में पहले से मिल चुका है और अब महिलाएं इसे कम ही सही इस्तेमाल कर रही हैं।

लगता है, पांच दिन का विशेष सत्र महिला आरक्षण के नाम ही रहेगा। जिस तरह का प्रारुप सामने आया है ऐसा तो कांग्रेस राज्यसभा में पहले पारित कर चुकी थी जिसमें एससी और एसटी को आरक्षण के अंदर आरक्षण की बात थी। बात तो तब भी पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के आरक्षण पर अटकी थी आज भी यही सवाल फिर उठ खड़ा हुआ था। यह कांग्रेस का ही महिला आरक्षण बिल है वह इस पर भी आसानी से मुहर लगा देती किंतु यह इंडिया गठबंधन में दरार पैदा कर देता इसलिए आज कांग्रेस भी पिछड़े वर्ग के महिला आरक्षण हेतु प्रतिबद्ध है। कहने का आशय यह कि जैसा कि साहिब जी ने कहा कि प्रभु की इच्छा से ही यह नेक काम मेरे हाथों होना था। हो सकता है बहुमत के कारण यह बिल दोनों सदन में पास भी हो जाए किंतु अमलीजामा 128वां संशोधन विधेयक तभी पहन पाएगा जब देश की जनगणना होगी। 1973 के बात नया परिसीमन होगा। तब तक बहुत कुछ आया राम गया राम हो चुका होगा। उम्मीद की जा रही है कि यह सन् 2029 के आमचुनाव तक ही यह कानून का स्वरूप धारण कर पाएगा। वह श्रेय किसे मिलेगा यह आगत वक्त ही बताएगा।

मतलब यह है कि नारी शक्ति वंदन विधेयक की दूर के ढोल सुहावने जैसी स्थिति बन रही है। यह दूर की कौड़ी लगभग वैसी ही है जैसे पंद्रह लाख खाते में आना,दो करोड़ युवाओं को रोजगार देना या भ्रष्टाचार रोकने लोकपाल बनाना-वगैरह थीं। देश की आधी आबादी को लुभाने का यह तरीका उनके अनुसार फायदेमंद और ऐतिहासिक होगा। लेकिन ऐसा लगता नहीं है कि यह उनको सफलता दिलाएगा क्योंकि यह मन मानकर जल्दबाजी में इसलिए किया जा रहा है ताकि अंदर से संघ और कट्टर भाजपाई मुखर ना हो पाएं। वे पहले से महिला विरोधी हैं। साहिब महिलाओं की पीड़ा भुनाना चाहते हैं। महिलाओं को सोचना चाहिए कि महिलाओं को घर बैठकर रहने की बात कहने वाले लोग जिस तेजी से आज बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और उन्हें विशेष सुविधाओं की बात कर रहे हैं और क्यों? अचानक महिला आरक्षण नारी वंदन कैसे सामने और क्यों सामने आ गया? याद करिए विदेश में देश की शान बढ़ाने वाली महिला पहलवानों के साथ भाजपा सांसद की करतूतों पर इन्होंने कैसा मौन साधा। वे न्याय पाने चीखती-चिल्लाती रहीं, यहां तक कि इन पहलवान लड़कियों को अश्रु भी बहाने पड़े। मणिपुर में डबल इंजन सरकार का महिलाओं के प्रति क्या व्यवहार रहा सबने देखा है। मध्यप्रदेश में महिला संविदा शिक्षकों को इतना प्रताड़ित किया गया कि उन्होंने अपने मुंडन भी कराए। देश की बहू सोनिया गांधी और बेटी उमा भारती की स्थिति इनकी नज़र में क्या है? ये हम देख ही रहे हैं। सुषमा स्वराज जैसी मेधावी नेत्री जो प्रधानमंत्री बनने की हैसियत रखती थीं उनका हश्र भी सबने देखा। आज सदन में भाजपा की जो नेत्रियां हैं वे इतनी कमज़ोर बना दी गई हैं कि सरकार के गलत निर्णयों पर या महिला अत्याचार पर भी अपनी जुबां खोल नहीं पाती हैं। चुनावी दौर में उनका सम्मान और महिला आरक्षण बिल को नारी वंदन नाम दे देने से उनकी भलाई नहीं होगी।

**सुसंस्कृति परिहार**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## इराकी सेना के हवाई हमले में चार आईएस आतंकवादी ढेर

**बगदाद।** इराक के उत्तरी प्रांत किरकुक में सेना के हवाई हमले में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के चार आतंकवादी मारे गये हैं। इराकी सेना के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इराकी लड़ाकू विमानों ने मंगलवार को बगदाद से करीब 250 किमी उत्तर में स्थित किर्कुक प्रांत की राजधानी किरकुक के दक्षिण-पश्चिम मंह वाडी ज़घाइटून के ऊबड़-खाबड़ इलाके में आईएस के ठिकानों पर हवाई हमले किए।

# पाकिस्तान में आगामी जनवरी में होंगे आम चुनाव




- परिसीमन की प्रारंभिक सूची 27 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी
- निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम सूची 30 नवंबर को प्रकाशित की जाएगी

**इस्लामाबाद,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने गुरुवार को घोषणा की कि देश में आम चुनाव अगले साल जनवरी के आखिरी सप्ताह में होंगे। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव पैनल ने बताया कि नई जनगणना के अनुरूप की जा रही परिसीमन की प्रारंभिक सूची 27 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी।

ईसीपी ने कहा, उसने गुरुवार को परिसीमन प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की और फैसला लिया कि प्रक्रिया से संबंधित आपत्तियों एवं सुझावों को सुनने के बाद निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम लिस्ट 30 नवंबर को प्रकाशित की जाएगी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ईसीपी ने एक बयान में कहा कि इसके बाद 54 दिवसीय चुनाव कार्यक्रम पूरा होने के बाद अगले साल जनवरी (2024) के आखिरी सप्ताह में आम चुनाव होंगे। ईसीपी के बयान ने चुनावों को लेकर अनिश्चितता को समाप्त कर दिया है। दरअसल, पिछली पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के नेतृत्व वाली सरकार के नई जनगणना को मंजूरी देने के कदम ने चुनावी निकाय को चुनाव कराने से पहले नया परिसीमन करने के लिए बाध्य किया था, जिससे अनुचित देरी की आशंका पैदा हो गई थी। इस साल अगस्त में राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने के बाद, ईसीपी को 3 महीने की निर्धारित समय अवधि के भीतर चुनाव कराने की जरूरत थी, जिसका अर्थ है कि चुनाव 6 नवंबर से पहले नहीं होने चाहिए। हालांकि, ईसीपी ने कहा कि वह चुनावों से पहले नई सीमाएं खींचने के लिए संवैधानिक रूप से बाध्य है, इसलिए 3 महीने की समयावधि के भीतर चुनाव कराना संभव नहीं है।

## नेपाल के प्रधानमंत्री कल से चीन यात्रा पर

**काठमांडू,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल एक सप्ताह के लिए चीन की यात्रा पर रहेंगे। वह शनिवार (23 सितंबर) से यात्रा की शुरूआत करेंगे। इस दौरान उनका अपने चीनी समकक्ष ली कियांग के साथ द्विपक्षीय बैठक करने का कार्यक्रम है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल चीनी समकक्ष ली के निमंत्रण पर चीन का दौरा कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में राष्ट्रीय योजना आयोग के उपाध्यक्ष मिन बहादुर श्रेष्ठ ने कहा, प्रधानमंत्री के साथ उनकी बेटी गंगा दहल, विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सऊद, जल आपूर्ति मंत्री महिद्र राय यादव, भौतिक अवसंरचना और परिवहन मंत्री प्रकाश ज्वाला, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शंकर दास बैरागी होंगे। 25 सितंबर को प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल बीजिंग में ली से मुलाकात करेंगे जहां दोनों नेता प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे, जिसके बाद कुछ समझौतों पर हस्ताक्षर होंगे।बीजिंग में कार्यक्रम पूरा करने के बाद प्रचंड अपने कार्यक्रम के अनुसार चोंगकिंग शहर का दौरा करेंगे जहां वह चोंगकिंग कृषि विज्ञान अकादमी और अन्य संस्थानों की यात्रा करेंगे।




## चिली के स्वतंत्रता समारोह के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में 25 लोगों की मौत

**सैंटियागो,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। चिली में 15 से 19 सितंबर तक वार्षिक स्वतंत्रता समारोह 'फिएस्टास पैट्रियास' के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कुल 25 लोगों की मौत हुई।

चिली के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार ग्यारह लोगों की मौत कुचलने से हुई, टक्कर से छह लोगों की, भिडंत से चार लोगों की और वाहनों के पलटने से चार लोगों की मौत हुई।

लोक निर्माण मंत्री जेसिका लोपेज ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में कम मौत हुई हैं, वर्ष 2022 में 40 लोगों की मौत हुई थी। कारबिनेरोस (सैन्यीकृत पुलिस) के आदेश और सुरक्षा के राष्ट्रीय निदेशक एनरिक मोनरास ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि नशे में गाड़ी चलाने के लिए कुल 393 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## सुडोकू 6324

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | 9 | | 7 |
| | | 9 | | | 8 | | 6 | |
| | | 2 | | 5 | | | | |
| | | | 6 | 9 | | | 2 | 5 |
| | | 6 | 5 | | 4 | 7 | | |
| 5 | 8 | | | 3 | 2 | | | |
| | | | | 7 | | 2 | | |
| | 2 | | 1 | | | 3 | | |
| 7 | | 5 | | | | | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 22 सितम्बर , 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 8**

### राशिफल

मेष - आज आप सभी काम सावधानी से करें। सरकार विरोधी काम से दूर रहें। दुर्घटना हो सकती है, इसलिए वाहन आदि का उपयोग ध्यान से करें। बाहर के खान-पान की आदत के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है।

वृषभ - आप को अपने प्रिय दोस्तों और स्वजनों के साथ घूमने- फिरने का आनंद प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्र-आभूषण और भोजन का अवसर आपको मिलेगा। दोपहर के बाद स्थिति आपके नियंत्रण से हट सकती है।

मिथुन - आज आपके परिवार का वातावरण उल्लासपूर्ण रहेगा। शारीरिक स्फूर्ति और मानसिक प्रसन्नता का अनुभव होगा। आप के अधूरे काम पूरे होने से आनंद में वृद्धि होगी। व्यापारिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा।

कर्क - भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक काम करने से सफलता अवश्य मिलेगी। किसी के साथ वाद-विवाद न करें। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

सिंह - आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी दोपहर के बाद आप निवेश संबंधी योजना पर काम कर सकते हैं।

कन्या - आध्यात्मिकता के प्रति आपको आकर्षण अधिक रहेगा। आप को आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए काम का आरंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी।

तुला - आज सुबह की शुरुआत कुछ सुस्त होगी। किसी बात की ग्लानि आपके मन में रह सकती है। परिजनों के साथ आज कुछ मर्यादापूर्वक बात करें। धर्म कार्य पर खर्च होने की संभावना है।

वृश्चिक - आप का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आज अच्छा बना रहेगा। परिवार का वातावरण हर्षोल्लासपूर्ण रहेगा। क्रोध की मात्रा बढ़ें, तो भी क्रोध न करें। दोस्तों से मिलने का आनंद लें।

धनु - आज वाणी पर संयम रखें और क्रोध ना करें। परिजनों के साथ संबंधों में कुछ कड़वाहट उत्पन्न हो सकती है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। ऑपरेशन जैसे काम को आज टालें।

मकर - सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने के साथ ही व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से आज का दिन लाभदायी है। दोपहर के बाद सावधानी बरतकर काम करें। स्वास्थ्य को संभालें। वाहन चलाते समय भी सावधानी रखें।

कुंभ - आप का मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत मिलेंगे। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होंगे। कार्यालय में अधिकारियों को आप के काम से संतोष रहेगा। पदोन्मति के योग हैं।

मीन - व्यापार में नए सौदों के लिए आज का समय अनुकूल नहीं है। अधिकारी तथा विरोधियों के साथ व्यर्थ चर्चा ना करें। यात्रा हो सकती है। दोपहर के बाद कार्यालय का वातावरण अनुकूल रहेगा। अधूरे काम पूरे होंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## बांग्लादेश में डेंगू के 3,015 नए मामले



**ढाका,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। बंगलादेश में डेंगू के 3,015 नए मामले सामने आए हैं और 21 लोगों की मौत हुयी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने बताया कि बुधवार को नए मामले सामने आने से इस वर्ष अब तक डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 1,76,810 हो गयी है और मृतकों की संख्या बढ़कर 850 तक पहुंच गयी है। इससे पहले, डीजीएचएस ने दो सितंबर को ने 21 मरीजों की मौत की सूचना दी थी। डीजीएचएस आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में 71,976 और जुलाई में 43,854 के बाद सितंबर में अब तक डेंगू के 53,002 मामले दर्ज किए गए। डीजीएचएस ने बताया कि इस साल अब तक देश में ठीक हुए मरीजों की कुल संख्या 1,65,680 है, जिसमें पिछले 24 घंटों में 2,833 नए मरीज ठीक हुए हैं। उल्लेखनीय है कि जून-सितंबर की मानसून अवधि में देशभर में डेंगू बुखार का प्रकोप देखा जा रहा है।

## ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कोविड-19 के देश पर प्रभाव की जांच की घोषणा की



**कैनबरा,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के देश पर प्रभाव की जांच की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ और स्वास्थ्य और वृद्ध देखभाल मंत्री मार्क बटलर ने गुरुवार को इस जांच का शुभारंभ किया। सरकार ने कहा है कि इसके तहत जनवरी 2020 से कोविड 19 के स्वास्थ्य और शासन पर प्रभाव की जांच की जाएगी और यह परामर्श देगा कि भविष्य में देश में इस तरह की महामारियों के लिए कैसे तैयारी की जा सकती है। श्री अल्बानीज़ ने एक संयुक्त बयान में बटलर से कहा, यह जांच सरकार पर इसके प्रभाव को देखेगी और सलाह देगी कि क्या कारगर रहेगा कि भविष्य में किसी भी सबसे खराब परिस्थिति से आस्ट्रेलियाई लोगों को बचाने के लिए हम क्या कर सकते हैं। जांच आर्थिक और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के एक स्वतंत्र पैनल द्वारा की जाएगी। यह पैनल 12 महीने तक काम करेगा, इसकी अंतिम रिपोर्ट 30 सितंबर 2024 तक सामने आयेगी।

**कोरिया में पिछले साल कोरोना से सर्वाधिक मौतें**

**सोल।** दक्षिण कोरिया में पिछले साल कोविड-19 महामारी से रिकॉर्ड 3,72,939 मौतों हुई जो वर्ष 2021 से 17 .4प्रतिशत अधिक है। सांख्यिकी कोरिया के अनुसार, 2022 में मौतों की कुल संख्या 3,72,939 थी, जो एक साल पहले की तुलना में इस साल 17.4 प्रतिशत अधिक है। कोविड-19 महामारी के कारण 2022 में 31,280 मौतें हुईं, जो वर्ष 2021 की 5,030 मौतों से अधिक है। अस्सी या उससे अधिक उम्र वालों की मृत्यु की संख्या 2022 में 26.3 प्रतिशत बढ़कर 200,493 हो गई।

## पंजाब मूल के वांटेड गैंगस्टर की कनाडा में गोली मारकर हत्या



**चंडीगढ़,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। पंजाब मूल के एनआईए-वांटेड गैंगस्टर सुक्खा दुनेके की गैंगवार में कनाडा के विन्निपेग में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस अधिकारियों ने ये जानकारी दी।

सुखदूल सिंह उर्फ दुनेके कनाडा में खालिस्तान आंदोलन का हिस्सा था।

पंजाब में देविंदर बंबीहा गैंग का सहयोगी दुनेके फर्जी दस्तावेजों पर 2017 में कनाडा भाग गया था। उसका नाम राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा बुधवार को जारी 43 गैंगस्टरों की सूची में शामिल था, जिसमें उसकी अवैध संपत्तियों के बारे में जानकारी मांगी गई थी। उसकी हत्या जून में सरे में गैंग वॉर में आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की तरह ही है। आईएएनएस ने टिप्पणी के लिए एनआईए के शीर्ष अधिकारियों से संपर्क किया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।


## श्रीलंका में पर्यटक होटलों की न्यूनतम दरों का निर्धारण

**कोलंबो,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। श्रीलंका ने कोलंबो नगर परिषद (सीएमसी) क्षेत्र के अधिकार क्षेत्र में स्थित पर्यटक होटलों के लिए न्यूनतम दरों के निर्धारण को लेकर असाधारण गजट जारी किया है। श्रीलंका पर्यटन विकास प्राधिकरण (एसएलटीडीए) की अध्यक्ष प्रियंता फर्नांडो ने बताया कि नयी दरें आगामी एक अक्टूबर लागू होंगी। नयी दरें पांच सितारा पर्यटक होटल -100 अमेरिकी डॉलर, चार सितारा पर्यटक होटल -75 डॉलर, तीन सितारा पर्यटक होटल -50 डॉलर, दो सितारा पर्यटक होटल -35 डॉलर और एक सितारा पर्यटक होटल के लिए 20 डॉलर निर्धारित की गयी है। उन्होंने कहा कि दरों में सेवा शुल्क और अन्य लागू कर, शुल्क या प्रदान की गयी किसी भी अन्य सेवा के लिए लगाये गये शुल्क शामिल नहीं हैं। श्री फर्नांडो ने कहा कि गजट में उन लोगों के लिए भोजन की दरें भी निर्धारित की गयी हैं जिन्होंने कमरे बुक किये हैं। जो होटल एक महीने से कम अवधि के व्यवसाय के लिए निवास या अपार्टमेंट की श्रेणी में आते हैं, उन्हें दुगुना अधिभोग पर प्रति अतिरिक्त अतिथि 15 डॉलर या इसके बराबर रुपये का अतिरिक्त शुल्क देना होगा।

## राजनयिक विवाद के बीच पेंशन फंडों के शेयरों में गिरावट

**नई दिल्ली।** भारत-कनाडा राजनयिक तनाव बढ़ने के कारण कनाडाई पेंशन फंडों से निवेश वाली कंपनियों के शेयरों में बुधवार को गिरावट आई। यह जानकारी मीडिया की खबरों में दी गई। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कोटक महिंद्रा बैंक, ज़ोमैटो, नायका और इंडस टावर्स सहित कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड (सीपीपीआईबी) के पोर्टफोलियो शेयरों में 2.4 प्रतिशत तक की गिरावट आई। दूसरी ओर, डेल्हीवरी 0.5 प्रतिशत ऊपर हरे रंग में था। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के मुताबिक, कनाडा से भारत में विदेशी निवेश शीर्ष 10 में शुमार है। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि कनाडा के विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पास लगभग 46,306 करोड़ रुपये की भारतीय इक्विटी है।

## वर्ग पहेली 6324



**बायें से दायें:-**

१. एक मणि जो चंद्रमा के किरणों से पसीज जाता है, कुमुद, चंद्रकांत
३. अंधेरा
५. निंदित,नीच
६. निर्दयी, पाषाण हृदय (उर्दू)
७. उत्तराधिकार से प्राप्त धनपर लगने वाला कर
९. निधन, मृत्यु
१०. लिहाज़ा, इसलिए
१२. उदासीन, तटस्थ, मुखरहित
१३. वैसा होने पर भी, तो भी
१४. सुरक्षित, सकुशल (उर्दू)
१६. फायदा, लाभ (उर्दू)
१८. फूल, पुष्प
२०. नगाड़ा (उर्दू)
२१. बातचीत
२३. आलोकित होना, प्रकाशवान होना

**ऊपर से नीचे:-**

१. सौ पैरों वाला, कनखजूरा
२. दीप्तिहीन, आभाहीन
३. परिवर्तित, अंतरण किया हुआ
४. करने वाला
५. वह देवता जिसकी पूजा कुल विशेष में पीढ़ियों से होती आ रही हो
८. मुर्गा
१०. आगे का, आने वाला
११. अकेला
१२. जंगल, वन
१३. उसके समान
१४. विनयपूर्वक, विनम्र
१५. ब्राह्मणों के लिए एक सम्मानसूचक संबोधन
१७. दूरी, अंतर (उर्दू)
१८. जहा जाना आसान हो, आसान
१९. झुकाना
२२. किंतु, में, लेकिन

### वर्ग पहेली-6323

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | नु | २ प्र | स्था | ३ न | ■ | ४ अ | सं | ५ भ | व |
| नु | ■ | रो | ■ | ६ र | क्त | प | ■ | गि | ■ |
| ७ र | क्ता | क्ष | ■ | सं | ■ | ८ ना | ज | नी | ९ न |
| क्त | ■ | क | ■ | १० हा | र | ना | ■ | ■ | ग |
| ■ | ११ स | र | १२ का | र | ■ | ■ | १३ सं | त | रा |
| ■ | ह | ■ | र | ■ | १४ नि | र्दे | श | ■ | ग |
| १५ शी | र्ष | १६ को | ण | ■ | ह | ■ | १७ य | १८ ती | म |
| र्षा | ■ | ला | ■ | १९ उ | त्था | २० न | ■ | स | ■ |
| २१ स | ला | ह | ■ | जा | ■ | २२ जा | फ | रा | २३ न |
| न | ■ | २४ ल | क | ड़ | हा | रा | ■ | ■ | ग |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1539 - सिख संप्रदाय के पहले गुरु गुरु नानक देव का करतारपुर में निधन। उन्होंने ही 'लंगर' की प्रथा शुरू की थी। 1789 - अमेरिकी कांग्रेस ने पोस्टमास्टर जनरल के कार्यालय को अधिकृत किया।

1792 - फ्रांस गणराज्य की स्थापना की घोषणा हुई।

1903 - अमेरिकी नागरिक इटालो मार्चिओनी को आइसक्रीम कोन के लिए पेटेंट दिया गया।

1914 - मद्रास बंदरगाह पर जर्मन युद्धपोत इम्देन ने बमबारी की।

1949 - सोवियत संघ ने पहला परमाणु बम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

1955 - ब्रिटेन में टेलीविजन का व्यावसायीकरण शुरू हुआ। इसमें प्रत्येक घंटे सिर्फ छह मिनट ही विज्ञापन के प्रसारण की अनुमति दी गयी और रविवार सुबह में इसे चलाने की इजाजत नहीं थी।

1961 - अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने शांति कोर की स्थापना के लिये कांग्रेस के अधिनियम पर हस्ताक्षर किए। 1966 - अमेरिकी यान 'सर्वेयर 2' चंद्रमा की सतह से टकराया।

1977 - अमेरिकी फुटबॉल टीम पेले के नेतृत्व में दो प्रदर्शनी मैच खेलने कलकत्ता (अब कोलकाता) पहुंची।

1979 - जमीयत-ए-इस्लाम के संस्थापक मौलाना अब्दुल अली मौदूदी का निधन।

1980 - ईरान और इराक के बीच जारी सीमा संघर्ष युद्ध के रूप में परिवर्तित हुआ।

1988 - कनाडा की सरकार ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान और कनाडा के नागरिकों की नजरबंदी के लिए माफी मांगी और मुआवजा देने का भी वादा किया।

1992 - संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बोस्निया और हर्जेगोविना के बीच युद्ध में भूमिका के लिए यूगोस्लाविया को निष्कासित किया।

2011 - भारतीय योजना आयोग ने उच्चतम न्यायालय में दाखिल हलफनामे में शहरों में 965 रुपये और गांवों में 781 रुपये प्रति महीना खर्च करने वाले व्यक्ति को गरीब मानने से इंकार किया।

**परेशानी** दक्षिणी सीमा से प्रवेश करने वाले प्रवासियों की संख्या तेजी से बढ़ी

## अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर प्रवासियों की आमद में बढ़ोतरी

**वाशिंगटन,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी राज्य टेक्सास के सीमावर्ती शहर ईगल पास में 4,000 प्रवासी चले गए है। जिससे टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट को अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर अतिक्रमण की घोषणा करनी पड़ी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रिपब्लिकन गवर्नर ने एक्स पर कहा, मैंने बिडेन की नीतियों के कारण आधिकारिक तौर पर हमारी सीमा पर अतिक्रमण की घोषणा की। उन्होंने व्हाइट हाउस की सीमा नीति को बार-बार विफल बताते हुए कहा, हम एक सीमा दीवार, रेजर तार और समुद्री अवरोधों का निर्माण कर रहे हैं।

हम प्रवासियों को भी खदेड़ रहे हैं। फॉक्स न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार दक्षिणी सीमा से अमेरिका में प्रवेश करने वाले प्रवासियों की संख्या तेजी से बढ़ी है और सीमा अधिकारियों ने पिछले पांच दिनों में प्रवेश के बंदरगाहों और उनके बीच 45,000 से अधिक प्रवासियों का सामना किया है।



बिडेन प्रशासन ने बुधवार को घोषणा की है कि वह 31 जुलाई तक अमेरिका में प्रवेश करने वाले 470,000 से अधिक वेनेजुएला प्रवासियों को अस्थायी कानूनी दर्जा प्रदान करेगा।

यह पदनाम पात्र प्रवासियों के लिए अमेरिकी वर्क परमिट प्राप्त करने की प्रक्रिया को गति देगा, ताकि तनावपूर्ण आश्रय और सामाजिक सेवाओं वाले प्रवासियों का समर्थन करने के लिए संघर्ष कर रहे न्यूयॉर्क, शिकागो और अन्य शहरों पर दबाव कम हो सके।

### अमेरिकी ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन के रूप में चार्ल्स ब्राउन नियुक्त

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने वायु सेना के जनरल चार्ल्स ब्राउन को ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अगले चेयरमैन के रूप में पुष्टि की है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, सीनेट ने बुधवार को 83-11 के भारी बहुमत से देश के शीर्ष सैन्य अधिकारी के रूप में उनकी नियुक्ति की पुष्टि की और वह 1 अक्टूबर को पद ग्रहण करेंगे। ब्राउन मार्क मिले की जगह लेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 25 मई को ब्राउन के नामांकन की औपचारिक घोषणा की थी। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ब्राउन की पुष्टि में कई महीनों की देरी सीनेटर टॉमी ट्यूबरविले द्वारा सेवा सदस्यों से संबंधित रक्षा विभाग की नीति के विरोध के चलते रोके जाने के कारण हुई। वह अमेरिकी सैन्य इतिहास में पहले अश्वेत सेवा प्रमुख थे, जब उन्हें 2020 में वायु सेना के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था। कॉलिन पॉवेल के बाद संयुक्त प्रमुखों की अध्यक्षता करने वाले दूसरे अश्वेत अधिकारी हैं।

## दुनिया को जानें

### चीन में विश्व में सबसे अधिक अल्जाइमर के रोगी

**बीजिंग,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। 21 सितम्बर को विश्व अल्जाइमर दिवस मनाया गया है। यह प्रचार दिवस कार्यक्रम हर साल दुनिया भर के कई देशों और क्षेत्रों में आयोजित किया जाता है। ताकि पूरे समाज को यह समझाया जा सके कि अल्ज़ाइमर रोग की रोकथाम बहुत महत्वपूर्ण है और इस पर पर्याप्त ध्यान दिया जाना चाहिए। यहां बता दें कि अल्ज़ाइमर रोग वृद्धावस्था और बुढ़ापे से पहले होता है और इसका मुख्य लक्षण याददाश्त कमज़ोर होना है। इसके लिए ऐसी कोई विशिष्ट दवा नहीं है, जो बीमारी को ठीक कर सके या प्रभावी ढंग से पलट सके, रोगियों को समय में फंसे हुए लोग के रूप में वर्णित किया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार चीन में 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 1 करोड़ लोग अल्ज़ाइमर रोगी हैं, जो दुनिया के कुल अल्जाइमर रोग रोगियों का एक चौथाई हिस्सा है। वृद्धों की आबादी बढ़ने के साथ-साथ यह संख्या भी बढ़ रही है। हर साल औसतन 3 लाख नए मामले सामने आते हैं। चीन में अल्जाइमर रोग की व्यापकता में उम्र के साथ उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

# प्रादेशिकी

### संजना ने साइक्लॉथोन में पाया प्रथम स्थान

**सिरसा,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के सिरसा में शाह सतनाम संस्थान में बारहवीं कक्षा की छात्रा संजना ने साइक्लॉथोन में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है और उसे 11 हजार रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई। गुरुवार को स्कूल में पहुंचने पर छात्रा का स्कूल प्रबंधन की ओर से स्वागत किया गया और प्रथम आने पर बधाई और शुभकामनाएं दी गई। स्कूल प्रिंसीपल डा. शीला पूनियां ने बताया कि प्रदेशभर में नशे के खिलाफ शुरू की गई साइक्लॉथोन में स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा संजना ने भाग लिया था। संजना ने इस साइक्लॉथोन में जिलेभर में लड़कियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसपर जिला प्रशासन की ओर से 11 हजार रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई।

## कृषि, औद्यानिकी व वानिकी विवि संशोधन विधेयक पारित, भाजपा ने किया विरोध

**शिमला,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। हिमाचल विधान सभा में वीरवार को प्रदेश कृषि , औद्यानिकी और वानिकी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक पारित हुआ। विपक्ष के हंगामे के बीच सदन में विधेयक ध्वनिमत से पारित हुआ। विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष के सदस्यों रणीधर शर्मा व विपिन सिंह परमार ने कहा कि सरकार संशोधन विधेयक के माध्यम से विश्वविद्यालय की स्वायतता खत्म करने का प्रयास कर रही है। साथ ही यह राज्यपाल की शक्तियों को चुनौती देने वाला भी है। उन्होंने कहा कि दोनों विश्व विद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति के लिए सरकार राज्यपाल को सिफारिश करेगी। इससे पहले कुलपति की नियुक्ति के लिए सर्च कमेटी का गठन होता था। उन्होने कहा कि विधेयक के पारित होने से कुलपति की नियुक्ति मे राजनीतिक हस्तक्षेप होगा। योज्यता को दरकिनार किया जाएगा।

चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा के रणधीर शर्मा ने विधेयक में किए गए संशोधनों का विरोध किया। उन्होंने इन संशोधनों को विश्वविद्यालय की स्वायतता पर हमला करार दिया और कहा कि इस संशोधन विधेयक के पारित हो जाने से विश्वविद्यालय की स्वायतता खत्म हो जाएगी। इन संशोधनों को कुलाधिपति के क्षेत्राधिकार में दखल भी करार दिया। कांग्रेस के आशीष बुटेल ने विधेयक का समर्थन करते हुए विपक्ष के आरोपों को बेबुनियाद करार दिया। उन्होंने कहा कि इससे विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली में और अधिक पारदर्शिता आएगी।

इसके बाद विधानसभा में वीरवार को हिमाचल प्रदेश कृषिए औद्यानिकी और वानिकी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक पारित होने के विरोध में विपक्षी दल भाजपा ने जोरदार हंगामा किया। इस संशोधन विधेयक के माध्यम से विश्वविद्यालय की स्वायतता खत्म करने का आरोप लगाते हुए पूरे विपक्ष ने पहले अपनी सीटों पर हंगामा किया और जब सरकार ने विधेयक को वापस लेने की विपक्ष की मांग को नहीं माना तो पूरा विपक्ष विधानसभा अध्यक्ष के आसन के पास आ गया और वहां काफी देर तक इस विधेयक के विरोध में नारेबाजी की। विपक्ष के हंगामे के बीच ही कृषि मंत्री चन्द्र कमार ने इस विधेयक को पारित करने का सदन से आग्रह किया जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया।

हिमाचल प्रदेश कृषिए औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय पालमपुर से संबंधित संशोधन विधेयक के प्रारुप के अनुसार राज्यपाल जो कि विश्वविद्यालय का कुलाधिपति भी होता है , वह साधारण या विशेष आदेश के माध्यम से कुलपति को निलंबित कर सकेगा। कुलपति की नियुक्ति सामान्यत 5 वर्षों के लिए होगी तथा वह अगले 5 वर्षों तक पदों पर बना रह सकता हैए बशर्ते उसकी आयु 65 वर्ष से अधिक न हो। इसके अलावा कुलपति अपना कार्यकाल पूरा होने पर कुलाधिपति की अनुमति से अपने पद पर बना रहा सकता हैए लेकिन यह अवधि 1 वर्ष से अधिक नहीं होगी।



### विपक्ष के व्यवहार पर निंदा प्रस्ताव

कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर को लेकर लाए गए संशोधन विधेयक के दौरान विपक्षी दल भाजपा द्वारा किए गए हंगामे और अध्यक्ष के आसन के पास नारेबाजी के विरोध में सत्तापक्ष ने विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया। इस प्रस्ताव को सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने भी विपक्ष के व्यवहार पर कडा एतराज जताया और कहा कि वह सरकार के निंदा प्रस्ताव से सहमत हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ऐसा लगता है कि विपक्ष अपनी पिछले कल की गलती को बदलने की कोशिश कर रहा है। इसलिए आज सदन में बार बार हंगामे पर उतारू है। उन्होंने कहा कि पिछले कल हिमाचल के हक में प्रस्ताव लाया गया था मगर विपक्ष उसमें साथ खडा नहीं हुआ और इसी गलती को वह बदलने की अब कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने आसन के पास नारेबाजी की जबकि उनको बोलने का अच्छा खासा मौका दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष के नेता पांच साल में इतने गुस्से में नहीं दिखे जितना गुस्सा उनको अब आ रहा है। उनका इस तरह का आचरण निंदनीय है और सदन इसकी निंदा करता है।

## एमपी-राजस्थान में धामी का ताबड़तोड़ प्रचार

**अमरनाथ तिवारी**

**देहरादून,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश और राजस्थान का दौरा कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून लौट आए हैं। सीएम धामी का मध्य प्रदेश और राजस्थान में जिस प्रकार से जोरदार स्वागत हुआ, उसकी चर्चा अब चारों तरफ होने लगी है। इतना ही नहीं सीएम धामी को सुनने और देखने के लिए लोगों में भीड़ उमड़ी हुई नजर आई। यह भीड़ बताती है कि सीएम पुष्कर सिंह धामी की लोकप्रियता काफी बढ़ी है। उनकी लोकप्रियता पर बीजेपी भले ही उत्साहित नजर आ रही हो, लेकिन कांग्रेस लगातार सवाल दाग रही है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने छोटे से कार्यकाल में ही देश के लोकप्रिय नेताओं की श्रेणी में शुमार हो चुके हैं। सीएम धामी अपने कुशल नेतृत्व में उत्तराखंड को नई दिशा दे चुके हैं। जब सीएम ने सत्ता संभाली थी, तब प्रदेश में कोरोना का खतरा भी था और विकास की रफ्तार को बढ़ाने की चुनौती भी, लेकिन सीएम धामी ने इन डेढ़ सालों में कई बड़े फैसले लेकर अन्य राज्यों के लिए एक नजीर पेश की। जिसके चलते कई मामलों में उत्तराखंड अन्य राज्यों को मात देता दिखाई दिया।

### बुलडोजर से सीएम धामी पर बरसाए गए फूल

धामी की ओर से लिए गए तमाम निर्णयों के चलते उनकी साख बढ़ी है। यही वजह है कि बीजेपी की राष्ट्रीय नेतृत्व ने सीएम धामी को मध्य प्रदेश के साथ ही राजस्थान में चुनावी रैली और जनसभा को संबोधित करने के लिए भेजा। जहां सीएम पुष्कर धामी की लोकप्रियता देखी गई। इतना ही नहीं बुलडोजर से सीएम धामी का स्वागत भी किया गया।




- कांग्रेस ने कसा तंज, उत्तराखंड की अनदेखी का लगाया आरोप
- धामी की लोकप्रियता में लग चार-चांद

### सीएम धामी की अन्य प्रदेशों में बढ़ी मांग: चैहान

सीएम धामी की बढ़ती लोकप्रियता को लेकर बीजेपी प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चैहान ने कहा कि आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। क्योंकि, उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बेहतर काम कर रहे हैं। आम जनता का भरोसा जीतने में वो कामयाब रहे हैं। ऐसे में उनकी लोकप्रियता आज उत्तराखंड से बाहर दूसरे राज्यों में भी फैलने लगी है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मांग अन्य प्रदेशों में भी बढ़ रही है।

### दूसरे प्रदेशों की सैर पर निकले सीएम धामी: कांग्रेस

धामी की बढ़ते लोकप्रियता पर भले ही बीजेपी उत्साहित नजर आ रही हो, लेकिन कांग्रेस सीएम धामी को सलाह देती हुई नजर आ रही है। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरा दत्त जोशी का कहना है कि उत्तराखंड अभी आपदा से उभरा भी नहीं है, लेकिन सीएम धामी दूसरे प्रदेशों की सैर पर निकल पड़े हैं।

## सार संक्षेप

### किसानों ने नरमे की खरीद में हो रही गड़बड़ियों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा जिले की विभिन्न अनाज मण्डियों में किसानों की खरीफ फसल की खरीद सुचारू रूप से करवाने को लेकर किसानों ने भारतीय किसान एकता (बीकेई) के अध्यक्ष लखविंद्र सिंह औलख की अगुवाई में अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) को एक ज्ञापन सौंपा। बीकेई अध्यक्ष औलख ने बताया कि सिरसा जिले की हर मण्डी में किसान अपनी नरमे की फसल बेचने के लिए आ रहे हैं। जिसमें फैक्ट्रियों द्वारा खरीद करके तुलाई के समय प्रति क्विंटल काट काटी जा रही है, जिस पर तुरन्त प्रभाव से अंकुश लगाकर किसानों की फसल का पूरा वजन किया जाये। वजन में किसी का प्रकार की कोई कटौती न की जाये। अनाज मण्डियों में नरमे की खरीद बोली पर होती है, जिस भाव में खरीद होती है, उस भाव में पूरे नरमे की तुलाई नहीं होती है। बहाने बनाकर नरमे के भाव में कटौती कर दी जाती है। श्री आलौख ने बताया कि किसान की जिस भाव में फसल खरीद हुई है, उसकी नरमे की ट्राली उसी भाव में ली जाए, जिससे किसान को आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े। उन्होंने बताया कि कई कपास फैक्ट्रियों के संचालक नरमे की खरीद अनाज मण्डी से न करके अपने व्यापारियों और एजेंटों के मार्फत किसानों से सीधी खरीद करते हैं, जिसकी वजह किसान को उसकी फसल का उचित दाम नहीं मिल पाता है। इस पूरे प्रकरण में मार्किट कमेटी के संबन्धित अधिकारीगण भी मिले हुए हैं, जिससे किसान को आर्थिक नुकसान व सरकार को मार्किट फीस का भी चूना लगाया जा रहा है।

### डीसीआरयूएसटी के विद्यार्थियों ने बनाया ड्रोन, बैटरी खत्म होने पर आ सकता है वापस

**सोनीपत।** हरियाणा के दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के इंक्यूबेशन सेंटर के विद्यार्थियों ने एक ऐसा ड्रोन बनाया है जो 10 किलोमीटर प्रतिघंटे की हवा में भी स्थिर रह सकता है। ड्रोन बैटरी खत्म होने पर जीपीएस के माध्यम से अपने गंतव्य स्थान पर जा सकता है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भविष्य में सीमाओं के लिए सुरक्षा उपकरण बनाने पर कार्य प्रारंभ कर दिया है। कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने गुरुवार को कहा कि स्वदेशी तकनीक के माध्यम से हम भारत को आर्थिक तौर पर समृद्ध बना सकते हैं। वर्तमान में विश्व में वहीं देश अग्रणी देशों की श्रेणी में शामिल हैं, जो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने नए विचार लेकर आएं और उस पर कार्य करें, विश्वविद्यालय की तरफ से प्रयास किए जाएंगे कि विद्यार्थियों की हर संभव मदद हो सके। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के इंक्यूबेशन सेंटर के साथ जल्द ही एक मीटिंग का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूर्व में हुए कार्य व तथा भविष्य क्या क्या करने की योजना है।

### सुडोकू 6324 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 8 | 7 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 4 | 8 | 5 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 2 | 9 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 4 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 2 | 5 |
| 2 | 9 | 6 | 5 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 9 |
| 9 | 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 | 7 | 4 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |

## दो लोगों को सुनाई 20 साल की सजा

**बागेश्वर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। नाबालिग स्कूली छात्रा के अपहरण और पॉक्सो एक्ट के मामले में जिला एवं विशेष सत्र न्यायाधीश बागेश्वर राजीव खुल्बे ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आरोपियों को दोषी मानते सजा सुनाई है। कोर्ट ने एक युवती समेत दो लोगों को 20 साल का कारावास और 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। वहीं एक अन्य आरोपी को 5 साल की सजा और 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। दोषियों को अल्मोड़ा जेल भेजा गया है। इस मामले में दो नाबालिग आरोपियों का जुवेनाइल कोर्ट में ट्रायल चल रहा है।

विशेष लोक अभियोजक खड़क सिंह कार्की ने न्यायालय में 13 गवाह पेश कराए। एसएसआई खष्टी बिष्ट ने इस केस की जांच की। मामला 11 नवंबर 2022 का है। नाबालिग पीड़िता स्कूल से घर जा रही थी तभी बीच रास्ते में उसे रबीना आर्या (निवासी मंडलसेरा) मिली, जो उसे बहल फुलाकर अपने घर ले आई। रबीना आर्या ने घर पर नाबालिग के कपड़े बदलवाए और उसे जींस-टॉप पहनाया। रबीना आर्या ने भी नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ की थी ।रबीना आर्या उसी रात करीब आठ बजे नाबालिग को चंडिका लेकर पहुंची, जहां उसे सुमित उर्फ साजन मिला। रबीना आर्या ने नाबालिग को सुमित के पास छोड़ दिया। सुमित ने अपने दोस्त सलमान अहमद को फोन किया और उससे गाड़ी मंगवाई। इसके बाद दोनों पीड़िता को गाड़ी में बैठाकर बैजनाथ ले गए। वहां उन्होंने एक होटल में बीयर पी और खाना खाया।



### बागेश्वर नाबालिग रेप केस, दो नाबालिगों का चल रहा ट्रायल

उनका होटल में रुकने का प्रोगाम भी था, लेकिन जब होटल वाले ने आईडी मांगी तो वो वहां से वापस आ गए। दोनों लड़की के साथ रात को दो बजे चंडिका वापस पहुंचे, जहां साजन में लड़की को अपनी चाची के घर में रखा। दूसरे दिन यानी 12 नवंबर 2022 को पीड़िता को लेकर सुमित और सलमान गाड़ी से अल्मोड़ा की ओर चले गए। हालांकि ताकुला के पास पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने पीड़िता को छुड़ाकर परिजनों के सुपुर्द किया।

घर जाने के बाद पीड़िता की तबीयत खराब हो गई थी। इस मामले में 17 नंवबर 2022 को पिता ने पुलिस को तहरीर दी थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि रबीना, सुमित, सलमान अहमद और एक नाबालिग लड़के ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। जबकि एक अन्य नाबालिग ने कमरे में उसके साथ छेड़छाड़ की थी। दोनों नाबालिगों का इस मामले में जुवेनाइल कोर्ट में ट्रायल चल रहा है। पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि साल 2021 में अंजलि चैबे, दिया गोस्वामी और दीया टम्टा आदि ने उसे स्मैक पिलायी थी। उसके बाद उन्होंने उसकी अश्लील फोटी भी खींची थी।

## महिला आरक्षण प्रधानमंत्री का देश की 70 करोड़ बहनों को तोहफा : बिंदल

**शिमला,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा जी नए संसद भवन ने नया इतिहास रच दिया है। लोकसभा ने बुधवार को वंचित वर्ग के कोटे के सवाल को पीछे छोड़ते हुए 27 साल से लंबित महिला आरक्षण से जुड़े 128वें संविधान संशोधन विधेयक पर सर्वानुमति से मुहर लगा दी। इस विधेयक की राह में अब तक बाधा बने सपा, राजद, जदयू जैसे दलों के साथ कांग्रेस भी शामिल थी। इससे जुड़े तीनों विधेयकों के विरोध में महज दो मत, जबकि समर्थन में 454 वोट पड़े। संसद में किसी विधेयक पर बरसों बाद ऐसी सर्वानुमति बन पाई है। उन्होंने कहा की लोकसभा, राज्यों की विधानसभाओं व दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित करने वाले नारी शक्ति वंदन विधेयक पर आठ घंटे चली जोरदार बहस के बाद शाम सात बजे के बाद पर्ची से मतदान हुआ और यह विधेयक पास हुआ।

बिंदल ने कहा कि महिला सशक्तीकरण भाजपा के लिए आस्था व निष्ठा से जुड़ा संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की 70 करोड़ बहनों के लिए एक नायाब तोहफा दिया है, इस 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए सभी महिलाओं को शुभकामनाएं एवं बधाई। इस विधेयक के पारित होने से भारत में 75 साल बाद नया इतिहास रचा गया है। कांग्रेस पार्टी और अन्य दालों में एक दृढ़ इच्छा शक्ति की कमी थी जिसके कारण यह विधेयक पूर्व में पास नहीं हो पाया। कांग्रेस ने हमेशा इसको पेश जरूर किया पर उसके बाद पीछे हट गई, देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी जी ने इस विधेयक को एक बार पेश किया था पर कांग्रेस पार्टी ने इसको पास नहीं होने दिया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंत्रिपरिषद ने भी 2021 में 11 महिलाओं को कैबिनेट रैंक व राज्य मंत्री के मंत्री बनाकर इतिहास रचा था। महिला आरक्षण विधेयक भारत की संसद द्वारा पारित होना देश के विधायी निकायों में महिलाओं को वास्तविक प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।

## प्रतिभा सिंह लोकसभा में महिला आरक्षण बिल बहुमत से पारित होने पर खुश



**शिमला,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद प्रतिभा सिंह ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल बहुमत से पारित होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा है कि अंततः देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी का महिलाओं का राजनीति में 33 प्रतिशत के आरक्षण का सपना साकार होने का मार्ग प्रशस्त हुआ हैं। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं व नगर निकायों में आरक्षण देकर इसकी पहल की थी,अब लोकसभा व विधानसभा चुनावों में भी महिलाओं को उनका हक्क दिया जाना सक्रिय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी।प्रतिभा सिंह ने महिला आरक्षण बिल पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा है कि इस बिल को बहुमत से पारित करवाने में सोनिया गांधी का बहुत बड़ा हाथ हैं। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी ने हर मंच से राजनीति में महिलाओं की उचित भागेदारी, उनके आरक्षण की मांग रखी। यहां तक कि सोनिया गांधी ने कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में केंद्र की भाजपा सरकार से महिला आरक्षण बिल को पारित करने की मांग करते हुए पार्टी का राजनैतिक प्रस्ताव भी पारित करवाया। प्रतिभा सिंह ने कहा कि भले ही केंद्र की भाजपा सरकार ने इस बिल को पारित करवाया है पर इस बिल की जननी कांग्रेस ही है और कांग्रेस इस बिल का स्वागत करती हैं। उन्होंने कहा है कि इसे जल्द लागू करने के प्रयास किये जाने चाहिए जिससे देश में महिलाओं के साथ राजनैतिक असमानता जल्द दूर हो सकें।

## कोरोना कर्मियों की सेवा को तत्काल प्रभाव से बहाल करे सरकार : ठाकुर

**शिमला,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर गुरुवार को चौड़ा मैदान में प्रदर्शन कर रहे कोरोना कर्मियों से मिले और उनके साथ अन्याय ने होने देने का भरोसा दिलाया। श्री ठाकुर ने कहा कोरोना जैसे कठिन समय में जब मरीज़ों के परिजन भी ख़ौफ़ज़दा थे उस समय इन कोरोना कर्मियों ने उनका साथ दिया, उनकी सेवा की। जब परिजन आगे नहीं आए तो इन्होंने अंतिम संस्कार भी किया। ऐसे में उन्हें नौकरी से निकाल देना बहुत बड़ा पाप है। सरकार यह मनमानी नहीं कर सकती है। सरकार इनकी नौकरी को बहाल करे और जल्दी से जल्दी इनका वेतन भी जारी करे।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कोरोना के समय में स्वास्थ्यकर्मियों की आवश्यकता थी तो कोरोना कर्मियों को भर्ती किया था। सभी कोरोना प्रभावितों की पूरी सेवा की। इस सेवा में वही लोग आये जिनके अंदर समाज सेवा का जज़्बा था और ज़रूरतमंद थे। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर आई सुक्खू सरकार ने इनकी सेवाएं समाप्त कर दी। हमने इनके हक़ ने आवाज़ उठाई, जिसके बाद सरकार ने इन कर्मियों की सेवा में तीन महीने का विस्तार कर दिया। इस महीनें वह समय सीमा फिर से ख़त्म ही रही है। अब लोगों को यह नहीं पता कि आगे क्या होगा। उन्होंने कहा कि सरकार नौकरी देने के नाम पर सत्ता में आई है। नौकरी से निकालने के नाम पर नहीं। जिन्होंने ज़रूरत पड़ने पर अपने जान की परवाह किए बिना अपनी नौकरी की उन्हें इस तरह से नौकरी से निकालना न सिर्फ़ अन्याय बल्कि पाप है। उन्होंने कहा कि सरकार इस तरह के पाप न करे। नौकरी दें नहीं सकती तो जिन्हें नौकरी मिली है उन्हें नौकरी से निकाले नहीं। नेता प्रतिपक्ष से मिलने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों ने कहा बहुत से कर्मचारी इस प्रदर्शन में आना चाहते थे। पांच महिनों से नौकरी नहीं मिलने की वजह से शिमला आने और जाने का किराया भी उनके पास नहीं था। सभी आउटसोर्स कर्मियों ने कहा कि हमारी नौकरी सुनिश्चित की जाए। हर महीनें वे सचिवालय और मुख्यमंत्री के दफ़्तर के चक्कर लगाते हैं। इसलिए सरकार उनकी नौकरी को सुनिश्चित करें।



## ठेकेदारों की पेमेंट को रोके जाने के मसले पर आज विधानसभा में खूब गरमागरमी हुई

**शिमला,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग और लोक निर्माण विभाग में ठेकेदारों की पेमेंट को रोके जाने के मसले पर आज विधानसभा में खूब गर्मागर्मी हुई। विपक्ष ने इस मुद्दे पर खूब हंगामा किया और बाद में पूरा विपक्ष सदन से उठकर बाहर चला गया। भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने प्रदेश में ठेकेदारों की पेमेंट में कट लगाने से जुडा सवाल पूछा। उन्होंने सरकार पर जानकारी छिपाने का आरोप लगाया। इस पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि किसी भी ठेकेदार की पेमेंट नहीं रोकी गई।

विपक्ष के सदन से बाहर चले जाने पर उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा में लीडरशिप का क्राइसिज पैदा हो गया है। मुख्यमंत्री पर झूठी सूचना देने का आरोप लगाना असंसदीय है। उन्होंने विपक्ष के व्यवहार की निंदा की।

हिमाचल में भांग की खेती को वैध करने की तैयारी है। विधानसभा में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कहा कि इसे लेकर सरकार ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर रखी है, जो प्रदेश व स्टेट से बाहर उत्तराखंड और राजस्थान का दौरा कर चुकी है। अब यह कमेटी चार देशों का दौरा करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कमेटी ने जुलाई महीने में चार देशों का दौरा करना था, जहां पर भांग का इंडस्ट्रियल और मेडिसिनल इस्तेमाल होता है। मगर आपदा के कारण कमेटी विदेश दौरे पर नहीं जा पाई। उन्होंने बताया कि जल्द कमेटी चार देशों के दौरे पर जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट सदन में रखेंगे। इस पर चर्चा की जाएगी। इस पर चर्चा के बाद भांग की खेती को वैध करने पर विचार किया जाएगा।



इसी दौरान नेता प्रतिपक्ष के पूछने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के चार जिले चंबा, कुल्लू, मंडी और शिमला में अभी भांग उगाई जा रही है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कमेटी ने जब जिलों का दौरा किया है, उस दौरान सोशल मीडिया पर अलग तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही थी। अभी नशे के कारण परिस्थितियां अलार्मिंग है। इससे नशे का प्रचलन बढ़ने की आशंका है। इस पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कहा कि कानून बनाना या नहीं इस पर सदन में विस्तृत चर्चा के बाद ही फैसला होगा। सदन में यह सवाल सुलह से विधायक विपिन सिंह परमार ने पूछा था।

इस बीच हिमाचल विधानसभा में आज प्रदेश और लेह-लद्दाख के सीमा विवाद का मामला गूंजा। लाहौल स्पीति के विधायक रवि ठाकुर ने सप्लीमेंट्री सवाल में कहा कि शिंकुला में हिमाचल के 35 किलोमीटर और सारचू में 14 किलोमीटर हिस्से में लेह-लद्दाख ने अतिक्रमण कर लिया है। इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की गैर मौजूदगी में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि जल्द लेह-लद्दाख के साथ सीमा विवाद मामले को सुलझाया जाएगा। इसके लिए जल्द मीटिंग बुलाई जाएगी। इसमें स्थानीय विधायक को भी बुलाया जाएगा। पहले भी कई बार लेह-लद्दाख के साथ सीमा विवाद का मसला उठता रहा है। इसे पूर्व रवि ठाकुर ने पूछा कि लाहौल स्पीति में ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए एनडीआरएफ और और एसडीआरएफ की क्या तैयारी है। उन्होंने बताया कि लाहौल स्पीति से हर दिन 65 हजार से ज्यादा गड्डियां लद्दाख जा रही हैं।

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि देहरा में भारी बारशि के कारण फसलों को पहुंचे नुकसान की फिर से समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां पर बरसात के 18.08 हैक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि 13818 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल नष्ट हुई है, इसका नुकसान 9.46 लाख रूपए आंका गया है। कृषि मंत्री ने विधायक होशियार सिंह के सवाल के जवाब में ये बात कही।

## हिमाचल में भांग की खेती शुरू करने पर विचार किया जाएगा : सुक्खू

**शिमला,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में भांग की कानूनी खेती शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए सबसे पहले हिमाचल प्रदेश के लोगों की राय ली जाएगी। इस संबंध में विधायकों की एक कमेटी बनाई गई है जिसे राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में बनाया गया है। यह कमेटी चार देशों का दौरा करेगी। उसके बाद अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। इस सदन में भी इस बारे में विचार-विमर्श किया जाएगा। गुरुवार को सदन में सुलाह के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक विपिन सिंह परमार के सवाल पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री इस बारे में चिंतित हैं। पूरा सदन भी चिंतित है। उत्तराखंड में भांग की खेती एनडीपीएस एक्ट के तहत की जाती है। भांग की खेती को करने पर पुरजोर समर्थन कमेटी ने किया है। ग्वालियर में स्थापित भांग से दवाएं बनाने की जगह का भी दौरा किया है। जम्मू और गुलमर्ग में की जा रही भांग की खेती के बारे में मालूम किया जा रहा है। इस बारे में नीदरलैंड और इजराइल जैसे देश बहुत आगे हैं। इस बारे में विचार-विमर्श किया जा रहा है कि यह खेती किस तरह से की जा सकती है। क्या शुरू करना है, क्या नहीं करना है, सदन में ही बारे में जानकारी दी जाएगी। इस बारे में प्रदेश की जनता की भी राय जानी जाएगी। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि भांग की खेती करेंगे तो यह कैसे सुनिश्चित करेंगे कि इसका दुरुपयोग न हो।

# प्रादेशिकी

## जागृति विहार एक्सटेंशन में आबंटियों को मिला कब्जा

मेरठ। बृहस्पतिवार को डीएम दीपक मीणा ने मध्यस्ता कराते हुए किसानों को समझौते के लिए तैयार कर लिया है। वहीं मौके पर आबंटियों को कब्जा दिलाया। काफी देर तीनों पक्षों में बहस चलती रही। अंत में किसान राजी हुए और उन्होंने एक्सटेंशन के कुछ हिस्से में कब्जा देने पर सहमति दे दी। किसानों से सहमति मिलते ही वहां आबंटियों को कब्जे देने का काम शुरू हो गया। साथ ही प्लाटों की पैमाइश भी चालू कर दी गई है। सालों से भी लंबे समय से आबंटी यहां कब्जे का इंतजार कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को आवास विकास परिषद के अधीक्षण अभियंता राजीव कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अफसर मौके पर पहुंचे। प्लाटों की पैमाइश कराकर काम शुरू कराया। जिसमें आज सेक्टर 5 के 12 प्लाटों व सैक्टर 3 के 1 प्लाट की पैमाइश कराकर काम शुरू कराया गया। इस मौके पर आवंटी नेता सुशील कुमार पटेल ने बताया कि नासूर बन चुके जागृति विहार एक्सटेंशन के विवाद से आवंटी पिछले 3 साल से परेशान थे।

# एक हफ्ते के अंदर मिलेंगे आय, जाति व निवास प्रमाणपत्र



- योगी सरकार ई डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के लिए निर्धारित समय सीमा में करेगी बदलाव
- ई डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के लिए निर्धारित समय सीमा (15 से अधिकतम 45 दिन) को एक हफ्ते करने का निर्देश

**लखनऊ,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को ई डिस्ट्रिक्ट सेवाओं को तय समय सीमा के अंदर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सेवाओं के लिए निर्धारित तय समय सीमा को कम करने की बात कही। ऐसे में जल्द ही निर्धारित तय समय सीमा को कम करने का आदेश जारी किया जा सकता है। वहीं तय समय सीमा के बाद लंबित मामलों को लेकर जिलाधिकारियों को जवाबदेही तय करने को कहा है। उन्होंने जिलाधिकारियों को ई डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के निस्तारण में हीलाहवाली और लेटलतीफी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह निर्देश सीएम कमांड सेंटर और डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक के दौरान दिये। ऐसे में अब प्रदेशवासियों को जाति, निवास, आय और हैसियत प्रमाण पत्र के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष ई डिस्ट्रिक्ट की सेवाओं का खाका प्रस्तुत किया। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि ई डिस्ट्रिक्ट के तहत प्रदेश में जनवरी से अब तक 61,32,976 जाति प्रमाण पत्र के आवेदन प्राप्त हुए। जिन्हे तहसीलदार द्वारा 15 दिनों में जारी किया जाता है। अब तक 59,13,420 आवेदन को निस्तारित किया जा चुका है, जिसका रेश्यो 96 प्रतिशत है। वहीं 2,12,227 आवेदन तय समय सीमा में लंबित हैं जबकि 7,329 आवेदन तय समय सीमा के बाद भी लंबित हैं। इसी तरह जनवरी से अब तक 76,45,970 निवास प्रमाण पत्र के आवेदन प्राप्त हुए। जिन्हे उपजिलाधिकारी द्वारा 20 दिनों में जारी किया जाता है। अब तक 73,70,019 आवेदन को निस्तारित किया जा चुका है, जिसका रेश्यो 96 प्रतिशत है। वहीं 2,61,119 आवेदन तय समय सीमा में लंबित हैं जबकि 7,832 आवेदन तय समय सीमा के बाद भी लंबित हैं। वहीं जनवरी से अब तक 77,62,086 आय प्रमाण पत्र के आवेदन प्राप्त हुए। जिन्हे तहसीलदार द्वारा 15 दिनों में जारी किया जाता है। अब तक 74,31,669 आवेदन को निस्तारित किया जा चुका है, जिसका रेश्यो 95 प्रतिशत है।

वहीं 2,75,433 आवेदन तय समय सीमा में लंबित हैं जबकि 54,984 आवेदन तय समय सीमा के बाद भी लंबित हैं। हैसियत प्रमाण पत्र के जनवरी से अब तक 31,853 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिन्हे जिलाधिकारी द्वारा 45 दिनों में जारी किया जाता है। अब तक 31,853 आवेदन को निस्तारित किया जा चुका है, जिसका रेश्यो 58 प्रतिशत है। वहीं 3,421 आवेदन तय समय सीमा में लंबित हैं जबकि 9,765 आवेदन तय समय सीमा के बाद भी लंबित हैं।

इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को तय समय सीमा के अंदर ई डिस्ट्रिक्ट की सेवाओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ई डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के निस्तारण की समय सीमा काफी अधिक है, इसे कम करने का निर्देश दिये। सीएम योगी ने ई डिस्ट्रिक्ट सेवाओं की समय सीमा एक हफ्ते में करने को कहा है। इन आवेदनों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। साथ ही इनके निस्तारण का रेश्यो शत प्रतिशत किया जाए।

आईजीआरएस (जनसुनवाई समाधान प्रणाली) की रिपोर्ट के अनुसार जाति प्रमाण पत्र के आवेदन तय समय सीमा के अंदर जारी करने में प्रदेश के टॉप तीन जिलों में क्रमश: बांदा, सीतापुर और अमेठी शामिल हैं जबकि बॉटम तीन जिलों में औरैया, गाजियाबाद, लखनऊ है। इसी तरह निवास प्रमाण पत्र के आवेदन के निस्तारण में टॉप तीन जिलों में सीतापुर, बांदा और कन्नौज शामिल हैं जबकि बॉटम तीन जिलों में औरैया, लखनऊ, जालौन हैं। आय प्रमाण पत्र के आवेदन के निस्तारण में टॉप तीन जिलों में सीतापुर, बांदा और शाहजहांपुर हैं जबकि बॉटम तीन जिलों में औरैया, गाजियाबाद, कौशांबी हैं। वहीं हैसियत प्रमाण पत्र के आवेदन के निस्तारण में टॉप तीन जिलों में शामली, गाजियाबाद और हरदोई शामिल हैं जबकि बॉटम तीन जिलों में जालौन, शाहजहांपुर और बलिया हैं।

# रूद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एल्युमिनी व्याख्यान का आयोजन

**मेरठ,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। मवाना खुर्द स्थित रूद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में गृह विज्ञान विभाग में उभरते करियर अनमास्क योर पोटेंशियल विषय पर एक एल्युमिनी व्याख्यान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम को प्राचार्या डॉ. उर्मिला मोरल के नेतृत्व में आयोजित कराया गया। सत्र का उद्देश्य छात्रों को गृह विज्ञान के क्षेत्र में उभरते करियर जैसे नैदानिक पोषण विशेषज्ञ, उद्यमी, ऑनलाइन और ऑफलाइन कार्यशालाओं, स्वास्थ्य देखभाल भागीदारी, प्रमाणन कार्यक्रम, परामर्श सेवाओं के बारे में जागरूक करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत हमारी प्राचार्या डॉ. उर्मिला मोरल, उप प्राचार्या डीन ऑफ लाइफ साइंस एंड एग्रीकल्चर विभाग डॉ. पूनम नागर, डीन ऑफ कॉलेज रुचिका गुप्ता, प्रवेश प्रभारी सुमित काकरान, चीफ प्रॉक्टर राहुल पोसवाल, डीन ऑफ मैनेजमेंट संजीत सिंह, डीन ऑफ मैनेजमेंट की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। विधि विभाग से सोनू यादव, गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष निधि शर्मा एवं सभी विभाग सदस्य उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में डाइटीशियन पैमल लांबा थीं। पैमल लांबा जयपुर के पर्पल हेरॉन अस्पताल में एक वरिष्ठ आहार विशेषज्ञ और ऑनलाइन और ऑफ लाइन प्लेटफार्मों में उद्यमी हैं। उन्होंने हमारे दैनिक जीवन में पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला और अपने ज्ञान और अनुभव को छात्रों के साथ साझा किया। मुख्य आकर्षण का विषय चिकित्सीय आहार था। उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण आहारों जैसे मधुमेह आहार, कम कोलेस्ट्रॉल आहार, सोडियम प्रतिबंधित आहार और कई अन्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपनी सफलता की यात्रा भी साझा की। अंत में गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष निधि शर्मा ने हमारे मुख्य अतिथि को सम्मानित किया तथा धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में वर्सिया, ज्योति नागर, पायल काकरान, पायल मेहरा सहित सभी फैकल्टी मौजूद रहीं।



- उभरते करियर अनमास्क योर पोटेंशियल विषय पर चर्चा
- जीवन में पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला
- गृह विज्ञान के छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य को लेकर दिए टिप्स

## सार संक्षेप

### महालक्ष्मी डिग्री कॉलेज में हवन-पूजन के साथ नव शैक्षिक सत्र का शुभारंभ

**मेरठ।** महालक्ष्मी डिग्री कॉलेज में आज नव शैक्षिक सत्र 23 -24 शुभारंभ के अवसर पर हवन-पूजन का कार्यक्रम किया गया। कॉलेज चेयरमैन डॉ0 प्रवीण मित्तल और कॉलेज निदेशक डॉ0 मोहित यादव ने सत्र 23 -24 आरंभ होने पर आप सभी छात्र-छात्राओं को शुभकानाएं, प्रेषित करते हुए कहा कि, कोई भी शुभ कार्य से पहले ईश्वर की आराधना भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इससे वातावरण शुद्ध तो होता ही है, साथ ही मन-मस्तिष्क में नई ऊर्जा का संचार भी होता है, आप सदैव सफलता की सीढ़ियों पर आगे बढ़ते हुए जाए और कॉलेज का नाम रोशन करें ऐसी आशा करता हूं। कॉलेज रजिस्ट्रार संदीप कुमार और उप रजिस्ट्रार पवन कुमार शर्मा ने छात्र- छात्राओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी, और कहा आप जीवन में बहुत आगे जाए और जब तक सफलता ना मिल जाए तब तक प्रयासरत रहे। अंत में श्री हरि की आरती के साथ हवन-पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ, तदुपरांत प्रसाद वितरण किया गया। हवन-पूजन कार्यक्रम के दौरान सभी विभागाध्यक्ष और कॉलेज फैकल्टी मेंबर उपस्थित रहे।

### विश्वविद्यालय में प्रॉक्टोरियल बोर्ड बैठक का आयोजन

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रॉक्टोरियल बोर्ड की एक बैठक हुई। जिसमें विश्वविद्यालय की सुरक्षा विश्वविद्यालय में बाहर से आने वाले लोगों की आवाजाही पर नजर तथा विश्वविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में निम्नलिखित रूप से विश्वविद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। छात्रों के लिए प्रत्येक विभाग में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। विश्वविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने के लिए तीन सदस्य एक टीम का भी गठन किया गया।

# एसआर इंटरनेशनल में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



- विज्ञान वरदान या अभिशाप रहा विषय
- यूको बैंक की ओर से कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मेरठ,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। किला रोड स्थित एस आर इंटरनेशनल स्कूल में यूको बैंक के सौजन्य से आजादी का अमृत महोत्सव उपलक्ष्य में विज्ञान वरदान या अभिशाप विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता 2 वर्गों में आयोजित की गई। प्रथम वर्ग में कक्षा छठीं से आठवीं तक के छात्रों ने भाग लिया दूसरे वर्ग में कक्षा नवमी और दसवीं के छात्रों ने भाग लिया। यूको बैंक के सीनियर मैनेजर शैलेन्द्र चौधरी ने दोनों वर्गों में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया गया। प्रथम वर्ग में जूबीया ने प्रथम आरोही ने द्वितीय एवं कनिष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय वर्ग में वंशिका ने प्रथम एवं मुमताज ने द्वितीय एवं सिमरन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के डायरेक्टर स्वतंत्र चौहान ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विज्ञान के विषय में हर व्यक्ति की अपनी सोच होती है। इसका गुलाम नहीं बनना चाहिए अपितु इसको गुलाम बनाकर रखना चाहिए ।

# एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान



**मवाना,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर स्थित ए एस इंटर कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स के द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान विद्यालय के चारों तरफ साफ सफाई को मध्य नजर रखते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट बलराज सिंह, शिक्षक श्रवण कुमार खेल शिक्षक कपिल कुमार सिरोही के साथ एनसीसी कैडेट्स ने सबसे पहले विद्यालय के आसपास कूड़ा करकट पन्नी इत्यादि को एकत्र किया उसके उपरांत संचारी रोगों से बचने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने बताया की सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है यदि हमें संचारी रोगों से बचाना है तो अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं शुद्ध रखना होगा।

# गणेश चतुर्थी पर्व पर शोभायात्रा के आयोजकों के साथ निरीक्षण



**किठौर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। गणेश चतुर्थी को लेकर सीओ किठौर व प्रभारी निरीक्षक किठौर की मौजूदगी में शोभायात्रा को लेकर थाना प्रांगण में एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें शोभायात्रा के रुट को लेकर आयोजक से चर्चा की गई। जिसमें किठौर और शाहजहापुर के गणमान्य लोग भी मौजूद थे। गुरूवार को थाना प्रांगण में शोभायात्रा को लेकर एक मीटिंग रखी गई थी। जिसमें सीओ किठौर और प्रभारी निरीक्षक ऋषिपाल सिंह के नेतृत्व में आयोजन किया गया। इस दौरान किठौर और शाहजहांपुर के गणमान्य लोग मौजूद थे। गणेश चतुर्थी पर निकलने वाली शोभायात्रा के बारे में चर्चा की गई और रूट को लेकर आयोजक के साथ निरीक्षण किया गया। शोभा यात्रा को शांतिपूर्वक और भाईचारे के साथ निकलवाने के लिए किठौर और शाहजहापुर के गणमान्य लोगों से चर्चा की गई। इस दौरान दर्जनों गणमान्य व्यक्ति मीटिंग के दौरान थाना प्रांगण में उपस्थित थे जिसमें किठौर चौयरमैन पति सलमान मुनकाद पूर्व चेयरमैन किठौर मतलब गौड़, अध्यक्ष शाहजहांपुर वसीम उर रहमान व गन्मानये लोग मौजूद थे किठौर प्रभारी निरीक्षक ने बताया की 25 सितंबर को शाहजहांपुर में गणेश चतुर्थी शोभायात्रा निकाली जाएगी जबकि 28 सितंबर को किठौर में शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# आत्मोन्नति का प्रमुख साधन उत्तम आर्जव धर्म भाव भूषण महाराज

**मवाना/हस्तिनापुर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। श्री दिगम्बर जैन प्राचीन बड़ा मन्दिर हस्तिनापुर में पर्यूषण पर्व के शुभ अवसर पर श्री जी का मुख्य वेदी में अभिषेक किया गया। तत्पश्चात् मल्लिनाथ भगवान के समवशरण में चल रहे श्री 1008 तीन लोक महामण्डल विधान में भगवान की शान्तिधारा करने का सौभाग्य प्रमोद जैन सुशीला जैन, निखिल जैन, दीपा जैन अनिल जैन को मिला। विधान के मध्य आयोजित धर्म सभा में मुनि 108 भाव भूषण महाराज, ने उत्तम आर्जव धर्म पर प्रवचन देते हुए कहा कि – पर्यूषण पर्व का यह तृतीय दिन आर्जव धर्म का दिन है जब धर्म प्रवेश करता है तो सभी अधर्म समाप्त हो जाते है। आज का पर्व हमें यह सिखलता है कि क्षल, कपट, मायाचारी से रहित व्यवहार करना चाहिए क्योंकि जो छल, कपट करता है उसका इस लोक में और परलोक में अहित ही होता है। ध्यानत राय जी ने भी दक्षलक्षण पूजन में कहा है कि कपट न कीजे कोये, चौरन के पुर ना बसै, सरल सुभावी होय, ताके घर बहु संपदा। क्षल कपट से हम कितनी ही सम्पत्ति एकत्र कर ले वह सर्वनाश हो जाती है हमने जीवन मे सुना है कभी चोरो के नगर नहीं बसते। जो सरल सुभावी होता है सज्जन होता है। उसके यहां बहुत सम्पदा हुआ करती है। यह पर्व हमसे कहता है कि मन वचन काय का टेड़ापन समाप्त कर हम सब मन से, वचन से, काय से एक होकर अपनी आत्मा को समतल बनाये तीन लोक महामण्डल विधान के तृतीय वलय के 100 अर्घ माण्डले पर समर्पित किये।

# सुभारती में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन

**मेरठ,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के भीकाजी कामा सुभारती कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट में फ्रेशर्स पार्टी आरंभ-2023 का आयोजन हुआ। बीसीएससीएचएम के विभिन्न छात्र क्लबों का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ छात्रों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को नए छात्र और छात्राओं का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। प्रधानाचार्य डॉ. शिव मोहन वर्मा ने नए छात्रों का हार्दिक स्वागत किया और कॉलेज समुदाय के भीतर वरिष्ठों और कनिष्ठों के बीच मजबूत बंधन बनाने और आपसी सम्मान को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सुभारती विश्वविद्यालय के शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के मंत्र से सभी को रूबरू कराया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन काशिफऔर केरेन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए द्वितीय वर्ष के सभी छात्रों का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम में डॉ. इंद्रनील बोस, अंकित श्रीवास्तव, विकास शर्मा, डॉ. धनंजय श्रीवास्तव, सौरभ त्रिपाठी, यजवेंद्र सिंह, अंकित प्रकाश, गरिमा जैन गोयल सहित संकाय सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



# सीसीएसयू में मनोवैज्ञानिक परामर्श सत्र का आयोजन



- छात्रों की मनो स्थिति को मजबूत करने के लिए दिए टिप्स
- समय से भोजन व सकारात्मक मनोरंजन जरूरी: संजय

**मेरठ,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय छात्रावास के समस्त छात्रों की मनो स्थिति को प्रबल करने के उद्देश्य से एक मनोवैज्ञानिक परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर संजय कुमार तथा उनके विभाग की काउंसलिंग टीम के सदस्यों ने छात्रावास के सभी विद्यार्थियों से छात्र जीवन के विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा की। प्रोफेसर संजय कुमार ने कहा कि मनोवैज्ञानिक रूप से सुदृढ़ हा व्यवहार के लिए प्रतिदिन नियमित रूप से व्यायाम सुबह की सैर समय से भोजन एवं सकारात्मक मनोरंजन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों के मानसिक स्तर को पढ़ते हुए उनको विभिन्न मनोवैज्ञानिक उपचार सुझाए इस सत्र में छात्रावास के सभी छात्रों ने बढ़-कर का हिस्सा लिया। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक डॉ विवेक कुमार सहायक छात्रावास अधीक्षक डॉक्टर सीपी सिंह साथी अन्य छात्रावासों के अधीक्षक सहायक अधीक्षक भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य छात्रावास अधीक्षक प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि सकारात्मक अचार तथा सकारात्मक विचार भी छात्र जीवन में महत्व रखता है उन्होंने कहा कि छात्र ही विश्वविद्यालय का आधार होते हैं। कार्यक्रम में रविंद्र सिंह अनूप तिवारी तथा छात्रावास के समस्त कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

# शिक्षक संघ ने कुलपति से कहा तुम हो महान बने रहो, लघुता न अब मेरी तुम छुओ..

- नियम विरुद्ध कार्य कर रहे हैं रामनगरी के अवध विश्वविद्यालय में कुलपति व अधिकारी
- मंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक हुई शिकायतें, कारवाई डस्टबिन में

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 21 सितंबर(देशबंधु)। यूं तो उत्तर प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक स्थिति चिंताजनक है लेकिन अवध विश्वविद्यालय नेतृत्व की भूमिका में नजर आ रहा है। उच्च शिक्षा का यह मंदिर अयोध्या में स्थित है जहां राम का मंदिर बन रहा है। कुलपति व अधिकारियों की मनमानी की भेंट चढ़ चुके इस विश्वविद्यालय को राम मंदिर के दृष्टिगत बन रहे श्रीराम एअरपोर्ट ने भी छोटा कर दिया है। शिक्षक संघ ने कुलपति को पत्र लिखकर कवि शिवमंगल सिंह सुमन के शब्दों में कहा है कि लघुता न अब मेरी छुओ, तुम हो महान बने रहो। उच्च शिक्षा के सुव्यवस्थित संचालन के लिए सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, विश्वविद्यालय परिनियमावली , अध्यादेश एवं शासनादेश का प्रावधान किया गया है। उनके पारदर्शी व निष्पक्ष क्रियान्वयन हेतु ही कुलपति, कुल सचिव, परीक्षा नियंत्रक, सहायक व उपकुलसचिव की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा की जाती है। विश्वविद्यालय के जिम्मेदार लोग ही नियमों को दरकिनार कर कार्य करने लगे तो विश्वविद्यालय का संक्रमित होना लाजमी है। समस्याओं का निराकरण घोर विपन्नता को प्राप्त है। शायद ही यह किसी विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात हो सकती है कि महाविद्यालय शिक्षकों द्वारा किए गए पेपर सेटिंग ,मूल्यांकन, परीक्षण ,अध्ययन बोर्ड एवं शोध समिति बैठक की सहभागिता, मॉडरेशन, पी-एच डी वायवा आदि कार्यों के भुगतान के लिए वर्षों भाग दौड़ एवं याचना करना पड़े और फिर भी कार्य न होने पर आंदोलन के लिए चेतावनी देनी पड़े। विगत 18 जनवरी को हुई शिक्षक कुलपति वार्ता में 3 माह में भुगतान होने के आश्वासन के बावजूद आज तक शिक्षकों का भुगतान लंबित है। प्रदेश में अवध विश्वविद्यालय ही एकमात्र विश्वविद्यालय होगा जहां अध्यादेश के बावजूद मूल्यांकन जैसा महत्वपूर्ण कार्य बिना शिक्षकों की देखरेख में कराया जा रहा है। 75त्न से अधिक अंक दिए जाने पर परीक्षक द्वारा स्पष्टीकरण दिए जाने का प्रावधान कागज की शोभा बढ़ाने के लिए है। विश्वविद्यालय के आशीर्वाद की वर्षा सामान्य व कुशाग्र छात्रों में बिना किसी भेदभाव के प्रयोगात्मक एवं लिखित परीक्षाओं में जारी है।

अगर किसी शिक्षक ने 75प्रतिशत के नियम का प्रश्न भी किया या ईमानदारी से मूल्यांकन की बात भी कर दी तो उसका परीक्षकत्व से हाथ धोने पड़ रहा है। फर्जी परीक्षकों द्वारा परीक्षा कराने, एक ही शिक्षक को आंतरिक व बाह्य परीक्षक बनाए जाने, प्रैक्टिकल /वायवा के आवंटन में धांधली, शिक्षकों से पूर्व से तैयार अंकपत्र पर हस्ताक्षर के लिए बाध्य किये जाने, बिना शिक्षकों के हस्ताक्षर के ही परीक्षा परिणाम घोषित होने, मनमानी ढंग से आयोग द्वारा चयनित शिक्षकों को मूल्यांकन के लिए अनर्ह घोषित किए जाना शगल बन गया है।

विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली सबसे प्रतिष्ठित डिग्री पी-एच.डी भी अनियमितताओं एवं विसंगतियां का शिकार हो चुकी है ।हर बार पीएचडी प्रवेश नियमों के उल्लंघन के कारण विवादों में रहता है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मवाना ( मेरठ )

**पत्रांक 812/सफाई विभाग/2023-24** **दिनांक : 21.9.2023**

**सार्वजनिक सूचना**

सभी इच्छुक एवं अनुभवी फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद मवाना मखदुमपुर रोड मील बाईपास स्थित पालिका खत्ते के डिस्पोजल हेतु निम्न बिन्दुओं को शामिल करते हुए डी.पी.आर. बनवाना चाहती है, इच्छुक एवं अनुभवी फार्म उक्त डी.पी.आर. हेतु अपनी दरें नगर पालिका परिषद मवाना में दिनांक 30.09.2023 को पूर्वांहन 11.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिनांक 30.09.2023 को दोपहर 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जाएगी। इसके अतिरिक्त उक्त दरें बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार पूर्णत: अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय में निहित होगा। सशर्त दरें मान्य नहीं होंगी।

**निर्धारित बिन्दु :-**

1. Estimation of Quantity of Legacy Waste (Site Name)
2. Waste test (Density test, Soil Analytics, RDF, Sieve test)
3. Site Environment around Existing Dumpsite (Soil Analytics, Air Ground water, Noise)
4. Activities for Bioremediations.
   All need to be done as per CPCB Legacy waste Guideline 2019

| ( राजीव कुमार ) | ( अखिल कुमार कौशिक ) |
|---|---|
| अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
| नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद |
| मवाना (मेरठ) | मवाना (मेरठ) |

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, शुक्रवार, 22 सितम्बर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## नहीं रहे '3 इडियट्स' के अभिनेता अखिल मिश्रा

**मुंबई।** आमिर खान अभिनीत '3 इडियट्स' और 'भोपाल–ए प्रेयर फॉर रेन' जैसी फिल्मों में काम कर चुके अभिनेता अखिल मिश्रा का रसोई में एक दुर्घटना के बाद निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। सूत्र ने बताया कि यह एक दुर्घटना थी। वह रसोई में फर्श पर घायल अवस्था में पाए गए, और अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। हम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। सूत्र ने बताया कि घटना के वक्त उनकी पत्नी सुजैन हैदराबाद में शूटिंग कर रही थीं। अखिल मिश्रा का जन्म 1965 में हुआ था। उन्होंने 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी', 'गांधी, माई फादर' जैसी फिल्मों और 'प्रधानमंत्री' जैसे टेलीविजन धारावाहिकों में काम किया था।

## 'पशमीना – धागे मोहब्बत के' में मां का किरदार निभाएंगी गौरी तेजवानी



**मुंबई,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। टेलीविजन शो 'पश्मीना–धागे मोहब्बत के' में अभिनेत्री गौरी तेजवानी, शो के मुख्य किरदार पश्मीना की मां की भूमिका में नजर आएंगी। यह शो कश्मीर की सुंदर घाटी की अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता के साथ प्रेम की एक खूबसूरत गाथा पेश करता है। 'पश्मीना–धागे मोहब्बत के' में पश्मीना और राघव की भूमिकाएं निभाते हुए, ईशा शर्मा और निशांत मलकानी उन पात्रों में जान डाल देते हैं। शो में गौरी पश्मीना की मां प्रीति सूरी की अहम भूमिका है। प्रीति एक मजबूत, स्वतंत्र महिला हैं और जीवन भर अपनी बेटी के समर्थन का स्तंभ रही हैं। आत्मनिर्भरता में उनके विश्वास ने पश्मीना को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनने के लिए सशक्त बनाया है। शो के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि 'पश्मीना–धागे मोहब्बत के' का हिस्सा बनना एक अविश्वसनीय अनुभव है, क्योंकि यह कश्मीर की मनमोहक पृष्ठभूमि पर रोमांस के कालातीत तत्वों को एक साथ बुनता है। शो की स्क्रिप्ट वास्तव में असाधारण है। कश्मीर की सुंदरता बचपन की कई यादें ताजा कर देती है।

उन्होंने कहा कि प्रेम में विश्वास करने वाली प्रीति जैसे चरित्र को पर्दे पर जीवंत करने का यह एक अनूठा अवसर है। मैं वास्तव में उम्मीद करती हूं कि दर्शक भी उतना ही आनंद लेंगे जितना मैंने लिया है।

प्रीति एक महत्वपूर्ण किरदार होगी, क्योंकि उसके निर्णय और कार्य इन दो प्रेमियों के भाग्य में एक निर्णायक भूमिका निभाते हैं, जो उनके रिश्ते को आकार देते हैं। 'पश्मीना–धागे मोहब्बत के' का प्रीमियर अक्टूबर में सोनी सब पर होगा।

# ऑफिस में काम के लिए लगातार बैठे रहना सेहत के लिए नुकसानदायक

**टोरंटो,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। ऑफिस में काम के लिए लगातार बैठे रहना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। यह बात एक शोध से सामने आई है। शोध में काम के बीच में ब्रेक लेने पर भी जोर दिया गया है। शोधकर्ताओं के अनुसार कार्यालय कर्मियों को लंबे समय तक बैठे रहने से संभावित नुकसान हो सकता है, जो उनके कार्यदिवस का 80 प्रतिशत तक हो सकता है।

यह गतिहीन जीवनशैली टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और कुछ कैंसर से लेकर उच्च रक्तचाप और बढ़ी हुई मृत्यु दर तक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जोखिम पैदा करती है। अधिक चिंताजनक तथ्य यह है कि कोरोना महामारी के बाद से रिमोट वर्कर्स की संख्या बढ़ रही हैं, वह अपने कार्यालय समकक्षों की तुलना में और अधिक गतिहीन हो सकते हैं।

कनाडा के ओंटारियो में वेस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोध समन्वयक मैडिसन हीमस्ट्रा ने कहा कि यह सिर्फ बहुत अधिक बैठने के बारे में नहीं है, बल्कि यह आपके पूरे दिन बैठने के तरीके के बारे में भी है। हीमस्ट्रा ने कहा कि लंबे समय तक लगातार बैठे रहने से



- शोध में काम के बीच में ब्रेक लेने पर भी दिया जोर
- चार सप्ताह तक, प्रतिभागियों को बैठने, खड़े होने और चलने में बिताए

नकारात्मक स्वास्थ्य परिणामों का खतरा बढ़ सकता है।

**कब और कैसे ब्रेक लेना अध्ययन में खुलासा**

जर्नल ट्रांसलेशनल बिहेवियरल मेडिसिन में प्रकाशित अध्ययन में यह पता लगाया गया है कि कब और कैसे ब्रेक लेना है। प्रतिभागियों को दो अलग–अलग समूहों में विभाजित किया गया था, जिन्हें बैठने के समय को कम करने के लिए अपनी पसंदीदा रणनीतियों को चुनने की आजादी दी गई थी ('पसंद' समूह) और जिन्हें बिना किसी विकल्प के रणनीतियां सौंपी गईं ('कोई विकल्प नहीं' समूह)। 'पसंद' समूह में, प्रतिभागी विकल्पों की सूची में से स्वयं रणनीतियों का चयन कर सकते हैं या उन्हें सौंपे गए विशेषज्ञों द्वारा अनुशंसित रणनीतियां हो सकती हैं। इसके विपरीत, 'कोई विकल्प नहीं' वाले समूह के पास इस मामले में कहने का अधिकार नहीं था और उन्हें बेतरतीब ढंग से अपनी रणनीति चुनने या विशेषज्ञ की सिफारिशों का पालन करने का काम सौंपा गया था। चार सप्ताह तक, प्रतिभागियों को बैठने, खड़े होने और चलने में बिताए गए कुल समय के साथ–साथ बैठने से उनके ब्रेक की आवृत्ति और अवधि की निगरानी की गई। लक्षित उद्देश्य प्रतिभागियों को हर 30 से 45 मिनट में छोटे ब्रेक लेने के लिए प्रेरित करना था, प्रत्येक ब्रेक दो से तीन मिनट तक रहता था। अध्ययन के निष्कर्षों से पता चला कि दोनों समूहों के प्रतिभागियों ने अध्ययन के दौरान ब्रेक आवृत्ति में वृद्धि और कुल बैठने के समय में इसी तरह की कमी का प्रदर्शन किया। यह सकारात्मक प्रवृत्ति लंबे समय तक बैठने के हानिकारक प्रभावों का मुकाबला करने के लिए प्रभाव डालती है। विशेष रूप से उल्लेखनीय 'कोई विकल्प नहीं' समूह था, जिसने न केवल बैठने से उनके ब्रेक की आवृत्ति बढ़ा दी, बल्कि उनके ब्रेक की अवधि भी बढ़ा दी।

## सुबह, दोपहर का व्यायाम

### कम करता है टाइप–2 मधुमेह का जोखिम



**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में किए गए एक नए अध्ययन के अनुसार, सुबह और दोपहर की शारीरिक गतिविधि टाइप–2 मधुमेह होने के जोखिम को कम करती है। डायबेटोलोजिया जर्नल में प्रकाशित नए शोध में शाम की शारीरिक गतिविधि और टाइप 2 मधुमेह के जोखिम के बीच कोई सांख्यिकीय महत्वपूर्ण संबंध नहीं पाया गया। शारीरिक गतिविधि टाइप 2 मधुमेह के लिए एक निवारक कारक है, लेकिन इसका समय और निरंतरता (शारीरिक गतिविधि के समग्र योग के विपरीत) अपेक्षाकृत अस्पष्ट रही है। अमेरिका में हार्वर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने सुबह, दोपहर या शाम की शारीरिक गतिविधि और निरंतरता (दिनचर्या) और टाइप 2 मधुमेह के जोखिम के बीच संबंधों का विश्लेषण किया। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के डॉ. चिराग पटेल ने कहा कि हमारे अध्ययन में सुबह और दोपहर बनाम शाम की शारीरिक गतिविधि के बीच मधुमेह के जोखिम के साथ संबंध दिखाया गया है। निष्कर्षों से यह भी पता चलता है कि मधुमेह और अन्य हृदय रोग के विकास के जोखिम को कम करने में मदद के लिए कुछ उच्च तीव्रता वाली गतिविधि को शामिल करना सहायक है। टीम में टाइप–2 मधुमेह के इतिहास के बिना 93,095 प्रतिभागियों (औसत आयु 62 वर्ष) को शामिल किया गया।

## जी सिनेमा लेकर आ रहा है सलमान खान की 'किसी का भाई किसी की जान' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। मस्ती, प्यार और जबर्दस्त मनोरंजन के रोमांचक सफर पर चलने के लिए हो जाइए तैयार, क्योंकि इस शनिवार 23 सितम्बर को रात 8 बजे, ज़ी सिनेमा पर 'किसी का भाई किसी की जान' के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ स्क्रीन पर अपना जलवा बिखेरने आ रहे हैं सलमान खान! फरहाद सामजी के निर्देशन में बनी यह बहुप्रतीक्षित फिल्म अपने जोरदार एक्शन सीक्वेंस ड्रामा और दिलचस्प कहानी के साथ दर्शकों के दिलों में उतरने का वादा करती है, जो परिवार और उससे परे के बंधनों / रिश्तों का जश्न मनाता है।

'किसी का भाई किसी का जान' सिर्फ एक फिल्म नहीं है। यह हिंदी




फिल्मों के हर फैन के लिए एक जज़्बात है, एक ऐसा एहसास जो उत्तर और दक्षिण की सरहदों के पार चला जाता है। इस फिल्म में पूजा हेगड़े ने लीड भूमिका निभाई है, जिन्होंने सलमान खान के साथ बेमिसाल केमिस्ट्री बनाई है। प्यार और परिवार के इस जश्न में उनके साथ शामिल हैं वेंकटेश, भूमिका चावला, राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल, शहनाज़ गिल, पलक तिवारी और विनाली भटनागर जैसे टैलेंटेड कलाकार। इतना ही नहीं, इस फिल्म में बड़े पर्दे के जाने–माने प्रेम और सुमन की मशहूर जोड़ी यानी सलमान खान और भाग्यश्री भी 34 साल बाद एक साथ नजर आएंगे, जहां भाग्यश्री ने कुछ इस अंदाज़ में स्पेशल अपीयरेंस दिया है, जो यकीनन आपके दिलों में कशिश जगा देंगी। इसके अलावा किसी का भाई किसी की जान में दिल छू लेने वाला म्यूज़िक है, जो इस फिल्म में जादू–सा असर करता है। इनमें हिमेश रेशमिया का चार्ट–टॉपिंग हिट 'नैयो लगदा' भी शामिल है। इसके अलावा 'येंतम्मा' और 'बिल्ली बिल्ली' जैसे मस्ती भरे गानों में सभी कलाकारों ने जमकर धूम मचाई है। देखना ना भूलें 'किसी का भाई किसी की जान' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर, शनिवार 23 सितंबर को रात 8 बजे सिर्फ ज़ी सिनेमा पर!

## यूपी ट्रेड शो में प्रदेश के विभिन्न जिलों की दिखी कला व संस्कृति

**ग्रेटर नोएडा,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो इंडिया एक्सपोमार्ट में उद्घाटन के साथ उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के कलाकारों ने भारतीय संस्कृति व कला को प्रदर्शित किया, जिसे देखने के लिए लोगों में उत्सुकता देखने को मिली। इस दौरान मथुरा व बरसाने का रास, सोनभद्र की पारंपरिक नृत्य, अवध का गायन प्रस्तुत किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश की कला व संस्कृति को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन किया है, जो 21 से 25 सितम्बर तक चलेगा। इस शो में पूरे प्रदेश की कला व संस्कृति के साथ एक जिला एक उत्पाद को प्रदर्शित किया गया है। गुरुवार को राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रदेश के कई मंत्री पहुंचे थे, अतिथियों ने कलाकारों की प्रदर्शन को देखकर खुश हुए और उनकी कला की सराहना भी किया।



## अभिनेत्री दिशा परमार ने बेटी को दिया जन्म

**मुंबई,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। अभिनेत्री दिशा परमार ने एक बेटी को जन्म दिया है। गायक राहुल वैद्य और दिशा ने इंस्टाग्राम पर एक संयुक्त पोस्ट के जरिए प्रशंसकों के साथ खुशखबरी साझा की। जोड़े ने हाथी के बच्चे के कार्टून की एक सुंदर तस्वीर साझा की, जिसमें घोषणा की गई, 'यह एक लड़की है।' मां और बच्चा दोनों स्वस्थ और बिल्कुल ठीक हैं।

उन्होंने कैप्शन में लिखा कि हमें एक बच्ची का आशीर्वाद मिला है। मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। हम स्त्रीरोग विशेषज्ञ ध्रुपीदेधिया को धन्यवाद देना चाहते हैं जो गर्भ धारण करने से लेकर जन्म तक बच्चे की देखभाल में लगे रही।

पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, नकुल मेहता ने टिप्पणी की।

यूट्यूबर शेफाली बग्गा ने टिप्पणी की, 'बहुत–बहुत बधाई। तुम्हारे गणेश जी के साथ लक्ष्मी






भी आई हैं।' राहुल ने दिशा को उनके बर्थडे सरप्राइज के तौर पर बिग बॉस 14 में प्रपोज किया था। दिशा ने उन्हें जवाब भी भेजा और वैलेंटाइन डे पर शो में उनसे मुलाकात की। दोनों की मुलाकात कॉमन फ्रेंड्स के जरिए हुई थी और जल्द ही उनके बीच करीबी रिश्ता बन गया। दिशा ने 2019 में राहुल वैद्य के गाने 'याद तेरी' के संगीत वीडियो में भी अभिनय किया।

## गिटहब कोपायलट चैट बीटा अब सभी व्यक्तिगत उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। एआई–पावर्ड डेवलपर प्लेटफॉर्म गिटहब ने गुरुवार को कहा कि उसके कोपायलट चैट का सार्वजनिक बीटा अब वैश्विक स्तर पर सभी व्यक्तिगत उपयोगकर्ताओं के लिए मुफ्त में उपलब्ध है।

एक साथ एकीकृत, गिटहब कोपायलट चैट और गिटहब कोपायलट जोड़ी प्रोग्रामर एक शक्तिशाली एआई सहायक बनाते हैं, जो डेवलपर्स को उनकी पसंद की प्राकृतिक भाषा में उनके दिमाग की गति से निर्माण करने में मदद करने में सक्षम है। जुलाई में, मााइक्रोसाफ्ट के स्वामित्व वाली कंपनी ने जीथब कोपायलट चैट का सार्वजनिक बीटा पेश किया। गिटहब में उत्पाद प्रबंधन के उपाध्यक्ष शुयिन झाओ ने कहा कि हम विजुअल स्टूडियो और वीएस कोड में सभी गिटहब कोपायलट व्यक्तिगत उपयोगकर्ताओं के लिए गिटहब कोपायलट चैट का एक सार्वजनिक बीटा जारी करके अपनी गिटहब कोपायलट एक्स यात्रा में अगला कदम उठाने के लिए रोमांचित हैं। व्यक्तियों के लिए गिटहब कोपायलट के लिए साइन अप करने वाले लोग शक्तिशाली एआई सहायक तक पहुंच सकते हैं, जिसका लाभ प्रमुख उद्यम टर्बोचार्जर डेवलपर उत्पादकता और खुशी के लिए उठा रहे हैं।

**नई भाषाएं या फ्रेमवर्क सीखने, बग का निवारण करने में उपयोग**

डेवलपर्स और व्यक्तियों की टीमें नई भाषाएं या फ्रेमवर्क सीखने, बग का निवारण करने, या सरल, प्राकृतिक भाषा आउटपुट में कोडिंग प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने के लिए गिटहब कोपायलट चैट का उपयोग कर सकती हैं।

कंपनी ने कहा कि यह संदर्भ स्विचिंग की आवश्यकता को कम कर सकता है, विकास प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर सकता है और डेवलपर्स को अपना फोकस और गति बनाए रखने में मदद कर सकता है।

## राष्ट्रीय सिनेमा दिवस पर 99 रुपए में फिल्म देख सकते हैं दर्शक

### 13 अक्टूबर को राष्ट्रीय सिनेमा दिवस के लिए तैयार

**मुंबई,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। देश 13 अक्टूबर को राष्ट्रीय सिनेमा दिवस के लिए तैयार है। दर्शक राष्ट्रीय सिनेमा दिवस पर सिनेमाघरों में 99 रुपए प्रति प्रवेश शुल्क पर फिल्म देख सकेंगे। इसके लिए मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमएआई) और पूरे भारत के सिनेमाज फिल्म प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय मूवी मैराथन के लिए एकजुट हुए हैं।

पिछले साल के आयोजन की शानदार सफलता के आधार पर इस वर्ष राष्ट्रीय सिनेमा दिवस 4000 से अधिक स्क्रीनों पर मनाया जाएगा। पिछले साल एक दिन में सबसे अधिक 6.5 मिलियन प्रवेश हुए थे।

यह विशेष अवसर सभी उम्र के दर्शकों को सिनेमाई आनंद के एक दिन के लिए एक साथ लाता है, जो इस साल बॉक्स ऑफिस पर कई





फिल्मों की अविश्वसनीय सफलता का जश्न मनाता है। यह उन लोगों के लिए एक खुला निमंत्रण है, जो अभी तक अपने स्थानीय सिनेमा में नहीं लौटे हैं।

पीवीआर आईनॉक्स, सिनेपोलिस, मिराज, सिटीप्राइड, एशियन, मुक्ता ए2, मूवी टाइम, वेव, एम2के, डिलाइट और कई अन्य थिएटर राष्ट्रीय सिनेमा दिवस का हिस्सा हैं।

**पुण्यतिथि के अवसर पर**

## सिनेमा जगत के युगपुरूष थे ताराचंद बड़जात्या

**मुंबई,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। सिनेमा जगत के युगपुरुष तारा चंद बडज़ात्या का नाम एक ऐसे फिल्मकार के रूप में याद किया जाता है जिन्होंने पारिवारिक और साफ सुथरी फिल्म बनाकर लगभग चार दशकों तक सिने दर्शकों के दिल में अपनी खास पहचान बनाई।



फिल्म जगत में सेठजी के नाम से मशहूर महान निर्माता ताराचंद बडज़ात्या का जन्म राजस्थान में एक मध्यम वर्गीय परिवार में 10 मई 1914 को हुआ था। ताराचंद ने अपनी स्नातक की शिक्षा कोलकाता के विधासागर कॉलेज से पूरी की। उनके पिता चाहते थे कि वह पढ़ लिखकर बैरिस्टर बने लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति खराब रहने के कारण ताराचंद को अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी। वर्ष 1933 में ताराचंद नौकरी की तलाश में मुंबई पहुंचे मुंबई में वह मोती महल थियेटर्स प्राइवेट लिमिटेड नामक फिल्म वितरण संस्था से जुड़ गए। यहां उन्हें पारश्रमिक के तौर पर 85 रुपए मिलते थे।

वर्ष 1939 में उनके काम से खुश होकर वितरण संस्था ने उन्हें महाप्रबंधक के पद पर नियुक्त करके मद्रास भेज दिया। मद्रास पहुंचने के बाद ताराचंद और अधिक परिश्रम के साथ काम करने लगे। उन्होंने वहां के कई निर्माताओं से मुलाकात की और अपनी संस्था के लिए वितरण के सारे अधिकार खरीद लिए। मोती महल थियेटर्स के मालिक उनके काम को देख काफी खुश हुए और उन्हें स्वयं की वितरण संस्था शुरू करने के लिए उन्होंने प्रेरित किया। इसके साथ ही उनकी आर्थिक सहायता करने का भी वायदा किया। ताराचंद को यह बात जच गई और उन्होंने अपनी खुद की वितरण संस्था खोलने का निश्चय किया।

15 अगस्त 1947 को जब भारत स्वतंत्र हुआ तो इसी दिन उन्होंने राजश्री नाम से वितरण संस्था की शुरूआत की। वितरण व्यवसाय के लिए उन्होंने जो पहली फिल्म खरीदी वह थी चंद्रलेखा। जैमिनी स्टूडियो के बैनर तले बनी यह फिल्म काफी सुपरहिट हुई जिससे उन्हें काफी फायदा हुआ। इसके बाद वह जैमिनी के स्थाई वितरक बन गए। इसके बाद ताराचंद ने दक्षिण भारत के कई अन्य निर्माताओं को हिन्दी फिल्म बनाने के लिए भी प्रेरित किया। अंजली, वीनस, पक्षी राज और प्रसाद प्रोडक्शन जैसी फिल्म निर्माण संस्थाएं उनके ही सहयोग से हिन्दी फिल्म निर्माण की ओर अग्रसर हुई और बाद में काफी सफल भी हुईं।

वर्ष 1962 में प्रदर्शित फिल्म आरती के जरिए उन्होंने फिल्म निर्माण के क्षेत्र में भी कदम रख दिया। फिल्म आरती की सफलता के बाद बतौर निर्माता वह फिल्म इंडस्ट्री में स्थापित हो गए। वर्ष 1964 में इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए उन्होंने फिल्म दोस्ती का निर्माण किया जिसमें उन्होंने अभिनेता संजय खान को फिल्म इंडस्ट्री के रूपहले पर्दे पर पेश किया। दोस्ती के रिश्ते पर आधारित इस फिल्म ने न सिर्फ सफलता के नए आयाम स्थापित किए बल्कि अभिनेता संजय खान के करियर को भी एक नई दिशा दी। इस फिल्म का यह गीत चाहूंगा तुझे मै सांझ सवेरे आज भी श्रोतओं के बीच काफी लोकप्रिय है। उन्हें अपनी निर्मित फिल्म के लिए दो बार फिल्म फेयर के सर्वश्रेष्ठ फिल्मकार से नवाजा गया है। अपनी निर्मित फिल्मों से लगभग चार दशक तक दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाले महान फिल्माकार ताराचंद बडज़ात्या 21 सितम्बर 1992 को इस दुनिया को अलविदा कह गए थे।

# यहां तथागत बुद्ध के साथ पूजे जाते है ब्रह्मा,विष्णु, महेश

- अनीश्वरवादी बुद्ध के साथ सनातन धर्म के त्रिदेव की पूजा कहीं और नहीं होती
- यहां दो संस्कृतियों के मेल का अनूठा संगम झलकता

**कुशीनगर,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। भगवान बुद्ध का महा परिनिर्वाण स्थली कुशीनगर की पहचान यूं तो दुनिया भर में बौद्ध समुदाय के श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र के रूप में है मगर धार्मिक विविधताओं से परिपूर्ण इस नगर में स्थित थाई मंदिर बौद्ध संस्कृति के साथ साथ सनातन संस्कृति व सभ्यता को भी समेटे हुए है। मंदिर की दीवारें थाई वास्तुकला का परिचय कराती है। सबसे खास बात यह है कि यहां तथागत बुद्ध के साथ त्रिदेव यानी ब्रह्मा, विष्णु व महेश पूजे जाते हैं। अनीश्वरवादी बुद्ध के साथ सनातन धर्म के त्रिदेव की पूजा कहीं और नहीं होती है। यहां दो संस्कृतियों के मेल का अनूठा संगम झलकता है।

बौद्ध और सनातन संस्कृति के मिलाप के इस अनूठे संगम में वाट थाई मंदिर परिसर में तथागत भगवान बुद्ध के साथ ही ब्रह्मा, विष्णु और महेश





की मूर्तियां स्थापित हैं। इसके अलावा मंदिर में शिव.पार्वती, भगवान गणेश, कार्तिकेय व त्रिशूल के अलावा हाथ में चक्र लिए भगवान विष्णु, लक्ष्मी, ब्रह्मा व मां सरस्वती के भित्ति चित्र आकर्षण के केंद्र हैं। वहीं गरुड़ पक्षी को भी मंदिर में प्रमुख स्थान दिया गया है। वर्ष 1994 में वाट थाई कुशीनारा छर्लमराज मंदिर का निर्माण बुद्धिस्टों के दिन से आरंभ हुआ था। यह मंदिर बौद्ध विहार वाट थाई बोधगया और रॉयल थाई दूतावास एनई दिल्ली के संरक्षण में है। 2000 में बुद्ध मंदिर यानी उपोस्थ बनकर तैयार हो गया। जिसमें बौद्ध अनुयायियों ने पूजा अर्चना शुरू कर दी। थाईलैंड की राजकुमारी महाचक्री सिरिंधोर्न ने भगवान बुद्ध की अस्थियों को सुरक्षित रखने के लिए वर्ष 2001 में कुशीनगर पहुंचकर आधारशिला रखी थी। फिर पांच वर्ष बाद जब चैत्य का निर्माण कार्य पूरा हो गया तो 2005 में राजपरिवार के प्रतिनिधि के तौर पर लोकार्पण किया था। उन्हें 2004 में इंदिर गांधी शांति पुरस्कार से पुरस्कृत किया जा चुका है। मंदिर में भगवान बुद्ध के साथ त्रिदेव की प्रतिदिन विशेष–पूजा की परंपरा 20 साल से चली आ रही है।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.46 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.83 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 0.80 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.78 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.29 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 3.08 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 2.81 प्रतिशत |
| एसबीआई | 2.12 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 2.02 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.89 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 60370 |
| बिटुर | 55200 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,800 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 999 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### चीनी-गुड़

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 3500-4000 |
| परमल | 1800-2300 |
| चावल सेला | 3000-3100 |
| आरआर (आठ ) | 1900-1950 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 8150-8250 |
| उड़द दाल | 11000-11100 |
| मूंग दाल | 10000-10100 |
| अरहर दाल | 10500-10600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में गुरुवार को भी टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



## वित्त मंत्रालय ने बचत में गिरावट पर आरबीआई की आशंकाओं को किया खारिज

**नई दिल्ली,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को बढ़ते कर्ज के बीच देश में घरेलू बचत के कई दशक के निचले स्तर पर पहुंचने को अर्थव्यवस्था में संकट का संकेत बताने से इनकार कर दिया। मंत्रालय ने एक्स पर एक बयान जारी कर कहा कि परिवार अब पहले की तुलना में कम संपत्ति जोड़ रहे हैं।उन्होंने घरों और वाहनों जैसी संपत्ति खरीदने के लिए ऋण लेना शुरू कर दिया है जो संकट का संकेत नहीं है। ये तो भविष्य के रोजगार में विश्वास का संकेत है। उनको लगता है कि आय की संभावना बढ़ेगी। वित्त मंत्रालय का बयान इस सप्ताह आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों के मद्देनजर आया है, जिसमें दिखाया गया है कि परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत घटकर सकल घरेलू उत्पाद का केवल 5.1 प्रतिशत रह गई है, जो पांच दशकों में सबसे कम है।




आरबीआई के आंकड़ों ने चिंता पैदा कर दी है कि कई परिवारों की आय में गिरावट आई है, जो बढ़ती महंगाई के समय उधार लेने के लिए मजबूर हैं। मंत्रालय ने कहा कि मई 2021 से आवास के लिए ऋण में लगातार दो अंकों की वृद्धि हुई है यह दर्शाता है कि वास्तविक संपत्ति खरीदने के लिए पैसे उठाए गए हैं।

मंत्रालय ने कहा, अप्रैल 2022 से वाहन ऋण दोहरे अंक में और सितंबर 2022 से 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ रहा है। घरेलू क्षेत्र किसी तरह के संकट में नहीं है। वे लोन पर वाहन और घर खरीद रहे हैं। मंत्रालय ने यह भी कहा कि कोई परेशानी नहीं है, जैसा कि कुछ हलकों में प्रसारित किया जा रहा है और डेटा इंगित करता है कि विभिन्न वित्तीय उत्पादों के लिए उपभोक्ता की बदलती प्राथमिकता घरेलू बचत में कमी का असली कारण है।

मंत्रालय ने कहा, जून 2020 और मार्च 2023 के बीच, घरेलू सकल वित्तीय परिसंपत्तियों का स्टॉक 37.6 प्रतिशत बढ़ गया, और घरेलू सकल वित्तीय देनदारियों का स्टॉक 42.6 प्रतिशत बढ़ गया - दोनों के बीच कोई बड़ा अंतर नहीं है।

इसमें कहा गया कि परिवारों ने वित्त वर्ष 2021 में 22.8 लाख करोड़ रुपये, वित्त वर्ष 2022 में लगभग 17 लाख करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2023 में 13.8 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध वित्तीय संपत्ति जोड़ी। मंत्रालय ने बताया, कुल घरेलू बचत (मौजूदा कीमतें) - जिसमें वित्तीय, भौतिक और आभूषण शामिल हैं - 2013-14 और 2021-22 के बीच 9.2 प्रतिशत की सीएजीआर (चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर) से बढ़ी है।

मंत्रालय ने कहा, इससे पता चला कि घरेलू बचत और जीडीपी का अनुपात 2021-22 तक लगभग 20 प्रतिशत से 19 प्रतिशत तक स्थिर रहा है। ऐसा लगता है कि सबसे बड़ी चीज जिसने संपत्ति जोड़ने में मदद की है वो गैर-बैंकिंग वित्तीय निगमों (एनबीएफसी) से घरेलू क्षेत्र में ऋण का शुद्ध प्रवाह है।

मंत्रालय ने कहा कि 2021-22 में, एनबीएफसी ने घरेलू क्षेत्र को केवल 21,400 करोड़ रुपये का ऋण दिया था, जो 11.2 गुना बढ़कर लगभग 2,40,000 करोड़ रुपये हो गया। मंत्रालय ने कहा, एनबीएफसी के खुदरा ऋणों का 36 प्रतिशत वाहनों की खरीद में गया है।

## एडब्लूएस पर स्विफ्टचैट कन्वर्सेशनल एआई प्लेटफॉर्म का विकास

**नई दिल्ली,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय एजुकेशन टेक्नोलॉजी (एडटेक) सोशल एंटरप्राइज, कॉन्वेजीनियस ने एडब्लूएस पर सरकारी स्कूलों और कम फ़ीस वाले प्राइवेट स्कूलों के लिए एक कन्वर्सेशनल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चैटबॉट प्लेटफॉर्म स्विफ्टचैट का विकास किया है।

अमेज़न वेब सर्विसेज (एडब्लूएस) इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज बताया कि विश्व की इस अग्रणी क्लाउड सेवा के साथ स्विफ्टचैट का उद्देश्य भारत में 10 करोड़ से ज़्यादा विद्यार्थियों को 13 क्षेत्रीय भाषाओं में पर्सनालाइज्ड लर्निंग सामग्री प्रदान करने वाले 53 से अधिक कन्वर्सेशनल एआई चैटबॉट्स का उपयोग कर के-12 स्कूल के विद्यार्थियों के अध्ययन में सुधार लाना है। 1.9 करोड़ डिवाइस में 12.4 करोड़ विद्यार्थियों के प्रोफाइल के साथ स्विफ्टचैट प्लेटफॉर्म का उपयोग करके सरकारी स्कूल एक ऑम्नीचैनल चैटबॉट बना सकते हैं, जो विद्यार्थियों को पर्सनालाइज्ड लर्निंग जैसे क्यूरेटेड वीडियो और सिंगल एआई-इनेबल्ड चैटबॉट संवाद द्वारा कंटेंट को पढ़ने में मदद करता है। पर्सनालाइज्ड लर्निंग के अलावा, स्विफ्टचैट स्कूल प्रशासकों को शिक्षक प्रशिक्षण एवं डेटा पर आधारित निर्णय लेने में समर्थ बनाता है, जिसमें एक स्वस्थ शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात सुनिश्चित करने के लिए स्कूल में संसाधन की ज़रूरतों का अवलोकन करने और उन्हें पूरा करने की क्षमता भी शामिल है।एडब्लूएस के साथ कॉन्वेजीनियस राज्य सरकारों को विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके) उपलब्ध कराने में मदद कर रहा है। यह एक केंद्रीकृत सिस्टम है, जो विद्यार्थी के नामांकन, भागीदारी और लर्निंग की प्रगति पर नज़र रखने में मदद करता है। वीएसके अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराता है, और पूरे भारत में 15 लाख सरकारी स्कूलों के 95 लाख शिक्षकों का सहयोग करता है। कॉन्वेजीनियस द्वारा विकसित वीएसके टूलकिट, जिसमें स्विफ्टचैट प्लेटफॉर्म पर कई संवादपूर्ण एआई चैटबॉट हैं, के गुजरात में सफल पायलट के बाद इसे गोवा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तराखंड सहित 14 राज्यों में स्थापित किया गया है। स्विफ्टचैट स्कूलों से विभिन्न डेटा बिंदुओं को कैप्चर करता है, जो राज्य में पढ़ने, समझने और अंकगणित के कौशल जैसे क्षेत्रों में विद्यार्थियों की लर्निंग में आने वाली कमी के बारे में जानकारी देते हैं।

## इस साल बढ़ी हवाई यात्रियों की संख्या, घरेलू यात्री ट्रैफिक बढ़कर 38.27 प्रतिशत हुआ : मंत्रालय

**नई दिल्ली,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, घरेलू विमानन क्षेत्र में पहले आठ महीनों के दौरान यात्री यातायात में प्रभावशाली वृद्धि देखी गई है, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 38.27 प्रतिशत अधिक रही है। मंत्रालय के हालिया डेटा विश्लेषण के अनुसार, जनवरी से अगस्त 2023 के दौरान घरेलू एयरलाइनों द्वारा ले जाए गए यात्रियों की संख्या बढ़कर 1190.62 लाख के स्तर पर पहुंच गई है, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 38.27 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

केवल अगस्त 2023 महीने में ही 23.13 प्रतिशत की मासिक वृद्धि दर देखी गई है, जिसमें यात्रियों की संख्या बढकर 148.27 लाख तक पहुंच गई। यात्रियों की संख्या में वृद्धि होने का यह रुझान उद्योग के लचीलेपन और वैश्विक महामारी द्वारा पेश की गई चुनौतियों से उबरने को दर्शाता है। आंकड़ों के अनुसार, यात्री यातायात में प्रभावशाली वृद्धि के बावजूद, यह ध्यान देने वाली बात है कि इस साल अगस्त में अनुसूचित घरेलू एयरलाइनों के लिए कुल रद्दीकरण दर केवल 0.65 प्रतिशत रही। इस साल अगस्त के दौरान, अनुसूचित घरेलू एयरलाइनों को कुल 288 यात्रियों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। इस प्रकार प्रति 10,000 यात्रियों पर शिकायत दर केवल 0.23 प्रतिशत ही रही।

## भारत-कनाडा विवाद के किसी भी प्रभाव पर नजर रखने के लिए हितधारकों के साथ बात करेंगे : नैसकॉम

नई दिल्ली, 21 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय आईटी उद्योग की शीर्ष संस्था नैसकॉम ने गुरुवार को भारत-कनाडा के बीच चल रहे राजनयिक विवाद पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इससे दोनों देशों के बीच व्यापार धीमा हो सकता है और वे कनाडा में अपने सदस्यों के साथ निकट संपर्क में हैं।




नैसकॉम ने कहा कि वह संभावित प्रभाव को ट्रैक करने के लिए हितधारकों के साथ जुड़ेगा और जरूरत पड़ने पर आईटी और तकनीकी कंपनियों का समर्थन करेगा, क्योंकि नई दिल्ली ने कनाडाई नागरिकों के लिए अगली सूचना तक वीजा सेवाओं को निलंबित कर दिया है। नैसकॉम ने एक बयान में कहा, हम कनाडा में अपने सदस्यों के साथ निकट संपर्क में हैं और उनकी प्रतिक्रिया के अनुसार चिंता का कोई तत्काल क्षेत्र नहीं है।

चूंकि यह एक उभरती हुई स्थिति है, हम प्रभाव के किसी भी संभावित क्षेत्र को ट्रैक करने के लिए हितधारकों के साथ जुड़ना जारी रखेंगे, जिन्हें समर्थन की आवश्यकता हो सकती है।

हालिया तनाव के मद्देनजर विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को वीजा सेवाओं पर सरकार का रुख स्पष्ट किया।

भारत की यात्रा के लिए कनाडा द्वारा जारी की गई ट्रैवल एडवाइजरी के बारे में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि यह मुद्दा भारत की यात्रा का नहीं है।

उन्होंने कहा, जिनके पास वैध वीजा, ओसीआई हैं, वे भारत की यात्रा करने के लिए स्वतंत्र हैं। मुद्दा हिंसा भड़काना, कनाडाई अधिकारियों द्वारा कार्रवाई न करना और एक ऐसे वातावरण का निर्माण है जो हमारे वाणिज्य दूतावासों के कामकाज को बाधित करता है, जो हमें अस्थायी रूप से वीजा जारी करने की सेवाएं रोकने के लिए मजबूर कर रहा है। हम नियमित आधार पर इस स्थिति की समीक्षा करेंगे।

### सार संक्षेप

### मैनकाइंड फार्मा की ब्रांड जागरुकता के लिए स्पाइसजैट के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** फार्मास्युटिकल कंपनी मैनकाइंड फार्मा ब्रांड जागरुकता बढ़ाने के लिए भारत की प्रमुख विमानन कंपनी स्पाइसजेट के साथ विमान पर ब्रांडिंग के लिए साझेदारी की है। कंपनी के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राजीव जुनेजा ने आज यहां यह घोषणा करते हुये कहा कि इस साझेदारी के तहत स्पाइसजेट के विमान पर मैनकाइंड ब्रांड का प्रदर्शन किया गया है। इसके तहत दो विमान पर अभी यह ब्रांडिंग की गयी है और इसके माध्यम से कंपनी के अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता वाली दवाओं का प्रचार प्रसार करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भारतीय बाज़ार में 120 डीएमएफ गुणवत्ता की एपीआई दवाएं पेश कर चुकी है और इस वर्ष के अंत तक इसकी संख्या बढ़ाकर 200 करने की तैयारी है। उन्होंने कहा मैनकाइंड फार्मा में हम आधुनिक हेल्थकेयर समाधानों के माध्यम से लोगों के जीवन में सुधार लाने के लिए प्रयासरत रहे हैं। हमारा उद्देश्य अन्तर्राष्ट्रीय गुणवत्ता की एपीआई को सभी के लिए उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए कंपनी ने पैकिंग और दवा की पैकिंग में भी बदलाव किया है। इस मौके पर स्पाइसजेट के मुख्य बिजनेस अधिकारी देबोजो महर्षि ने कहा कि मैनकाइंड के साथ एक बार फिर से उनके साथ साझेदारी करते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है। दो बोइंग 737 विमानों को मैनकाइंड के प्रतीक से सजाया गया है।


### डीजीसीए ने 57 एयरपोर्ट्स पर एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स के लिए नए नियम लागू किए

**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने गुरुवार से अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप, 57 एयरपोर्ट्स पर एयर ट्रैफिक सर्विस में लगे एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स (एटीसीओ) के लिए वाच ड्यूटी टाइम लिमिटेशन और बाकी जरूरतों के संबंध में नये नियम लागू कर दिए हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा कि हितधारकों के साथ निकट समन्वय में नियामक के ठोस प्रयासों के कारण नियमों को लागू करना विमानन सुरक्षा के उच्चतम स्तर को सुनिश्चित करने की डीजीसीए की प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अधिकारी ने कहा, यह नागरिक उड्डयन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सुधार है और एयर ट्रैफिक सर्विस के प्रावधान में संलग्न रहते हुए एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स को पर्याप्त आराम प्रदान करेगा। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स के लिए ड्यूटी के अधिकतम घंटे और आराम के न्यूनतम घंटे तय किए गए हैं। डीजीसीए के अनुसार, मानदंड आईसीएओ नियमों और देश के राष्ट्रीय, सामाजिक तथा सांस्कृतिक संदर्भों पर आधारित हैं, जो एटीसीओ के लिए वैज्ञानिक रूप से मान्य तथा उचित कामकाजी समय से जुड़े हुए हैं।

## फेड रिजर्व के ऊंची ब्याज दर के संकेत से बाहार में हाहाकार

**मुंबई** 21 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के लंबे समय तक ब्याज की दर ऊंची बने रहने के संकेत से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर चौतरफा बिकवाली करने से शेयर बाजार में आज भी हाहाकार रहा।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 570.60 अंक अर्थात 0.85 प्रतिशत का गोता लगाकर 66230.24 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 159.05 अंक यानी 0.8 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19742.35 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.99 प्रतिशत टूटकर 31,992.41 अंक और स्मॉलकैप 0.98 प्रतिशत लुढ़ककर 37,043.75 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3793 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2337 में गिरावट जबकि 1317 में तेजी रही वहीं 139 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 34 कंपनियां लाल जबकि शेष 16 हरे निशान पर रही। बीएसई में टेक समूह की 0.06 प्रतिशत की बढ़त को छोड़कर शेष 19 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.75, सीडी 1.00, ऊर्जा 0.63, एफएमसीजी 0.58, वित्तीय सेवाएं 1.35, हेल्थकेयर 0.77, इंडस्ट्रियल्स 0.67, आईटी 0.07, दूरसंचार 0.60, यूटिलिटीज 0.97, ऑटो 1.58, बैंकिंग 1.75, कैपिटल गुड्स 0.53, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.42, धातु 0.73, तेल एवं गैस 0.30, पावर 0.90, रियल्टी 1.16 और सर्विसेज समूह के शेय 0.11 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.65, जर्मनी का डैक्स 1.11, जापान का निक्केई 1.37, हांगकांग का हैंगसेंग 1.29 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.77 प्रतिशत की गिरावट रही।




कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 192 अंक गिरकर 66,608.67 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर भी रहा। वहीं लगातार हुई बिकवाली से यह कारोबार के अंतिम चरण में 66,128.71 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 66,800.84 अंक के मुकाबले 0.85 प्रतिशत का गोता लगाकर 66,230.24 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 61 अंक टूटकर 19,840.55 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,848.75 अंक के उच्चतम जबकि 19,709.95 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,901.40 अंक की तुलना में 0.80 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19,742.35 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 24 कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सबसे अधिक 3.08 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही आईसीआईसीआई बैंक 2.81, एसबीआई 2.12, इंडसइंड बैंक 2.02, कोटक बैंक 1.89, टाटा मोटर्स 1.79, अल्ट्रासिमको 1.78, बजाज फिनसर्व 1.56, पावरग्रिड 1.42, एक्सिस बैंक 1.32, आईटीसी 1.24, एचसीएल टेक 1.17, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.10, एनटीपीसी 1.10, बजाज फाइनेंस 0.82, रिलायंस 0.74, एचडीएफसी बैंक 0.66, टीसीएस 0.63, नेस्ले इंडिया 0.60, मारुति 0.51, टाटा स्टील 0.39, सन फार्मा 0.37, विप्रो 0.28 और टाइटन के शेयर 0.15 प्रतिशत टूटे।

वहीं, टेक महिंद्रा 1.46, एशियन पेंट 0.83, इंफोसिस 0.80, भारती एयरटेल 0.78, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.29 और एलटी के शेयरों में 0.27 प्रतिशत की तेजी रही।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 41 रिंगिट गिरकर 3621 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.46 सेंट की गिरावट के साथ 58.83 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



**दाल-दलहन :** चना 6450-6550, दाल चना 7450-7550, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 10000-10100, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 10400-10500 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और **चावल** : 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3800-3900, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4300-4400 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

**खाद्य तेल :** सरसों तेल 13040 रुपये, मूंगफली तेल 20512 रुपये, सूरजमुखी तेल 12967 रुपये, सोया रिफाइंड 11721 रुपये, पाम ऑयल 8866 रुपये और वनस्पति तेल 10666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

### नेस्ले ने 100 साल से ज्यादा समय तक अवैध रूप से बोतलबंद किया झरने का पानी

**वाशिंगटन,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के जल नियामक ने कहा है कि पेय पदार्थ कॉर्पोरेट दिग्गज नेस्ले ने 100 वर्षों से अधिक समय से अवैध रूप से पहाड़ी झरनों से पानी निकाला और बोतलबंद किया है। बोतलबंद पानी एरोहेड ब्रांड के तहत बेचा जाता है, जो एक घरेलू ब्रांड है जिसके लेबल पर लिखा है 1894 से। नेस्ले ने 2021 में बोतलबंद पानी का कारोबार बेच दिया और नेस्ले वाटर्स नॉर्थ अमेरिका ने बाद में नए ब्रांड ब्लू ट्राइटन के तहत काम करना शुरू कर दिया। कैलिफ़ोर्निया प्रांत जल संसाधन नियंत्रण बोर्ड ने कंपनी को 1 नवंबर तक सैन बर्नार्डिनो पर्वत में अपने अधिकांश जल-संग्रह स्थलों से बोतलबंद करने के लिए पानी लेना बंद करने का आदेश दिया और बोर्ड में अपील करने के लिए 30 दिन का समय दिया है। एजेंसी के दस्तावेजों के अनुसार, बोर्ड ने नेस्ले वाटर्स नॉर्थ अमेरिका के खिलाफ व्यक्तियों और संगठनों से कई शिकायतें मिलने के साथ-साथ सैकड़ों लोगों द्वारा हस्ताक्षरित एक याचिका मिलने के बाद 2015 में जांच शुरू की थी।

## डीजीसीए ने स्टाफ की कमी की खबरों का किया खंडन

**नई दिल्ली,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने उन हालिया मीडिया रिपोर्टों को खारिज कर दिया है, जिनमें कहा गया था कि कर्मचारियों की कमी के कारण पायलट लाइसेंस जारी करने में देरी हो रही है।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने स्पष्ट किया कि प्रशिक्षित पायलटों के लिए लाइसेंस को आवेदन प्रसंस्करण का समय प्रस्तुत आवेदन की जटिलता के आधार पर भिन्न हो सकता है।

एक अधिकारी ने कहा, डीजीसीए द्वारा वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) जारी करने और रूपांतरण के लिए प्रकाशित सांकेतिक समय-सीमा क्रमशः 20 और 30 कार्य दिवस है। आवेदनों की संख्या में वृद्धि के बावजूद डीजीसीए सांकेतिक समयसीमा को पूरा कर रहा है। सीपीएल इश्यू और रूपांतरण के लिए 2023 के दौरान आवेदनों के लिए औसत समय सीमा 22 और 31 कार्य दिवस है।

डीजीसीए अधिकारी ने यह भी दावा किया कि वर्ष 2022 में जारी सीपीएल की कुल संख्या पिछले दशक में सबसे अधिक थी और इस साल सितंबर में यह संख्या पहले ही पार हो चुकी है।

अधिकारी ने कहा, 2023 में सीपीएल की संख्या अब तक जारी की गई सबसे अधिक होने की संभावना है। डीजीसीए मौजूदा जनशक्ति के साथ पिछले दो वर्षों (2022 और 2023) से रिकॉर्ड संख्या में लाइसेंस और रेटिंग जारी कर रहा है। जारी किए गए लाइसेंस और रेटिंग की संख्या में 2022 के पूरे वर्ष की तुलना में 31 अगस्त तक 45 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।



कर्मचारियों की कमी के दावों का खंडन करते हुए, डीजीसीए ने विभिन्न निदेशालयों में 228 पदों की स्वीकृत शक्ति का खुलासा करते हुए, अपनी परिचालन ताकत के बारे में जानकारी प्रदान की। डीजीसीए मुख्यालय में फ्लाइट क्रू लाइसेंसिंग निदेशालय के भीतर, 15 तकनीकी कर्मियों की स्वीकृत संख्या है, इनमें से 12 वर्तमान में सक्रिय पदों पर हैं।

डीजीसीए ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स लाइसेंसिंग और एयरोड्रम लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं के संबंध में कहा कि प्रसंस्करण समय में डीजीसीए अधिकारियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर आवेदक की प्रतिक्रिया का समय भी शामिल है।

एयरोड्रम लाइसेंसिंग विभाग के संबंध में, डीजीसीए ने संकेत दिया कि, नागरिक उड्डयन आवश्यकताओं के अनुसार, न्यूनतम प्रसंस्करण अवधि पूर्ण आवेदन और एयरोड्रम मैनुअल प्राप्त होने की तारीख से लगभग तीन महीने है।

लेकिन, यदि आवेदक टिप्पणियों या मुद्दों को संतोषजनक ढंग से संबोधित करने में विफल रहता है, तो यह समयसीमा बढ़ सकती है।

अधिकारी ने कहा, डीजीसीए ने पिछले छह महीनों में शिवमोग्गा हवाईअड्डे, राजकोट अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे और उत्केला हवाईअड्डे को एयरोड्रम लाइसेंस भी जारी किए हैं।

# खेल जगत

## भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले स्टीव स्मिथ की ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी

**मोहाली,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। टीम इंडिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई धाकड़ बल्लेबाज स्टीव स्मिथ चोट से ठीक होने के बाद टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। स्मिथ, कप्तान पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क इस सप्ताह भारत में ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम में शामिल हो गए हैं। साथ ही ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल भी वनडे विश्व कप की तैयारियों को तेज करने के लिए भारत के खिलाफ शुक्रवार की श्रृंखला के शुरूआती मैच से पहले टीम के साथ जल्द जुड़ जाएंगे। कलाई की चोट से उबरकर वापसी करने वाले आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने भारत के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व नेट पर दो घंटे बल्लेबाजी करने के बाद कहा कि उन्हें बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। क्रिकेट.कॉम.एयू ने स्मिथ के हवाले से कहा, इंजेक्शन लेने के कुछ दिन बाद मुझे अच्छा महसूस होने लगा। कैचिंग में दिक्कत थी, लेकिन अब अच्छा लग रहा है।



# अश्विन व सुंदर के लिए भारतीय टीम में दावेदारी का आखिरी मौका

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 21 सितंबर (देशबन्धु)। भारत के अनुभवी ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन और वाशिंगटन सुंदर के लिए मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने घर में तीन वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज करीब एक पखवाड़े के भीतर शुरू हो रहे आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप से पहले टीम के लिए अपनी दावेदारी पेश करने का आखिरी मौका है। दरअसल बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी सुपर 4 मैच में हाथ में चोट के चलते फिलहाल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू के दो वन डे से बाहर बाएं हाथ के स्पिनर ऑलराउंडर अक्षर पटेल के बाहर होने से ही अश्विन और सुंदर को वन डे विश्व कप में खेलने की उम्मीद जगी है। भारत यदि अश्विन और सुंदर दोनों को ही शुक्रवार को मोहाली में सीरीज के पहले और और फिर 24 सितंबर को इंदौर में दूसरे वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सपाट पिचों पर मौका देता है यह इन दोनों के लिए अग्नि परीक्षा साबित होने वाला है। यह वन डे सीरीज भारत और ऑस्ट्रेलिया के लिए वन डे विश्व कप से पहले अपने सभी विकल्पों को आजमाने का आखिरी मौका है। भारत को इस वन डे सीरीज में फिलहाल चोट से उबरने में जुटे ऑलराउंडर अक्षर पटेल और ऑस्ट्रेलिया को हाथ में फ्रैक्चर के कारण वन डे विश्व कप से बाहर विस्फोटक बल्लेबाज ट्रेविज हेड की कमी अखरेगी। दरअसल ऑलराउंडर अक्षर पटेल भारत के बल्लेबाजी में आठवें नंबर पर बड़ा विकल्प देते हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के लिए भारत की धरती पर वन डे विश्व कप से पहले यह तीन वन डे मैचों की सीरीज अपने सभी विकल्पों को आखिरी मौका है। भारत की टीम हाल ही में श्रीलंका को उसके घर एशिया कप फाइनल सहित अपने पिछले पांच मैच जीत कर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने उतरेगी और इससे उसके हौसले बेशक बुलंद होंगे। वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम दक्षिण अफ्रीका से उसके घर में शुरू के दो वन डे मैच जीतने के बाद आखिर के लगातार तीन मैच हार कर सीरीज





2-3 से हार कर भारत पहुंची है। शुरू के दोनों वन डे में नियमित कप्तान रोहित को आराम देने और चोट के बाद शतक के साथ एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ अहम सुपर 4 मैच में वापसी करने वाले केएल राहुल को कप्तान और उपकप्तान बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को खासतौर पर ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ यह सीरीज खुद को वन डे विश्व कप से पहले जेहनी तौर पर बेहतर ढंग से तैयार करने में मददगार होगी। रोहित शर्मा की अगुआई में भारत अपने घर में इस साल मार्च में मेहमान ऑस्ट्रेलिया से तीन वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज वानखेड़े स्टेडियम में पहला मैच पांच विकेट से जीतने के बावजूद 1-2 से हार गया और तब सूर्य कुमार यादव लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट हो गए थे और वह इसकी कसक मिटाने को बेताब होंगे। वहीं भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श तीन वन डे मैचों की सीरीज में दो अर्द्धशतक सहित सबसे ज्यादा 194 रन बनाकर मैन ऑफ द' सीरीज रहे थे। नियमित कप्तान रोहित शर्मा और विराट, ऑलराउंडर हार्दिक पांडया और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव को शुरू के दो वन डे



में आराम दिए जाने के कारण शुक्रवार को मोहाली में श्रेयस अय्यर और सूर्य कुमार यादव को भारत की एकादश में मौका मिलने की संभावना है। भारत की शुरू के दोनों वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में कप्तानी करने जा रहे कप्तान केएल राहुल और टीम प्रबंधन को यह बात जेहन में रखनी होगी कि ऑस्ट्रेलिया की टीम जब अंतिम बार मोहाली में 2019 में उसके खिलाफ वन डे में खेली थी तो उसने 359 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा कर जीत दर्ज की थी। भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी इस वन डे सीरीज में डेविड वॉर्नर, मिचेल मार्श, स्टीव स्मिथ व मरनस लबुशन पर निर्भर रहने वाली है। यह देखना दिलचस्प होगा कि ऑस्ट्रेलिया स्मिथ और लबुशेन को एक साथ एकादश में शामिल करने का रास्ता किस तरह तलाशता है।ऑस्ट्रेलिया को तेज गेंदबाज स्टार्क पहले मैच के लिए उपलब्ध नहीं है और ऐसे में तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन अथवा भारतीय मूल के ऑलराउंडर तनवीर सांगा में से किसी को एकादश में शामिल कर सकता है। कैमरून ग्रीन और मरकस स्टोइनस अनुभवी कप्तान पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के साथ बतौर तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया को पर्याप्त विकल्प देंगे। ये सभी तेज गेंदबाज लेग जम्पा के साथ मिलकर भारतीय बल्लेबाजों का इम्तिहान लेंगे। ऑस्ट्रेलिया के कई खिलाड़ी चोट के बाद वापसी कर टीम में लौटे हैं। ऑस्ट्रेलिया के नजरिए से ट्रेविज हेड के चोट से बाहर होने लेकिन नियमित कप्तान पैट कमिंस, स्टीव स्मिथ, मिचेल मार्श और ग्लेन मैक्सवेल का भारत के खिलाफ पहले वन डे से पहले फिट होना जरूर सुखद है। बस भारत के खिलाफ तीन वन डे मैचों की सीरीज में आस्ट्रेलिया यह जरूर देखना चाहेगा कि ये तीनों धुरंधर कितने मैच फिट है।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस साल के शुरू में भी वन डे क्रिकेट सीरीज खेली थी। अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह सीरीज वन डे विश्व कप से पहले आखिरी सीरीज होगी और इसमें वह भी अब जो भी बाकी थोड़े बहुत प्रयोग करना चाहता है जरूर करेगा। भारत के लिए यह वन डे सीरीज इसलिए अहम है क्योंकि वह अपने घर में वन डे विश्व कप में अपने अभियान का आगाज चेन्नै में आठ अक्टूबर को मैच से करेगा। भारत बतौर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर, वन डे में अब तक पैर जमाने में नाकाम सूर्य कुमार यादव तथा तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को वन डे विश्व कप के लिए टीम में होने से पहले जरूर आजमाना चाहेगा। यह दिलचस्प होगा कि क्या भारत जसप्रीत बुमराह और अब फिर से आईसीसी गेंदबाजी रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन चुके मोहम्मद सिराज में से किसी एक को बाहर रख कर शमी को भी वन डे विश्व कप के लिए मैच फिट रखने का दांव खेलेगा। भारत वन डे विश्व कप के लिए रिजर्व तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद शमी को दोनों को आजमाने के मकसद से एशिया कप में अपनी फिटनेस साबित कर चुके बुमराह और सिराज, दोनों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो वन डे मैचों के लिए बाहर रखने की बाबत सोच सकता है।

ऑस्ट्रेलिया वन डे विश्व कप के मद्देनजर अभी भी अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश की खोज में जुटा है। वहीं भारत की वन डे विश्व कप के लिए अंतिम एकादश लगभग तय है।

# श्रीधरन श्रीराम तकनीकी सलाहकार के रूप में बांग्लादेश टीम में लौटे

**ढाका,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर श्रीधरन श्रीराम आगामी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए टीम के तकनीकी सलाहकार के रूप में बांग्लादेश टीम में लौट आए हैं। श्रीराम 22 अगस्त से पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 वर्ल्ड कप तक बांग्लादेश टीम के साथ इस भूमिका में थे। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के लिए आठ वनडे खेलने वाले श्रीराम मुख्य टूर्नामेंट शुरू होने से पहले दो अभ्यास मैचों से पहले 27 सितंबर को गुवाहाटी में बांग्लादेश टीम में शामिल होंगे। श्रीराम इससे पहले छह साल तक ऑस्ट्रेलिया पुरुष टीम के स्पिन-गेंदबाजी कोच रहे थे।

रिपोर्ट में बीसीबी के क्रिकेट संचालन अध्यक्ष जलाल यूनुस के हवाले से कहा गया, श्रीराम तकनीकी सलाहकार के रूप में शामिल हुए हैं। हमें उनसे काफी तकनीकी सहायता मिलेगी। वह भारत के सभी विकेटों के बारे में जानते हैं। वह हमें मौसम की स्थिति के बारे में भी बता सकते हैं। हमारे बहुत कम खिलाड़ी भारत में खेले हैं, इसलिए उनका इनपुट काफी महत्वपूर्ण होगा। श्रीराम के संरक्षण में, बांग्लादेश ने 2022 पुरुष टी20 विश्व कप में दो गेम जीते और अपने आखिरी ग्रुप मैच तक सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में थे। टूर्नामेंट की समाप्ति के बाद, उन्होंने बांग्लादेश सेट-अप छोड़ दिया, जिसमें वह एकदिवसीय विश्व कप से पहले फिर से शामिल हो गए हैं और टीम निदेशक खालिद महमूद को रिपोर्ट करेंगे।

श्रीराम को हाल ही में स्टार स्पोर्ट्स



तमिल पर एशिया कप प्रसारण के लिए एक कमेंटेटर के रूप में देखा गया था, पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के साथ रहने के बाद, वह आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जाइंट्स में उनके सहायक कोच के रूप में शामिल हुए। उनके और महमूद के अलावा, बांग्लादेश के बैकरूम स्टाफ में मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघे, सहायक कोच निक पोथास, तेज गेंदबाजी कोच एलन डोनाल्ड, स्पिन-गेंदबाजी कोच रंगना हेराथ, फील्डिंग कोच शेन मैकडरमॉट और सहायक फील्डिंग कोच फैसल हुसैन शामिल हैं।

बांग्लादेश अपने 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप अभियान की शुरुआत 7 अक्टूबर को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा, इसके बाद 10 अक्टूबर को उसी स्थान पर गत चैंपियन इंग्लैंड का सामना करेगा।

## शरत कमल और मनिका बत्रा करेंगे भारत की टीटी टीम का नेतृत्व

**हांगझोऊ** 21 सितंबर (एजेंसियां)। शरत कमल और मनिका बत्रा के नेतृत्व में 10 सदस्यीय भारतीय टेबल टेनिस टीम एशियाई खेल 2023 में हिस्सा लेगी। टेबल टेनिस टूर्नामेंट 22 सितंबर से पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के हांगझोऊ में आयोजित किया जा रहा है।

टेबल टेनिस ने 1958 में महाद्वीपीय आयोजन के तीसरे संस्करण में एशियाई खेलों के इवेंट में अपनी जगह बनाई थी। उसके बाद से 1970 के संस्करण को छोड़कर हर संस्करण में इसे प्रदर्शित किया गया है।

हालांकि, एशियन गेम्स में टेबल टेनिस में पदक के लिए भारत का लंबा इंतजार साल 2018 में समाप्त हुआ, जहां शरत कमल और मनिका बत्रा ने जकार्ता में मिश्रित युगल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था। वहीं, एंथोनी अमलराज, हरमीत देसाई, साथियान गणानाशेखरन, मानव ठक्कर और शरत कमल ने पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

गोंगशू कैनाल स्पोर्ट्स पार्क जिम्नेजियम में एशियन गेम्स के 19वें संस्करण में सभी टेबल टेनिस मैचों का आयोजन किया जाएगा।

मिश्रित युगल फाइनल 30 सितंबर को खेला जाएगा, बाकी अन्य फाइनल मुकाबले एक अक्टूबर और दो अक्टूबर को आयोजित किए जाएंगे।

# ध्वजवाहक चुना मेरे लिए अत्यंत गौरव का क्षण : हरमनप्रीत

नई दिल्ली, 21 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हांगजू(चीन) में होने वाले 19 वे एशियाई खेलों में मुक्केबाज लवलिना बोरगोहन के साथ भारत के संयुक्त ध्वजवाहक चुने जाने बेहद खुश हैं। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार रात घोषणा की कि पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह जानी मानी मुक्केबाज लवलिना बोरगोहन के साथ एशियाई खेलों में शिरकत करने वाले 655 सदस्यीय भारतीय दल के संयुक्त ध्वजवाहक होंगे। हांगजू(चीन) में होने वाले 19 वें एशियाई खेलों में भारतीय दल का संयुक्त ध्वजवाहक चुने जाने पर खासे रोमांचित भारतीय पुरुष हॉकी टीम के हरमनप्रीत सिंह ने कहा, % मुक्केबाज लवलिना बोरगोहन के साथ हांगजू(चीन) में होने वाले 19 वें एशियाई खेलों में भारतीय दल का संयुक्त ध्वजवाहक चुना मेरे लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। मेरे लिए यह अपने देश भारत के लिए बड़े स्तर पर नुमाइंदगी का मौका है और मैं इस सम्मान के लिए वाकई अभिभूत हूं। मैं इस पर अपनी साथी ध्वजवाहक मुक्केबाज लवलिना



■ मैं देश के तिरंगे झंडे को एशियाई खेलों में अत्यंत गर्व व विनम्रता से साथ लेकर चलूंगा

बोरगोहन को भी बधाई देता हूं। मैं पूरे जोश और दृढ़ संकल्प के साथ भारतीय दल का नेतृत्व करने को बेताब हूं, जिसने अब तक निरंतर मेरे करियर में मुझे प्रेरित किया है। यह आयोजन हमारे भारत की एकता और विविधता का सुबूत है। मैं उम्मीद करता हूं मैं अपने देश के तिरंगे झंडे को एशियाई खेलों में अत्यंत गर्व और विनम्रता से साथ लेकर चलूंगा।' भारतीय पुरुष हॉकी के पूर्व कप्तान धनराज पिल्लै (1998, 2002), महिला हॉकी टीम की कप्तान ज्योति सुनीता कुल्लू(2006), निशानेबाज गगन नारंग (2010), सरदार सिंह (2014) और जेवलिन थ्रोअर विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा(2018) में एशियाई खेलों में भारत के ध्वज वाहक रह चुके हैं।दुनिया के सबसे खतरनाक ड्रैग फ्लिकर और मुस्तैद फुलबैक में से एक भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह दुनिया भर के हॉकी प्रेमियों को अपने कौशल का मुरीद बना चुके हैं और उन्हें 19 वें एशियाई खेलों में भारतीय दल का संयुक्त ध्वजवाहक घोषित किया जाना भारतीय हॉकीमें उनके उल्लेखनीय योगदान की मिसाल है। हरमनप्रीत सिंह टोक्यो ओलंपिक में सबसे ज्यादा छह गोल कर 41 बरस बाद हॉकी में कांसे के रूप में पहला पदक जीतने और इससे पहले आठ बार चैंपियन रही भारतीय हॉकी टीम के अहम सदस्य रहे थे। अभी हाल ही में बतौर कप्तान और ड्रैग हरमनप्रीत सिंह ने बेहतरीन प्रदर्शन कर भारत को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जिताने में अहम योगदान किया था।

# वर्ल्ड कप के बाद लोगों के बीच शुभमन गिल और ज्यादा चर्चा में रहेंगे : सुरेश रैना

**नई दिल्ली,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना का मानना है कि विश्व कप 2023 खत्म होने के बाद, क्रिकेट जगत में लोग युवा बल्लेबाज शुभमन गिल के बारे में और अधिक बात करेंगे। 2018 अंडर-19 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और ट्रॉफी पर कब्जा जमाने वाली भारतीय अंडर-19 टीम के स्टार शुभमन गिल, अब भारतीय क्रिकेट में बड़ा नाम हैं। जब से उन्हें टीम इंडिया में डेब्यू का मौका मिला है उनका बल्ला रनों का अंबार लगा रहा है। खासतौर पर वनडे में वो शानदार पारियां खेल रहे हैं। लगातार अच्छे प्रदर्शन के कारण ये बल्लेबाज पिछले डेढ़ साल से टीम का हिस्सा है। बेहतरीन फॉर्म के दम पर गिल को इस साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे मैचों के साथ-साथ घरेलू धरती पर विश्व कप के





लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। वह हाल ही में एशिया कप में अग्रणी रन-स्कोरर थे। उन्होंने पांच मैचों में 75.50 की औसत और 93.50 की स्ट्राइक-रेट से 302 रन बनाए। हालांकि, एशिया कप से पहले वो वेस्टइंडीज दौरे पर फ्लॉप रहे थे जिसके कारण वो काफी ट्रोल भी हुए लेकिन एशिया कप में उनकी शानदार बल्लेबाजी ने आलोचकों के मुंह पर ताला लगा दिया। रैना ने जियो सिनेमा पर कहा, वह विश्व कप में सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ियों में से एक होगा। मुझे पता है कि वह सुपरस्टार और अगला विराट कोहली बनना चाहता है। वह पहले से ही इस ट्रैक पर है और इस विश्व कप के बाद हम उसके बारे में अधिक बार बात करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को मोहाली के पीसीए स्टेडियम में होने वाला वनडे मैच में यह पहली बार होगा जब गिल अपने घरेलू मैदान पर कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेंगे। भारत की 2011 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रैना को लगता है कि गिल वही कर सकते हैं जो कप्तान रोहित शर्मा ने 2019 में बल्ले से किया था, जहां वह प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे।

## ओलंपिक चैंपियन एश्टन ईटन बने दिल्ली हाफ मैराथन 2023 के इंटरनेशनल एम्बेसडर

**नई दिल्ली,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। दो बार के ओलंपिक चैंपियन और डेकाथलॉन इवेंट में दो बार 9,000 से अधिक अंक हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी एश्टन ईटन 15 अक्टूबर, 2023 को होने वाले दिल्ली हाफ मैराथन के अंतर्राष्ट्रीय इवेंट एम्बेसडर होंगे।

प्रोकैम इंटरनेशनल के संयुक्त प्रबंध निदेशक विवेक सिंह ने कहा, हम वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2023 में सर्वकालिक महान एथलीटों में से एक एश्टन ईटन को अपने बीच पाकर बहुत उत्साहित हैं। उनकी खेल उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं। उनकी उपस्थिति निश्चित रूप से हमारे सभी धावकों को प्रेरित करेगी और हम इससे बेहतर इंटरनेशनल इवेंट एम्बेसडर की उम्मीद नहीं कर सकते थे। एश्टन ईटन ने





लगातार ओलंपिक (2012 और 2016) में डेकाथलॉन इवेंट का गोल्ड जीता और एक विश्व रिकॉर्ड दर्ज किया। बड़ी बात यह है कि उन्होंने इसे छह साल तक कायम रखा, जब तक कि इसे फ्रांस के केविन मेयर ने नहीं तोड़ दिया।

ईटन ने डेकाथलॉन स्पर्धा में दो विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण (2013 और 2015) और 2011 विश्व चैंपियनशिप में एक रजत पदक भी जीता। उन्हें 2015 में आईएएएफ एथलीट ऑफ द ईयर भी नामित किया गया था। इसके अलावा, उन्होंने हेप्टाथलॉन इवेंट में भी अपनी काबिलियत साबित की है। ईटन ने 2012 में आईएएएफ वर्ल्ड इंडोर चैंपियनशिप में 6,645 अंकों के स्कोर के साथ अपना हेप्टाथलॉन विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्हें हेप्टाथलॉन इवेंट में तीन विश्व इंडोर चैंपियनशिप गोल्ड (2012, 2014 और 2016) का भी श्रेय दिया जाता है। उच्चतम स्तर पर अपनी उपलब्धियों से पहले, ईटन ने एक कॉलेजिएट ट्रैक-एंड-फील्ड एथलीट के रूप में दुनिया में तहलका मचा दिया था। उन्होंने पांच राष्ट्रीय कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन (एनसीएए) चैंपियनशिप जीती, जिनमें तीन डेकाथलॉन में और दो हेप्टाथलॉन स्पर्धाओं में दर्ज हैं।

# शैफाली और जेमिमा की तेज पारी, भारत की महिला क्रिकेट टीम सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा के तूफानी अर्द्धशतक की बदौलत शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत ने मलयेशिया के खिलाफ हांगजू(चीन) में एशियाई खेलों में महिला क्रिकेट के बारिश के कारण अधूरे बेनतीजा रहे क्वॉर्टर फाइनल में पनी उच्च वरीयता के चलते सेमीफाइनल में स्थान बना लिया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सेमीफाइनल में बांग्लादेश से मुकाबले की पूरी उम्मीद है। दो मैचों के प्रतिबंध के कारण भारत की नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर इस मैच से बाहर रही और कप्तानी की जिम्मेदारी स्मृति मंधाना ने संभाली।

शैफाली वर्मा (67 रन, 39 गेंद, पांच छक्के, चार चौके) की अपनी कप्तान अपनी सलामी जोड़ीदार स्मृति मंधाना (27 रन, 16 गेंद, 5 चौके)के साथ पहले विकेट की 57 तथा जेमिमा रॉड्रिग्ज (नॉटआउट 47 रन,29 गेंद, छह चौके) के साथ दूसरे विकेट की 86 रन की भागीदारी की बदौलत पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर बारिश के कारण 15-15ओवर के इस मैच में 15 ओवर में दो विकेट पर 173 रन बनाए। जवाब में मलयेशिया की पारी में जब भारत की तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकर ने दो ही गेंद फेंकी जा सकी थी तब फिर बारिश आ गई और अंपायरों ने क्वॉर्टर फाइनल मैच को यही अधूरा बेनतीजा समाप्त घोषित किया। तब





मलयेशिया ने बिना क्षति एक रन बनाया था। मलयेशिया की सलामी बल्लेबाज आइना हमीजा हाशिम एक रन बनाकर और कप्तान विनफ्राइड दुरईसिंघम बिना कोई रन बनाए अविजित रही।

भारत की कप्तान की जिम्मेदारी संभालने वाली सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के माहिरा इज्जती इस्माइल की गेंद को उड़ाने के प्रयास में ऑफ स्पिनर माहिरा इज्जती इस्माइल की गेंद को ऑफ स्टंप के उड़ाने के फेर में पांइट पर आइना को कैच थमाने से उनकी और शैफाली वर्मा की पहले विकेट की भागीदारी टूटी। शैफाली वर्मा लेग स्पिनर मास

■ बारिश के कारण मलयेशिया के खिलाफ क्वॉर्टर फाइनल अधूरा बेनतीजा खत्म

इलीसा की गुगली को पढ़ने से चूकी और एलबीडब्ल्यू आउट हो गई और भारत ने अपना दूसरा विकेट 143 रन पर खोया। विकेटकीपरन बल्लेबाज ऋचा घोष मात्र सात गेंद खेल एक छक्के और तीन चौकों की मदद से 21 रन बनाकर अविजित रही। भारत की बल्लेबाजों के सामने मलयेशिया की सभी गेंदबाज बेबस ही नजर आई।

ऋचा घोष ने मलयेशिया की तेज गेंदबाज मा एलिसा को निशाने पर ले उनके एक ओवर में एक छक्के और तीन चौकों सहित 18 बनाए। जेमिमा रॉड्रिग्ज द्वारा भारत की पारी के 13 वें ओवर में एलिसा की गेंद पर आड़े से लगाए तेज शॉट पर गेंद शैफाली वर्मा के कंधे पर लगी और तब फिजियो को मैदान पर आना पड़ा। शैफाली ने इसके बाद आगे बल्लेबाजी जरूर की लेकिन एलिसा की गेंद की लाइन चूकी और एलबीडब्ल्यू आउट हो गई। शैफाली वर्मा ने आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश में कई बार क्रीज छोड़ कर बाहर निकली और लांग ऑन और डीप मिडविकेट के बीच से कई खूबसरत शॉट खेले। शैफाली ने मलयेशिया की गेंदबाजों की फुलटॉस पर कई बेहतरीन खूबसरत चौके छक्के जड़े।

## सार संक्षेप

### काशी में अर्ध चंद्राकार स्टेडियम के अनोखे वास्तुशिल्प में डमरू, बेलपत्र और त्रिशूल की दिखेगी झलक

**वाराणसी।** काशी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भगवान शिव और काशी की झलक देखने को मिलेगी। पूर्वांचल के खेल प्रेमियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सौगात देने 23 सितंबर को काशी आ रहे हैं। 451 करोड़ के लागत से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनने से मैच देखने के साथ ही, इंटरनेशनल क्रिकेट का आधारभूत इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार होगा। इस परियोजना में योगी सरकार ने जमीन अधिग्रहण पर 121 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। जबकि, बीसीसीआई 330 करोड़ रुपये खर्च करके स्टेडियम का निर्माण कराएगा। स्टेडियम के निर्माण के लिए 121 करोड़ कीमत की 30.86 एकड़ जमीन यूपीसीए को पट्टे पर दिया गया है। वाराणसी के राजातालाब इलाके के गंजारी गांव में रिंग रोड के पास स्टेडियम लगभग 30 महीनों में बनकर तैयार हो जाएगा। 30 हजार दर्शकों की क्षमता वाले स्टेडियम में 7 पिच (प्रैक्टिस और मेन विकेट) के अलावा अत्याधुनिक स्टेडियम निर्माण होगा। स्टेडियम के दिसंबर 2025 तक बनकर तैयार होना संभावित है। स्टेडियम का आकार अर्ध चंद्राकार होगा, जिसमें लगी फ्लड लाइट्स त्रिशूल के आकार की होगी। बिल्डिंग में बेलपत्र की डिजाइन दिखेगा, वहीं डिजाइन में डमरू का आकर भी होगी। गंगा घाट की सीढ़ियों जैसी दर्शक दीर्घा होगी।

### भारत के खिलाफ मैच से पहले पैट कमिंस ने स्टार्क-मैक्सवेल पर दिया अपडेट

**मोहाली।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने गुरुवार को टीम कॉम्बिनेशन का हवाला देते हुए मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल की वापसी में देरी की पुष्टि की। दोनों खिलाड़ी शुक्रवार को भारत के खिलाफ मोहाली में होने वाले पहले मैच में नहीं खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों की श्रृंखला के लिए 18 सदस्यीय टीम के साथ भारत पहुंचा है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत दौरे के लिए स्टार्क और मैक्सवेल दोनों को अपनी टीम में शामिल किया है। गौरतलब है कि स्टार्क मोहाली में पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन में फिटनेस अभ्यास कर रहे थे। स्टार्क ने आखिरी वनडे मैच तब खेला था जब ऑस्ट्रेलिया ने इस साल की शुरुआत में मार्च में तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारत का दौरा किया था। जहां ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज 2-1 से जीती। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कमिंस ने कहा, हमें अलग-अलग चरणों में बहुत सारे लोग मिले हैं। मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं, मेरी कलाई अब ठीक हो गई है। उन्होंने कहा, खिलाड़ियों की एक लंबी सूची के बारे में सोचने की कोशिश कर रहा हूं।